दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी यूएस के कॉन्सल जनरल ने मंत्री सिंहदेव...
4 अभिव्यक्ति बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध का जीवन...
9 मनोरंजन/खेल क्वारंटाइन टाइम रसोई में बिता रही हैं जार्जिया...
11 व्यापार फैक्ट्रियों के लिए 4 लाख 61 हजार...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, गुरुवार 07 मई 2020, वैशाख पूर्णिमा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-27 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

शराब बिकवाने से भी अगर राज्य सरकारों की माली हालत नहीं सुधरती है तो जुआ, सट्टा, लॉटरी और डांस बार भी शुरू करा देने चाहिए। भले ही लोग कंगाल हो जाएं लेकिन सरकार का मालामाल होना जरूरी है। जब आर्थिक रूप से सक्षम होंगी सरकारें तभी तो कोरोना से लड़ेंगी सरकारें। सरकार को और अधिक राजस्व चाहिए तो वह लगे हाथ शराब को राष्ट्रीय पेय, जुआ, सट्टा और लॉटरी को राष्ट्रीय खेल तथा डांस बार को राष्ट्रीय मनोरंजन घोषित कर दें। शराब ठेकेदारों, जुआं, सट्टा और लॉटरी संचालको को शासन की बागडोर सौंप दें तो सोने पर सुहागा हो जाएं।

रंग लाई नवप्रदेश की पहल : नवोदय के विद्यार्थियों की हुई वापसी

नव प्रदेश संवाददाता

- नवप्रदेश की खबर का हवाला देकर सांसद छाया वर्मा ने 26 अप्रैल को लिखा था केंद्रीय मंत्री को पत्र
- 27 को नवोदय विद्यालय समिति के कमिश्नर ने संबंधित कलेक्टरों को लिखा
- 30 अप्रैल को एचआरडी मिनिस्ट्री की सेक्रेटरी ने भी संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों को सहयोग का किया था आग्रह

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्थित नवोदय विद्यालयों के दूसरे राज्यों में व दूसरे राज्यों के नवोदय विद्यालयों के छत्तीसगढ़ में फंसे विद्यार्थियों के मुद्दे को लेकर नवप्रदेश में लगातार प्रकाशित खबरों को व्यापक असर हुआ है। अब इन विद्यार्थियों की वापसी इन मूल विद्यालयों में हो रही हैं। सूरजपुर नवोदय विद्यालय को छोड़कर राज्य के शेष सभी नवोदय विद्यालयों में फंसे विद्यार्थियों को उनके मूल विद्यालयों में भेजा जा चुका है तथा वहां से छत्तीसगढ़ के बच्चों की वापसी भी हो गई है। सूरजपुर के बच्चों को लाने के लिए भी बस रवाना हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि नवप्रदेश में प्रकाशित खबरों पर राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने संज्ञान लेते हुए 26 अप्रैल को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' को पत्र लिखा था। उन्होंने इन बच्चों की जल्द वापसी की व्यवस्था कराने का आग्रह किया था। इसके बाद नवोदय विद्यालय समिति के कमिश्नर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोटा ही क्यों, अन्य राज्यों में पढ़ने गए नाबालिग छात्रों की कौन लेगा सुध?

नवप्रदेश की खबर का असर : सांसद छाया वर्मा ने नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों की वापसी के लिए एचआरडी मिनिस्टर को लिखा पत्र

कोटा से छात्रों की घर वापसी

4 मई की रात को पहुंचे रायपुर के बच्चे

रायपुर के मानाकैंप स्थित नवोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री पाणी ने बताया कि उनके विद्यालय के बच्चे 4 मई की रात को यहां पहुंचे हैं। सभी को ऐहतियातन 14 दिन के लिए विद्यालय में ही रखा गया। उन्होंने कहा कि बच्चों कि वापसी के लिए हम तो प्रयास कर ही रहे थे, लेकिन इनमें नवप्रदेश ने नई ताकत जोड़ दी।

नवप्रदेश का शुक्रिया : साहू

सूरजपुर नवोदय विद्यालय में ठहरे असम के बच्चों को लेकर बस बुधवार को निकल गई। असम से भी छत्तीसगढ़ के बच्चे आ रहे हैं। बिहार में इनका एक्सचेंज होगा। 8 या 9 को सूरजपुर के बच्चे आ जाएंगे। नवप्रदेश को इन बच्चों की चिंता करने के लिए दिल से शुक्रिया।

पीके साहू, प्राचार्य नवोदय विद्यालय, सूरजपुर

सीएम भूपेश और एचएम साहू की ऐसी सहमति की एक तीर से किए दो शिकार

शराब और कोरोना पर हर हफ्ते दो दिन की तालाबंदी

नवप्रदेश संवाददाता

- इस माह के सभी शनिवार व रविवार को राज्य में रहेगा लॉकडाउन
- सब्जी, दूध, चिकित्सा सहित अन्य अत्यावश्यक सेवाएं ही रहेंगी चालू

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ आपसी सहमति से ऐसा फैसला लिया है जिससे ना सिर्फ कोरोना संक्रमण बल्कि विपक्षी दलों के हमले भी लॉकडाउन हो जाएं। वायरस (कोविड-19) से बचाव हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के सुझाव को सहमति प्रदान कर दी है, जिसमें उन्होंने प्रदेश में मई महिने के सभी शनिवार और रविवार को प्रदेश में लॉकडाउन करने का सुझाव दिया है। चालू मई महिने के सभी शनिवार और रविवार को अब पूरे प्रदेश में लॉकडाउन रहेगा। मुख्यमंत्री बघेल ने इस लॉकडाउन में सिर्फ सब्जी, दूध, चिकित्सा सहित अन्य अत्यावश्यक सेवाओं को ही चालू रखने को कहा है। यानी शौकीन इन दो दिन शराब की खरीदी नहीं कर पाएंगे। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा यह अहम कदम उठाया गया है। जिसके तहत अब पूरे मई महिने के शनिवार और रविवार के दिन प्रदेश में लॉकडाउन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सूबे में दो दिन ड्राय डे का बेबाक फैसला

पहली बार ऐसा होगा जब अनुमति के बाद भी राज्य में दो सबसे अहम दिन यानी शनिवार व रविवार को शराब बिक्री नहीं होगी। पूर्ण लॉकडाउन के फैसले की अहम वजह थी संक्रमण व वायरस से निपटना। लेकिन इस बेबाक फैसले व दूरदर्शिता की वजह से ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तत्काल गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की सलाह को मान लिए। जाहिर है शनिवार और रविवार वीक एंड होता है और इस दिन शराब की बिक्री व सेवन भी आम दिनों से ज्यादा होता है।

शॉप का टाइम और वाइन का रेट पहले ही बदला

शराब दुकान खोलने के फैसले के दूसरे दिन ही राज्य सरकार ने मंत्रियों की बैठक में फौरी तौर पर निर्णय लेते हुए वाइन शॉप के तय वक्त को कम कर दिया था। लॉकडाउन के पूरे 43 दिन बाद खुली शराब दुकान का जो वक्त सुबह 8 से देर शाम 7 बजे का तय किया गया था। उसमें परिवर्तन कर वक्त दो घंटे कम कर दिया है। साथ ही शराब की कीमत में भी आंशिक बदलाव कर मंशा साफ कर दी है कि शराबबंदी के लिए हर उपाय होंगे। इसमें लॉकडाउन के बहाने दो खास दिनों में दुकान बंद करने का फैसला इसी परिप्रेक्ष्य में माना जा सकता है।

पहले दिन 2,300 लोग आएंगे स्वदेश

नई दिल्ली/वार्ता। विदेशों में फंसे भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए गुरुवार से शुरू हो रहे मिशन के पहले दिन 10 उड़ानों में करीब 2,300 यात्रियों की वतन वापसी होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 मई गुरुवार को सरकारी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया सात और उसकी सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस तीन उड़ानों का परिचालन करेगी। इनमें लगभग 2,300 लोगों को लाये जाने की योजना है। बोर्डिंग से पहले हर यात्री की स्क्रीनिंग की जायेगी और जिनमें कोविड-19 के लक्षण होंगे उन्हें टिकट होने के बावजूद विमान में सवार होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

हिजबुल कमांडर नायकू समेत चार आतंकी ढेर

- पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

श्रीनगर/नवप्रदेश। दक्षिण-कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडर रियाज नायकू समेत चार आतंकवादी मारे गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर अवंतीपुरा के बेगपोरा में मंगलवार की रात घेराबंदी एवं तलाश अभियान शुरू किया गया। बुधवार सुबह आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हुयी। मारे गये आतंकवादियों में से एक की पहचान हिजबुल के वांछित अभियान कमांडर रियाज नायकू के रूप में की गयी है। इस बीच, कश्मीर घाटी में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) सहित सभी सेलुलर कंपनियों की मोबाइल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सार्वजनिक परिवहन की शुरुआत जल्द

कुछ जरूरी गाइडलाइन के साथ होगी सेवा की शुरुआत : गडकरी

नई दिल्ली। कोरोना वायरस संकट के बीच सरकार ने सार्वजनिक परिवहन को जल्द शुरू करने के संकेत दिए। सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्रांसपोर्टरों को आश्वासन देते हुए कहा कि 24 मार्च को पहली बार लॉकडाउन की घोषणा के बाद से बंद पड़े पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ऑपरेशन जल्द शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच विश्वास पैदा करने के लिए परिवहन एवं राजमार्गों को खोलना जनता के बीच विश्वास पैदा करने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। इसके साथ ही, गडकरी ने कहा कि कुछ गाइडलाइंस के साथ जल्द सार्वजनिक परिवहन की शुरुआत हो जाएगी। नितिन गडकरी बस एंड कार ऑपरेटर्स ऑफइंडिया के सदस्यों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अच्छी खबर

50 बार धोकर पहना जा सकने वाला मास्क बना

नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली, ने कोरोना से लड़ने के लिए एक सस्ता और अत्यधिक कारगर मास्क बनाया है जिसका दोबारा इस्तेमाल भी किया जा सकता है। आईआईटी टेक्सटाइल विभाग के स्टार्टअप के तहत यह मास्क बनाया गया है जो एंटी माइक्रोबेरियल मास्क है। इस मास्क को धोकर 50 बार इस्तेमाल किया जा सकता है। दो मास्क की कीमत 299 रुपये है जबकि चार मास्क की कीमत 598 रुपये है। आईआईटी की पूर्व छात्रा एवं नैनो सलूशन कम्पनी की अनुसूइया राय और आईआईटी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना अपडेट

देश	कंफर्म केस	मौत
भारत	49852	1704
अमेरिका	1240411	72449
ब्रिटेन	194990	29427
इटली	213013	29315
स्पेन	253682	25857
फ्रांस	170551	25531
बेल्जियम	50781	8339
ब्राजील	116299	7966
जर्मनी	167372	6993
ईरान	101650	6418
नीदरलैंड	41319	5204
कनाडा	62046	4043
टर्की	129491	3520
स्वीडन	23918	2941
मैक्सिको	26025	2507
स्वीट्जरलैंड	30060	1795

शेयर बाजार

संसेक्स- 31685.75
निफ्टी- 9270.90
गोल्ड- 45408 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 41842 (1 कि ग्रा.)

17 मई के बाद क्या कदम उठा रहा केंद्र

- कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम के साथ की चर्चा

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि तीसरे चरण का लॉकडाउन समाप्त होने के बाद सरकार इस मसले पर क्या रणनीति अपना रही है इसका उसे खुलासा करना चाहिए। गांधी ने बुधवार को कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कोराना वायरस और लॉकडाउन के बाद की स्थिति पर विचार विमर्श किया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए। इस दौरान सोनिया ने कहा कि केंद्र सरकार को बताना चाहिए कि 17 मई के बाद क्या स्थिति होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लॉकडाउन को मापने के लिए क्या मापदंड अपना रही है और वह इस बारे में 17 मई के बाद क्या और कैसी नीति अपना रही है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गांधी का समर्थन किया और कहा कि अब यह जानने की आवश्यकता है कि तीसरे चरण का लॉकडाउन खत्म होने के बाद क्या होगा।

अबूझमाड़ की झाड़ू से साफ होगी दिल्ली

नवप्रदेश संवाददाता

- वनांचल स्थित महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संग्रहित एवं प्रसंस्कृत वन उत्पादों की बढ़ रही पहुंच

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वनांचल स्थित महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संग्रहित एवं प्रसंस्कृत वन उत्पादों की पहुंच और धमक आज देश की राजधानी दिल्ली तक हो गई है। अबुझमाड़ में बनीं करीब 35 हजार झाड़ू की खेप बुधवार को दिल्ली को सप्लाई कर दी गई। बता दें कि नारायणपुर के आदिवासी ग्रामीण परम्परागत रूप से फूलझाड़ू का निर्माण करते रहे हैं, किन्तु किसी प्रकार की शासकीय सहायता एवं मार्गदर्शन प्राप्त न होने के कारण इन वन उत्पादों का उचित मूल्य उन्हें प्राप्त नहीं हो रहा था। विगत वर्ष राज्य लघु वनोपज संघ के निर्देश पर जिला यूनियन नारायणपुर द्वारा ओरछा जैसे अबुझमाड़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम की तीन महिला स्व-सहायता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

86 हजार से ज्यादा झाड़ू बना चुकीं महिलाएं

मां जगदम्बा स्व-सहायता समूह द्वारा नारायणपुर में जिला यूनियन द्वारा भण्डारण एवं प्रसंस्करण हेतु उपलब्ध कराए गए स्थान पर पाइप और केन झाड़ू का निर्माण किया जा रहा है। समूह के सदस्यों द्वारा अब तक 86 हजार 460 झाड़ू का निर्माण किया जा चुका है। स्थानीय बाजार में किया जा रहा विक्रय पर्याप्त नहीं होने के कारण राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा विक्रय के लिए बाजार उपलब्ध कराया गया है, जिसके तहत नाफेड नई दिल्ली से 35 हजार नग झाड़ू का आर्डर प्राप्त हुआ था, जिसकी पूर्ति संजीवनी मार्ट कांकेर के माध्यम से बुधवार को की गई है। इस प्रकार एकमुश्त 35 हजार झाड़ू, जिसका विक्रय मूल्य 11.90 लाख रुपए है, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायपुर में बरसे मेघ छग में आज फिर बारिश के आसार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य में कहीं-कहीं एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदलता दिखाई दे रहा है। बुधवार की दोपहर राजधानी में अचाक तेज बारिश हुई। तो वहीं गुरुवार को छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने अथवा आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो एक चक्रीय चक्रवाती घेरा 0.9 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। यह चक्रवाती सिस्टम पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार के ऊपर बना हुआ है। एक दूसरा चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्वी विदर्भ और उसके आसपास के इलाकों पर बना हुआ है। एक द्रोणिका भी बनी हुई है जो कि 0.9 किमी की ऊंचाई पर पूर्वी विदर्भ से लेकर तमिलनाडुं तक बनी हुई है। इस सिस्टम व द्रोणिका के प्रभाव से गुरुवार 7 मई को छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बौछारों ने दिलाई गर्मी से राहत

राजधानी में बुधवार दोपहर बाद अचानक हुई तेज बारिश से शहर तरबतर हो गया। वहीं तेज हवाओं के चलते शहर के कई इलाकों में कमजोर पेड़-पौधे गिर गए। करीब आधे घंटे तक हुई तेज बारिश से अधिकतम तापमान में भी कमी दर्ज की गई है वहीं गर्मी से बेहाल लोगों ने राहत की सांस ली है।

गरमा-गरम

कोरोना अमेरिकी दवा कंपनी ने कहा- टीके ने नहीं किया काम तो उपलब्ध होगा दूसरा एंटीबॉडी उपचार

अमेरिका में स्थानीय रोगियों पर वैक्सीन का ट्रायल शुरू

नई दिल्ली/ ए.। अमेरिकी फार्मास्युटिकल दिग्गज फाइजर इंक ने कोरोना (काविड19) के अपने प्रयोगात्मक वैक्सीन का पहले अमेरिकी रोगियों पर परीक्षण शुरू किया है। साथ ही रेजेनरॉन फार्मास्यूटिकल्स ने कहा कि इसके काम न करने पर एक अन्य एंटीबॉडी उपचार उपलब्ध हो सकता है। ये दवा जून में पहली बार मनुष्यों में अध्ययन के लिए उपलब्ध होगी। गिलियड साइंसेज इंक दुनिया भर में उपयोग के लिए अपने वायरस उपचार के विनिर्माण का विस्तार करने के लिए काम कर रहा है। फाइजर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अल्बर्ट बोरला ने एक बयान में कहा कि चार महीने से भी कम समय में हम प्रीक्लिनिकल स्टडीज से मानवों पर परीक्षण कर सकेंगे। पूरी दुनिया कोरोना वायरस संकट से इस वक्त ■ शेष पृष्ठ 8 पर

...और इधर भारत का हाल कुछ वैक्सीन ट्रायल को तैयार

इधर, भारत में 30 से अधिक वैक्सीन विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इनमें कुछ ट्रायल के लिए तैयार हैं। यह जानकारी विशेषज्ञों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी। बता दें कि पीएम मोदी ने कोरोना वायरस टीका विकास पर मंगलवार को एक कार्यबल की बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस का टीका विकसित करने, औषधि खोज, रोग-निदान और परीक्षण में भारत के प्रयासों की मौजूदा स्थिति की मंगलवार को समीक्षा की।

कोरबा के युवा नेता ने खुद पर ट्रायल की पेशकश की

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व संयोजक एवं युवा भाजपा नेता बद्री अग्रवाल ने कोरोना संकट की इस घड़ी में एक प्रेरक पहल की ओर कदम बढ़ाया है। उन्होंने खुद के शरीर पर कोरोना वैक्सीन का ट्रायल कराने की पेशकश की है। बद्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को पत्र लिख ट्वीट तथा ईमेल कर वैक्सीन ट्रायल के लिए अपने शरीर के पेशकश की है। इस संबंध के पत्र उन्होंने जिला अपर कलेक्टर संजय अग्रवाल को दिए हैं। अगर कोरोना वायरस की दवाई के प्रयोग के लिए प्रदेश के चिकित्सकों को मानव शरीर की आवश्यकता है तो मैं इसके लिए तैयार हूं, यदि वैक्सीन का प्रयोग सफल रहता है तो हमारे चिकित्सक लाखों लोगों का जीवन बचाने में सफल हो सकेंगे। उन्होंने आगे लिखा- 'मानव हित के लिए इससे बड़ा परोपकार और कोई नहीं हो सकता। मैं वैक्सीन का मेरे शरीर पर परीक्षण करने की सहमति प्रदान करता हूं। इस दौरान मेरी जान भी चली जाती है तो भी मुझे इसका कोई गम नहीं है।'

कोरोना से विश्व में 36.62 लाख संक्रमित, 2.57 लाख मौत

बीजिंग/जिनेवा/नयी दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और इससे विश्वभर के 187 देशों एवं क्षेत्रों में अब तक 257239 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 3662691 लोग संक्रमित हुए हैं।

भारत में भी कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश के 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस संक्रमण से अब तक 49391 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 1694 लोगों की मौत हुई है। देश में अब तक 14183 लोग इसके संक्रमण से पूरी तरह ठीक भी हो चुके हैं। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी किए गये आंकड़ों के मुताबिक

अमेरिका में कोरोना वायरस से दुनिया में सर्वाधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा यहां सबसे अधिक मौतें भी हुई हैं। विश्व की महाशक्ति माने-जाने वाले अमेरिका में इस जानलेवा विषाणु से अब तक 12 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 71064 लोगों की मौत हो चुकी है।

यूरोप में गंभीर रूप से प्रभावित देश इटली में इस महामारी के कारण अब तक 29315 लोगों की मौत हुई है और अब तक 213013 लोग इससे संक्रमित हुए हैं। स्पेन कोविड-19 के संक्रमण से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों की सूची में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर है। यहां अब तक 219329 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं और 25613 लोगों की इसके कारण मृत्यु हो चुकी है।चीन में अब तक 83968 लोग संक्रमित हुए हैं और 4637 लोगों की मृत्यु हुई है। इस वायरस को लेकर तैयार की गयी एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन में हुई मौत के 80 प्रतिशत मामले 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के थे। कोरोना वायरस से संक्रमण और मौत के मामले में यूरोपीय देश फ्रांस और जर्मनी में भी हालात काफी खराब हैं। फ्रांस में अब तक 170687 लोग संक्रमित हुए हैं और 25537 लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी में कोरोना वायरस से 167007 लोग संक्रमित हुए हैं और 6993 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा ब्रिटेन में भी हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। यहां अब तक इस महामारी से 196243 लोग प्रभावित हुए हैं और अब तक 29501 लोगों की इसके कारण मौत हो चुकी है। तुर्की में कोरोना संक्रमितों की संख्या 129491 हो गयी है तथा इससे अब तक 3520 लोगों की मौत हुई है।

व्हाइट हाउस अर्थव्यवस्था खोलने वाले समूह का गठन करेगा-ट्रंप

वाशिंगटन (स्पूतनिक)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि व्हाइट हाउस कोरोना वायरस टास्क फोर्स के स्थान पर अर्थव्यवस्था खोलने वाले समूह का गठन करेगा। श्री ट्रंप ने कहा, जहां तक टास्क फोर्स का सवाल है उप राष्ट्रपति माइक पेंस और टास्क फोर्स ने बहुत अच्छा काम किया है, लेकिन अब हम थोड़ा अलग तरह से देख रहे हैं। सुरक्षित ओपनिंग के लिये हमे अलग से एक समूह का गठन करना होगा। श्री ट्रंप ने कहा कि श्री पेंस की अध्यक्षता वाली टास्क फोर्स ने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर कोरोना वायरस की शुरुआत से देश का प्रभावी तरह मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने एबीसी न्यूज को बताया कि यह संभव है कि अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने के फलस्वरूप कुछ मौतें होगी। उन्होंने कहा, क्या चल रहा है, इस पर एक नजर रखे उन्होंने कहा, लोग अपनी नौकरी खो रहे हैं।

यूएस: छह सप्ताह में बढ़ी बेरोजगारी दर: क्लेरिडा

वाशिंगटन (स्पूतनिक)। अमेरिका के फेडरल रिजर्व के उपाध्यक्ष रिचर्ड क्लेरिडा ने कहा कि कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रकोप के कारण देश में पिछले छह सप्ताह में बेरोजगारी की दर में इजाफा हुआ है और यह 1940 के स्तर पर पहुंच गई है। श्री क्लोरिडा ने मंगलवार को कहा, हम सबसे गंभीर संकुचन गतिविधि और बेरोजगारी के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश बेरोजगारी की दर 1940 के स्तर पर पहुंच गई है। श्रम विभाग ने कहा कि देश में पहली बार पिछले छह सप्ताहों के दौरान 3 लाख लोग बेरोजगार हुये है। श्री क्लोरिडा ने कहा कि देश में जल्द ही बेरोजगारी की दर में और अधिक इजाफा होने वाला है। यह वायरस के कारण अर्थव्यवस्था परिदृश्यों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से बाजार खुलने और लोगों के काम पर लौटने से अर्थव्यवस्था में प्रतिक्षेप हो सकता है।

डेमोक्रेटिक पार्टी का न्यूयॉर्क प्राइमरी चुनाव रद्द करना असंवैधानिक: अमेरिकी जज

नई दिल्ली ए.। अमेरिका में एक जज ने फैसला सुनाया है कि देश के राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव 23 जून को होने चाहिए, क्योंकि इन्हें रद्द करना असंवैधानिक होगा। जज ने कहा कि प्राइमरी चुनाव रद्द करना डेमोक्रेटिक कन्वेंशन में बर्नी सैंडर्स और एंड्रियू यंग को उचित प्रतिनिधित्व से वंचित करेगा। सैंडर्स और यंग ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने के लिए अपनी मुहिम निलंबित कर दी है। सैंडर्स और यंग के वकीलों ने सोमवार को दलील दी कि यदि प्राइमरी चुनाव नहीं हुए तो उनके मुवक्किलों को अपूरणीय क्षति होगी। इसके बाद मैनहट्टन में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज एनालिसा टोरेस ने यह फैसला सुनाया।जज ने कहा कि प्राइमरी से पहले यह सोचने के लिए पर्याप्त समय है कि इसका आयोजन सुरक्षित तरीके से किस प्रकार कराया जाए। उन्होंने स्वीकार किया कि जिस कारण से इसे रद्द किया गया है, वह राज्य में हित से जुड़ा अहम मामला है, लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि वह इस बात से असहमत हैं कि यह कारण अधिकारों के उल्लंघन को न्यायोचित ठहराता है।

पेट्रोल,डीजल के दाम बढ़ाना अन्याय

नयी दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल तथा डीजल की कीमतें क्रमशः 10 और 13 प्रति लीटर बढाने के सरकार के फैसले को अन्यायपूर्ण और 'आर्थिक राष्ट्रद्रोह' करार देते हुए बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस से लड़ रही देश की जनता के हित में यह फैसला तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। श्री गांधी ने ट्वीट किया कोरोना वायरस से जारी लड़ाई हमारे करोड़ों भाइयों और बहनों के लिए गंभीर आर्थिक कठिनाई का कारण बन रही है। इस समय, कीमतें कम करने के बजाय, पेट्रोल और डीजल पर 10-13 रुपए प्रति लीटर कर बढ़ाने का सरकार का निर्णय अनुचित है और इसे वापस लिया जाना चाहिए। बाद में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीपसिंह सुरजेवाला ने

संवाददाता सम्मेलन में कहा अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में गिरावट का लाभ 130 करोड़ देशवासियों को देने के बजाए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कल रात के अंधेरे में लगभग 12 बजे एक बार फिर पेट्रोल और डीज़ल पर क्रमशः 10 रुपए और 13 रुपए प्रति लीटर का अतिरिक्त टैक्स लगा दिया।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीज़ल पर निर्दयी तरीके से यह कर लगा कर सरकार मुनाफाखोरी कर रही है और विपदा की इस घड़ी में पेट्रोल-डीज़ल पर टैक्स लगाकर देशवासियों की गाढ़ी कमाई को लूट कर 'आर्थिक देशद्रोह' कर रही है। इस महामारी के गंभीर संकट में पूरी दुनिया की सरकारें जनता की जेब में पैसा डाल रही हैं लेकिन भाजपा सरकार देशवासियों से मुनाफाखोरी और जबरन वसूली की हर रोज नयी मिसाल पेश कर रही है। प्रवक्ता ने कहा कि ?14 मार्च को सरकार ने पेट्रोल तथा डीज़ल पर 3 रुपए का कर लगाया था और 10 और 13 रुपए बढा दिए है। उन्होंने कहा 14 मार्च से चार मई के बीच 48 दिन में मोदी सरकार ने डीज़ल पर 16 रुपए प्रति लीटर टैक्स तथा पेट्रोल पर 13 रुपए प्रति लीटर टैक्स लगा दिया।

दिल्ली एसजीपीसी ने दिग्विजय के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की

नयी दिल्ली (वार्ता)। सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) दिल्ली ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में फंसे सिख श्रद्धालुओं की तुलना तब्लीगी जमात से करने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत करके मामला दर्ज करने की मांग की है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने ट्वीट कर नांदेड में फंसे सिख श्रद्धालुओं की तुलना तब्लीगी जमात से की थी। सिख समुदाय ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। ऐसी रिपोर्ट हैं कि नांदेड से सिख श्रद्धालुओं को पंजाब लाने पर इनमें बड़ी संख्या में कोरोना वायरस पॉजिटिव पाये गए हैं। इसके बाद पंजाब में वायरस संक्रमितों की संख्या में इजाफा हुआ था। कमेटी के दिल्ली अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने श्री सिंह के बयान पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा यह भावनाएं भड़काने की ओछी राजनीति है। उन्होंने कहा की नांदेड़ से महाराष्ट्र सरकार ने सिख श्रद्धालुओं को भेजा था यह कोई वहां से भागे नहीं हैं लेकिन कांग्रेस नेता ने सिख समाज की गलत छवि पेश की है।

कभी गणित का टीचर रहा हिज्बुल कमांडर नायकू अब था आतंकियों का रोल मॉडल

बुरहान वानी के बाद कश्मीर में आतंक का सबसे बड़ा चेहरा

श्रीनगर ए.। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंक के पोस्टर ब्यॉय और हिज्बुल मुजाहिद्दीन के जम्मू कश्मीर चीफ रियाज नायकू को बुधवार को ढेर कर दिया। कई पुलिसकर्मियों और नागरिकों की हत्या का जिम्मेदार नायकू मोस्ट-वांटेड आतंकवादी था और उसके सिर पर 12 लाख रुपए का इनामी घोषित था। पुलवामा में हुए एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने उसे मार गिराया। वह जिस घर में था उसे आईईडी से उड़ा दिया गया।

सुरक्षाकर्मी 8 वर्षों से नायकू की इसकी तलाश कर रहे थे। नायकू दक्षिण कश्मीर के शोपियां में तीन बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो चुका था, लेकिन इस बार वह पुलवामा के बेगपुरा गांव में

घेर लिया गया था।

कभी गणित का टीचर रहा और पेंटिंग का शौकीन रहा नायकू करीब एक दशक पहले पाकिस्तान के प्रौपेगेंडा के झांसे में आकर आतंक की राह पर चल निकला। कुछ ही सालों में वह हिजबुल के प्रमुख आतंकियों में शामिल हो गया। बुरहान वानी की टीम का वह अहम सदस्य था। वानी के बाद वह कश्मीर में आतंकवाद का सबसे प्रमुख चेहरा बन गया था। घाटी में बुरहान वानी के खात्म के बाद रियाज नायकू यहां युवाओं को बरगलाता था और आतंकी तंजीमों में शामिल करता था। 2016-17 तक वह मस्जिदों में जाकर युवाओं को संबोधित करता था। फिर बाद में वह सोशल मीडिया के सहारे युवाओं को आतंक की राह पर धकेलने लगा। दक्षिणी कश्मीर के छह जिलों में नायकू की बड़ी पैठ थी। जम्मू-कश्मीर के कई पुलिसकर्मियों की हत्या के पीछे नायकू का ही हाथ था। नायकू पाकिस्तान में हिज्बुल के मुखिया सैयद सलाउद्दीन का करीबी बताया जाता था। 2016 में बुरहान वानी के मारे जाने के बाद नायकू कश्मीर में आतंक का सबसे बड़ा चेहरा बन गया। टेकनॉलजी की अच्छी समझ रखने वाला नायकू हिजबुल में शामिल होने से पहले स्कूली बच्चों को गणित का ट्यूशन पढ़ाया करता था।

कांस्टेबल की अचानक मौत, कोरोना संक्रमण की आशंका

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली पुलिस के एक जवान की ड्यूटी के दौरान अचानक तबियत बिगड़ने के कारण मौत हो गई जिसकी पहचान अमित कुमार (31) के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि कल ड्यूटी के दौरान अचानक अमित की तबियत खराब हो गई। इसके बाद उन्हें दीप चंद बंधु अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। यहां पर उनकी कोरोना की जांच की गई और डॉक्टरों ने कुछ दवाइयां भी दी। उन्होंने कहा कि शाम को दोबारा से अमित की तबियत फिर से बिगड़ी ओर उन्हें इस बार सांस लेने में तकलीफ होनी लगी। उसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। अमित भारत नगर थाने में कांस्?टेबल के पद पर तैनात थे। कोरोना की जांच के लिए सैंपल लेकर भेज दिया गया है और जांच रिपोर्ट आना बाकी है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि उसे कोरोना था या नहीं।

कोरोना संकट के बीच कर्नाटक सरकार का ऐलान

ड्राइवरों और नाइयों को मिलेंगे 5 हजार रुपये

नई दिल्ली ए.। कोरोना वायरस संकट के बीच कर्नाटक की येदियुरप्पा सरकार ने बुधवार को बड़ा ऐलान किया है। मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने राज्य के ड्राइवरों और नाइयों को पांच-पांच हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की। राज्य के लगभग 7,75,000 ड्राइवरों और 2,30,000 नाइयों को लाभ मिलेगा।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने कहा, 'कोरोना के चलते राज्य सरकार 1610 करोड़ रुपये का वित्तीय पैकेज जारी कर रही है।' उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने लगभग एक लाख लोगों को 3500 बसों और ट्रेनों से उनके घर वापस भेजा है। उन्होंने कहा, 'मैंने प्रवासी श्रमिकों से प्रदेश में रहने की अपील की है क्योंकि निर्माण कार्य अब फिर से शुरू हो गया है।' आपको बता दें कि कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सरकार ने इसकी रोकथाम के लिए मार्च के आखिरी से लॉकडाउन लागू कर रखा है। हालांकि, चार मई से तीसरे चरण में कई तरह की रियायतें दी गई हैं। वहीं, कर्नाटक में अभी तक कोरोना के 671 पॉजिटिव मामले सामने आ चुके हैं। इसमें से 331 लोग ठीक हुए हैं, जबकि 29 लोगों की मौत हुई है।

महबूबा की हिरासत अवधि को बढ़ाना प्रतिशोध की भावना से प्रेरित : उमर

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष

महबूबा मुफ्ती की हिरासत अवधि को तीन महीने के लिए बढ़ाए जाने के फैसले का विरोध जताते हुए इसे अविश्वसनीय, क्रूर और बदले की भावना से प्रेरित बताया है। श्री अब्दुल्ला ने इस फैसले को लेकर केन्द्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि केन्द्र को जम्मू-कश्मीर में मित्र बनाने की जरुरत है लेकिन वह इसके विपरित काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वह केन्द्र के इस फैसले के तर्क को समझ नहीं पा रहे हैं और उन्हें यह केवल बदले की कार्रवाई से प्रेरित प्रतीत हो रहा है और कुछ नहीं। श्री अब्दुल्ला ने ट्विटर पर लिखा, महबूबा मुफ्ती की हिरासत अवधि को बढ़ाने का फैसला अविश्वसनीय, क्रूर और प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है।

69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफ

हाईकोर्ट ने कट ऑफ बढ़ाने सरकार के फैसले को सही माना

लखनऊ ए.। उत्तर प्रदेश में 69,000 सहायक शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफहो गया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने योगी सरकार को राहत देते हुए उसके कट ऑफ बढ़ाने के फैसले को सही बताया और तीन महीने के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया है। बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक स्कूलों में 69 हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए पिछले साल 6 जनवरी को लिखित परीक्षा हुई थी। भर्ती परीक्षा के बाद राज्य सरकार ने सामान्य वर्ग के लिए 65त्न और आरक्षित वर्ग के लिए 60% कट ऑफ तय किया था और यह मामला हाई कोर्ट में चला गया था। इससे पहले एकल बेंच ने सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45त्न और आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए

40% कट ऑफ तय करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया था, जिसके खिलाफ सरकार डबल बेंच में गई थी। राज्य सरकार समेत अन्य अभ्यर्थियों की विशेष अपीलों पर अदालत ने इस साल 3 मार्च को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। कोर्ट के इस फैसले का प्रदेश के कुल 4 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों को इंतजार था।

ब्वॉयज लॉकर रूम स्कैंडल : सुप्रीम कोर्ट में लेटर पिटिशन

नयी दिल्ली (वार्ता)। सोशल नेटवर्किंग साइट 'इंस्टाग्राम' पर महिलाओं के खिलाफ अश्लील और आपत्तिजनक बातें करने तथा पोस्ट डालने वाले एक समूह के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया है। उच्चतम न्यायालय के तीन वकीलों ने सेक्रेट्री जनरल को पत्र लिखकर 'ब्वॉयज लॉकर रूम' समूह के सदस्यों द्वारा महिलाओं के खिलाफकी जा रही अश्लील बातें और गंदे पोस्ट का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड आनंद वर्मा, वकील कौस्तुभ प्रकाश और शुभांगी जैन ने लेटर पिटिशन डालकर न्यायालय से इस स्कैंडल का संज्ञान लेने तथा ज्यादातर ग्यारहवीं और बारहवीं में पढ़ रहे इन नाबालिगों की काउंसलिंग करने का अनुरोध किया है। पत्र याचिका में कहा गया है कि यह मामला न केवल निजता से जुड़ा है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा से भी जुड़ा है। इसलिए इसमें शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करते हुए सुनवाई करनी चाहिए। ब्वॉयज लॉकर रूम इंस्टाग्राम पर एक ग्रुप है जिसे नाबालिग बच्चें चला रहे हैं। ये बच्चे दिल्ली के नामी स्कूलों के हैं। इसमें नाबालिग लड़कियों की आपत्तिजनक तस्वीरें और गुप्त बातें शेयर की जा रही हैं।

चीन का युद्धाभ्यास, अमेरिका के फाइटर जेट भी तैयार

वॉशिंगटन/पेइचिंग ए.। साउथ चाइना सी को लेकर दुनिया की दो महाशक्तियों चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। एक तरफ अमेरिका ने आरोप लगाया है कि चीन की सेना दक्षिण चीन सागर में आक्रामक व्यवहार कर रही है, वहीं चीन का आरोप है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को देखते हुए डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन माहौल को भड़काने में लगा है। बढ़ते तनाव के बीच चीन के जंगी जहाजों ने युद्ध का लाइव अभ्यास किया है। इस बीच अमेरिका ने अलास्का में अपने ब्रह्मास्त्र कहे जाने वाले F-35 फाइटर जेट को अलर्ट मोड में तैयार कर रखा है। चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने मंगलवार को कहा कि चीन की सेना दक्षिण चीन सागर में आक्रामक रूख अपना रही है। उन्होंने कहा कि 'चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी' ने कोरोना वायरस को लेकर उस पर लग रहे आरोपों से ध्यान भटकाने और अपनी छवि को सुधारने के लिए झूठी सूचनाएं फैलाने का अभियान तेज कर दिया है।

साउथ चाइना सी में बढ़ा सैन्य तनाव

'दक्षिण चीन सागर में पीएलए का आक्रामक व्यवहार'

एस्पर ने पेंटागन में संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी ने आरोपों से ध्यान भटकाने और अपनी छवि सुधारने के लिए गलत सूचनाएं फैलाने का अपना अभियान तेज कर दिया है। इसके साथ ही हम दक्षिण चीन सागर में पीएलए (पीपल्स लिबरनेशन आर्मी) का आक्रामक व्यवहार लगातार देख रहे हैं। फिलीपीन के नौसैन्य पोत को धमकाने, मछलियां पकड़ने वाली वियतनाम की नौका डुबाने और अन्य देशों को अपतटीय तेल एवं गैस संबंधी गतिविधियों को लेकर डराने-धमकाने के मामले इसी व्यवहार को दर्शाते हैं। एस्पर ने कहा कि कई देश वैश्विक महामारी के कारण अपने आंतरिक मामलों से जूझ रहे हैं और इसी बीच अमेरिका के रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी अपने लाभ की खातिर दूसरों की कीमत पर इस संकट का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि चीन कोरोना वायरस को लेकर शुरुआत से ही पारदर्शी नहीं रहा है। एस्पर ने कहा कि यदि चीन अधिक पारदर्शी रहा होता तो 'हम इस वायरस को समझ सकते थे' और संभवतः दुनिया इस स्थिति में नहीं होती, जिस हालात में वह इस समय है।

चीन का साउथ चाइन सी में लाइव युद्धाभ्यास

चीन के विमानवाहक पोत, जंगी जहाजों और लड़ाकू हवाई जहाजों ने युद्ध का लाइव अभ्यास किया है। चीन की सेना ने कहा है कि वह अमेरिका के साथ किसी भी युद्ध के लिए तैयार हैं। चीन के सबमैरिन का खात्मा करने वाले विमानों ने भी दक्षिण चीन सागर में अपनी गश्त बढ़ा दी है। चीन ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब अमेरिका लगातार इस इलाके में अपने सैन्य जहाजों को भेज रहा है। अमेरिकी निगरानी विमान भी इलाके में नियमित दौरा कर रहे हैं।

अमेरिका बोला- दक्षिण चीन सागर में आपकी हरकतों पर है हमारी नजर

एजेंसी,वाशिंगटन। *कोरोना वायरस को लेकर अमेरिका का चीन पर हमलावर रूख जारी है। अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने मंगलवार को कहा कि चीन की सेना दक्षिण चीन सागर में आक्रामक रवैया अपना रही है और 'चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी' ने कोरोना वायरस को लेकर उस पर लग रहे आरोपों से ध्यान भटकाने और अपनी छवि को सुधारने के लिए झूठी सूचनाएं फैलाने का अभियान तेज कर दिया है। एस्पर ने पेंटागन में संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी ने आरोपों से ध्यान भटकाने और अपनी छवि सुधारने के लिए गलत सूचनाएं फैलाने का अपना अभियान तेज कर दिया है। इसके साथ ही हम दक्षिण चीन सागर में पीएलए (पीपल्स लिबरनेशन आर्मी) का आक्रामक व्यवहार लगातार देख रहे हैं। फिलीपीन के नौसैन्य पोत को धमकाने, मछलियां पकड़ने वाली वियतनाम की नौका डुबाने और अन्य देशों को अपतटीय तेल एवं गैस संबंधी गतिविधियों को लेकर डराने-धमकाने के मामले इसी व्यवहार को दर्शाते हैं। एस्पर ने कहा कि कई देश वैश्विक महामारी के कारण अपने आंतरिक मामलों से जूझ रहे हैं और इसी बीच अमेरिका के रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी अपने लाभ की खातिर दूसरों की कीमत पर इस संकट का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि चीन कोरोना वायरस को लेकर शुरुआत से ही पारदर्शी नहीं रहा है। एस्पर ने कहा कि अगर चीन अधिक पारदर्शी रहा होता तो हम इस वायरस को समझ सकते थे और संभवतः दुनिया इस स्थिति में नहीं होती, जिस हालात में वह इस समय है। उन्होंने कहा कि चीन को अमेरिका को इस बीमारी के शुरुआती मरीजों, चीनी अनुसंधानकर्ताओं और वैज्ञानिकों से बात करने और उन तक पहुंच की अनुमति देनी चाहिए। एस्पर ने कहा , 'उसने (चीन) जो कुछ भी किया या वह जो कुछ भी करने में असफल रहा, उसके बाद अब वह यह कहना चाहता है कि हमारे पास मास्क हैं।*

यूएस के कॉन्सल जनरल ने मंत्री सिंहदेव से की चर्चा

■ प्रदेश में कोविड–19 की स्थिति और अर्थव्यवस्था की ली जानकारी

■ श्री सिंहदेव ने कोविड–19 नियंत्रण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए किए जा रहे उपायों की दी जानकारी

■ कंसुलेट के अधिकारियों को नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना के बारे में भी विस्तार से बताया

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुंबई स्थित अमेरिका के वाणिज्यिक दूतावास के कॉन्सल जनरल डेविड जे. रॉज ने आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव से चर्चा कर प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति और इसके नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। अमेरिकी दूतावास के राजनीतिक-आर्थिक विभाग के अधिकारी श्री रॉबर्ट पॉलसन होजर ने भी श्री सिंहदेव से चर्चा कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी ली।

स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने अमेरिकी कॉन्सल जनरल को बताया कि छत्तीसगढ़ में जनवरी माह से ही कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गई थी। प्रदेश में अभी कोरोना वायरस की आरटी-पीसीआर जांच चार लैब में हो रही है। शुरूआती दौर में केवल एम्स में ही इसकी सुविधा थी। ज्यादा से ज्यादा लोगों की जांच के लिए पूल टेस्टिंग भी की जा रही है। राज्य शासन द्वारा 75 हजार आरडी किट की खरीदी कर बेहतर सर्विलांस सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों की

वापसी के बाद प्रदेश को ज्यादा चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ज्यादा से ज्यादा संसाधन जुटाकर, सतर्कता और सावधानी से इस कठिन समय में कोविड-19 से पार पाने हम एकजुट होकर सभी विभागों से समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं।

श्री सिंहदेव ने बताया कि कोविड-19 संक्रमितों के इलाज के लिए प्रदेश के अनेक चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक संसाधन जुटाकर करीब आठ हजार बिस्तर तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित 36 मरीज उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। भारत सरकार से भी लगातार चर्चा और समन्वय कर प्रदेश के लिए संसाधन जुटाए जा रहे हैं। कोविड-19 के नियंत्रण के लिए राज्य और केंद्र सरकार एक दूसरे की मदद कर रही हैं।

अमेरिकी कॉन्सल जनरल श्री डेविड जे. रॉज द्वारा लॉक-डाउन अवधि में अर्थव्यस्था को गति देने किए जा रहे कार्यों के बारे में पूछने पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री सिंहदेव ने बताया कि मनरेगा के साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आजीविका संवर्धन के कार्य अभी प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। इससे लाखों की संख्या में रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। गांवों में लोगों की क्रयशक्ति बढ़ी है। ग्रामीण अर्थव्यस्था को मजबूत करने राज्य सरकार नरवा, गरवा, घुरवा, बारी जैसी महत्वाकांक्षी योजना संचालित कर रही है। इससे कृषि के लिए बेहतर जैविक संसाधन और गांवों में रोजगार के मौके बढ़ाने में सहायता मिल रही है।

■ न्यूज गैलरी

कंटेन्मेंट क्षेत्र में आदेश का उल्लंघन, प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रायपुर द्वारा आमानाका क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में सभी कार्यालय, दुकानें इत्यादि पूर्णतः बंद रहेंगे। लोगों को मेडिकल कारणों के अलावा किसी अन्य कारण से बाहर निकलने की अनुमति नही होगी। कलेक्टर डॉ एस भारती दासन द्वारा उक्त क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की होम डिलीवरी हेतु वेबसाइट का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की गई है। कन्टेनमेंट क्षेत्र में जारी आदेश अन्य किसी भी प्राधिकारी के आदेश अथवा निर्देश को ओवरराइड करेंगे। प्राचार्य शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय द्वारा कन्टेनमेंट क्षेत्र घोषित होने की जानकारी होने के बावजूद महाविद्यालय को खोला गया और सभी स्टाफ को महाविद्यालय आने हेतु निर्देशित किया गया, जो जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन है। इस अनुशासनहीनता के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डी एन वर्मा के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

राज्यपाल ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर दी शुभकामनाएं

रायपुर। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि भगवान बुद्ध ने प्रेम, करूणा एवं अहिंसा की भावना को सर्वोपरि मानते हुए पूरे विश्व को नई राह दिखाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में भी भगवान बुद्ध की शिक्षा प्रासंगिक है। इस समय आवश्यकता है कि समाज में सामाजिक सद्भाव और बंधुत्व कायम रखने के लिए उनके आदर्शों को अपनाते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलें।

एमआईसी की बैठक कल

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय के तृतीय तल पर स्थित सभा कक्ष में नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक दिनांक 8 मई 2020 शुक्रवार को दोपहर 2 बजे रखी गई है।

चंगोराभाठा से अवैध ठेला सब्जी व्यापारियों को निगम ने हटाया

रायपुर। आज नगर निगम रायपुर के जोन 5 नगर निवेष विभाग द्वारा जोन क्षेत्र में चंगोराभाठा में रिंगरोड के समीप साइंस कालेज मैदान के जिला प्रषासन द्वारा घोषित कंटेंमेंट जोन एरिया से चंगोराभाठा पहुंचकर अवैध रूप से बाजार लगाकर व्यवसायरत लगभग 80 सब्जी, फ्ल व्यवसायियों को सडक पर से अवैध बाजार तत्काल हटाकर खदेडा।

भाठागांव शराब दुकान के विरोध में उतरे कांग्रेसी पार्षद

■ स्थानीय लोगों के साथ, बड़ी संख्या में महिलाएं भी थी मौजूद

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश में लाकडाउन के तीसरे चरण में शराब दुकानों को खोले आज तीन दिन पूरे हो जाएंगे। शराब दुकानों में मदिराप्रेमियो कोरोना संक्रमण से बचने के लिए तमाम तरह के शोसल डिस्टेंसी का पॉलन करने के लिए नियम भी बनाए गए है, लेकिन बड़ी संख्या शराब खरीदने के लिए उपस्थित हो रहे मदिराप्रेमियो ने शोशल डिस्टेंसी का उल्लंघन करने की भी खबर सामने आई है।

राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के भाठागांव में बुधवार सुबह लोग भारी संख्या में एकत्र हुए हैं। स्थानीय लोगों के इस विरोध का अगुवाई वहां के स्थानीय कांग्रेस पार्टी के पार्षद सतनाम सिंह पानाग कर रहे है। विरोध वहां मौजूद शराब दुकान के खोले जाने का है। इस विरोध में भारी संख्या में महिलाए भी उपस्थित है । बताया जाता हैं कि भाठागांव शराब दुकान के आसपास 27 गाँव बसे हैं जिसके कारण लोगो को मार्ग से आने जाने में शराबियों की भीड़ के कारण खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।

ईधर मामले की सूचना मिलते ही मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों का आना शुरू हो गया। मौके पर पहुंची अबकारी विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों से सोशल डिस्टेसिंग शराब खरीदते समय पालन करने तथा सड़क पर इकट्ठा भीड़ को हटाने के लिए आश्वासन दिए। जिसके बाद वहां से लोगों की विरोध करने वाले भीड़ चली गई।

बाहर फंसे लोगों के लिए जल्द चलेगी ट्रेनें

■ रेलवे प्रशासन जल्द से जल्द तिथि तय कर चलाए ट्रेन, कांग्रस ने मांग दोहराया

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने मांग की है कि छत्तीसगढ़ के मजदूरों की घर वापसी के लिए ट्रेनों की तिथियों की घोषणा रेल मंत्रालय द्वारा जल्दी से जल्दी की जाये। छत्तीसगढ़ सरकार ने तो छत्तीसगढ़ से बाहर के प्रदेशों में फंसे राज्य के मजदूरों की घर वापसी के लिए अपनी ओर से किराया जमा करने की सहमति का पत्र रेलवे को दे भी दिया है

केंद्र सरकार ने मजदूरों की अपने अपने घर गांव अपने प्रदेश वापसी के लिए विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा तो कर दी लेकिन अभी तक छत्तीसगढ़ के मजदूरों के लिए देशभर से चलने वाली स्पेशल ट्रेनें

चलने की तिथियों की जानकारी केंद्र सरकार या रेलवे द्वारा नहीं दी गयी है । जबकि छत्तीसगढ़ सरकार देश की पहली सरकार है जिसने रेलवे को पत्र लिखकर ट्रेनों की आवश्यकता, संख्या बता दी है और अपनी तरफ से किराया देने की पेशकश भी कर दी थी। कांग्रेस पार्टी ने भी कहा है कि देश भर में मजदूरों को उनके घर गांव लौटने के लिए रेलवे द्वारा जो स्पेशल ट्रेन चलाई जाएंगी उनका किराया कांग्रेस पार्टी वहन करेगी। जरूरत छत्तीसगढ़ के मजदूरों की अपने प्रदेश वापसी के लिए ट्रेनें चलाने की है । यह काम छोटा काम नहीं है । झारखंड की ट्रेनें चल गई, मध्य प्रदेश की ट्रेनें कब चलेंगे इसकी सूचियां मध्य प्रदेश सरकार को बता दी गई लेकिन छत्तीसगढ़ के ट्रेनों की तिथियां अभी तक रेल मंत्रालय द्वारा नहीं बताई गई है। जबकि छत्तीसगढ़ सरकार बाहर के प्रदेशों में फंसे राज्य के मजदूरों की घर वापसी के लिए अपनी ओर से किराया जमा करने का सहमतिपत्र रेलवे को देने वाली देश की पहली राज्य सरकार है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि बाहर के प्रदेशों में फंसे छत्तीसगढ़ के मजदूर विगत 22 अप्रैल से खाली बैठे हैं और खाना राशन रहने और इलाज की तकलीफों का सामना कर रहे हैं। उनके पास की पूंजी समाप्त हो गई है। जो थोड़ी-बहुत मजदूरी करके कमाए गए पैसे थे वह भी समाप्त हो गए और बाहर के प्रदेशों में जो संक्रमण की स्थिति है उसे भी देखते हुए सब अपने घर वापस आना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने इन मजदूरों के आने पर इन्हें क्वॉरेंटाइन किए जाने की पूरी व्यवस्था कर ली है।

शहर में पीलिया से दो की मौत

रायपुर। राजधानी में एक ओर जहां कोविड-19 का खतरा लगातार बना हुआ है तो वहीं दूसरी ओर शहर में पीलिया का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। अब तक पीलिया के 722 मरीज सामने आ चुके हैं, वहीं 78 विभिन्न अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि शहर में पीलिया किस वजह से फैल रही है, इसका पता अभी तक नहीं चल पाया है।

रायपुर में पीलिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। राजधानी रायपुर सहित देश-प्रदेश में कोविड-19 का प्रकोप भी लगातार बना हुआ है। शहरवासी कोविड-19 से वैसे भी दहशत में हैं। शहर के कुकुरबेड़ा में कोरोना वायरस के नए संक्रमित मरीज मिलने के बाद से ही शहर में डर का माहौल बना हुआ है। इस बीच शहर में तेजी से पांव पसार रहे पीलिया ने शहरवासियों की मुसीबतें बढ़ा दी है। पीलिया से अब तक दो महिलाओं की मौत के बाद भी पीलिया फैलने के सही कारणों का पता नहीं लगाया जा सकता है। जबकि पीलिया की दस्तक के साथ ही कई इलाकों के पाईप लाइन तक बदल दिया गया। प्रभावित इलाकों में दवाईयों का छिड़काव, क्लोरिन युक्त पानी का वितरण, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के बाद भी पीलिया का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है।

प्रदेश के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में बनेंगे पक्के चबूतरे और शेड

■ मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्माण संबंधी जारी किए दिशा-निर्देश

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गत दिवस कृषि और सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान प्रदेश के धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले धान को बारिश से बचाने के लिए अभियान चलाकर पक्के चबूतरे और शेडों के निर्माण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मनरेगा से चबूतरों का निर्माण कराया जाए और मंडी बोर्ड से शेडों का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश के बाद मुख्य सचिव आर.पी.मंडल ने प्रदेश के धान उपार्जन केंद्रों में पक्के चबूतरो और शेड के निर्माण के लिए विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं जिसके तहत प्रदेश के सभी धान उपार्जन केंद्रों में जल्द ही पक्के चबूतरे और शेड निर्माण की प्रकिया शुरू हो जाएगी।

सड़क पर पड़ा मिला नोटो का बंडल पुलिस ने सेनेटाइजर कर जब्त किया

■ 50–50 रूपये के 1950 रूपये मिले

रायपुर। कोरोना महामारी के दौरान आज राजधानी रायपुर के शंकरनगर क्षेत्र में सड़क पर नोटों का एक बंडल मिला है जिसकी खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि पुलिस ने नोटों के बंडल को सेनेटाईजर कर जब्त करते हुए नोटों का बंडल यहां कैसे आया इसकी जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह खम्हारडीह थाना इलाके के शंकरनगर स्थित हरिशंकर स्कूल के पास नोटो का एक बंडल मिलने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने नोटों के बंडल को छूने से पहले से उसे सेनेटाईजर किया। बंडल में 50-50

रूपये के नोट कुल 1950 रूपये थे। सेनेटाइजर करने के बाद पुलिस ने नोटों को जब्त किया और इसका पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर नोटों का बंडल यहां आया कैसे। इसके लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है।

ज्ञात हो कि कोरोना वायरस को देश के कई राज्यों से ऐसी भी खबरें आ रही थी कि कई कोरोना संक्रमित लोग कोरोना वायरस को फैलाने के लिए नोटों पर थूक कर उसे फेंक रहे है। राजधानी रायपुर के अनुपम नगर क्षेत्र में भी कुछ दिनों पूर्व ऐसे ही 50 और 100 रूपये के नोट मिले थे। जिसे लेकर उस क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था। आज शंकरनगर इलाके में भी नोटों के बंडल मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

नया आरोप निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

मुकेश गुप्ता ने गरीबों के ईलाज के लिए मिली राशि से चुकाया था ट्रस्ट का कर्ज

■ तत्कालीन सरकार को भी लगाया तीन करोड़ का चूना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य के चर्चित निलंबित आईपीएस अफसर मुकेश गुप्ता की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ गई हैं। डा. मिकी मेहता मेमोरियल ट्रस्ट में हुई आर्थिक अनियमितता के मामले में श्री गुप्ता के खिलाफ अब सीधे धोखाधड़ी का अपराध दर्ज हुआ है। ताजा प्रकरण में गरीबों के बेहतर उपचार के नाम पर 3 करोड़ का अनुदान लिए जाने तथा इस राशि का उपयोग ट्रस्ट के कर्ज चुकाने में किए जाने की पुष्टि हुई है। यही नहीं मामले में बैंक सेटलमेंट के नाम पर भी एक बड़ी धांधली का पता चला है।

आवेदक मानिक मेहनता द्वारका नई दिल्ली द्वारा प्रेषित शिकायत की जांच पर उपरोक्त तथ्य पाया गया है। इसके बाद अब मुकेश गुप्ता की मुश्किलें फिर से बढ़ गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार आवेदक मानिक मेहता

की शिकायत पर प्रकरण की जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार आरोपी मुकेश गुप्ता आईपीएस (निलंबित डीजी छग), जयदेव गुप्ता प्रधान ट्रस्टी मिकी मेमोरियल ट्रस्ट विधानसभा रोड तथा डा. श्रीमती दीपशिखा अग्रवाल ट्रस्टी मिकी मेमोरियल ट्रस्ट व डायरेक्टर एमजीएम आई इंस्टीट्यूट व अन्य के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामले में डा. मिकी मेहता नेत्र रोग सर्जन एवं विशेषज्ञ की मृत्यु 07-09-2001 को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी। डा. मिकी की मृत्यु पश्चात मुकेश गुप्ता द्वारा उनके नाम पर चेरिटेबल ट्रस्ट बनाने की कल्पना की गई और डा. मिकी की माता श्रीमती श्यामा मेहताा नेहरू नगर भिलाई को ट्रस्ट का प्रमुख बनने कहा गया, जिस पर श्रीमती श्यामा मेहता ने साफ इंकार कर दिया।

ट्रस्ट पर एकाधिकार रखने पिता को बनाया प्रमुख ट्रस्टी

दिनांक 14 जनवरी 2002 को मुकेश गुप्ता ने अपने पिता जयदेव गुप्ता व अपने परिचितों को शामिल करते हुए ट्रस्ट बनाया औरर अपने पिता को ट्रस्ट का प्रमुख बनाया। ट्रस्ट की डीड में यह अधिकार रखा गया कि ट्रस्ट का प्रमुख ही कानूनी रूप से नया उत्तराधिकारी बना सकता है, जबकि बोर्ड के अन्य सदस्य इसमें कोई दखल नहीं दे सकते। इसका मुख्य उद्देश्य यही था कि पूरा ट्रस्ट मुकेश गुप्ता के एकाधिकार में ही रहे। ट्रस्ट के पंजीयन के बाद प्रधान ट्रस्टी द्वारा सार्वजनिक लोक न्यास अधिनियम 1951 के प्रावधानों का वर्षानुवर्ष खुला उल्लंघन करते हुए ट्रस्ट के ट्रस्टी परिवर्तन की सूचना आय-व्यय का लेखा जोखा, पंजीयक-शासन को न देकर अन्य आज्ञात्मक प्रावधानों का जानबूझकर खुला उल्लंघन किया गया ताकि ट्रस्ट के गोरखधंधे की जानकारी शासन से छिपी रहे।

शासन को लगाया 3 करोड़ का चूना

वर्ष 2004 में ट्रस्ट ने एमजीएम आई इंस्टीट्यूट का संचालन प्रारंभ कर दिया गया था। एमजीएम नेत्र संस्थान भावन को एसबीआई बैरनबाजार में बंधक रखकर अस्पताल हेतु चिकित्सा उपकरण खरीदने के लिए 3 करोड़ रूपए का टर्न लोक तथा 10 लाख का कैश क्रेडिट लोन ट्रस्ट द्वारा लिया गया था। दिनांक 13-09-2004 को लोन लेने के उपरांत अल्प अवधि में अप्रैल 2005 में ट्रस्ट का लोन एकाउंट अनियमित हो गया था। लोन प्रक्रिया में मुकेश गुप्ता आईपीएस का बिना सिकी अधिकार के बैंक में हस्तक्षेप किया गया। प्रभावशील पुलिस अधिकारी व शासकीय सेवा में रहते हुए री गुप्ता द्वारा ट्रस्ट का लोन एकाउंट अनियमित एवं एनपीए होने पर दिनांक 13-9-2006 को कई बार बैंक के अधिकारियों को आश्वस्त कराते रहे कि ट्रस्ट की आर्थिक स्थिति सुधर जाएगी एवं लोन एकाउंट नियमित होकर कर्ज अदायगी हो जाएगी। परंतु बैंक को समय पर न तो किश्त मिला और न ही लोन जमा हुआ। इस बीच बैंक ने स्पष्ट किया कि यदि दिसंबर 2007 तक ऋण-ब्याज की अदायगी प्रारंभ नहीं हुई तो ट्रस्ट के विरुद्ध वसूली कार्यवाही प्रारंभ होगी। इस बीच ट्रस्ट की आर्थिक स्थिति खराब होने के बाद ट्रस्ट ने राज्य शासन को प्रस्ताव दिया कि गरीब व आमजनों के साथ ही जरूरतमंदों को रियायती दर पर उचित व बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए एमजीएम आई इंस्टीट्यूट शासन का सहयोग करने तैयार है। यदि शासन आर्थिक सहयोग करे तो यह काम भी शुरू हो जाएगा, इससे शासकीय कर्मचारियों-अधिकारियों को भी लाभ मिलेगा। इसके बाद राज्य शासन ने आमजनों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ट्रस्ट को वर्ष 2006-07 में 2 करोड़ व वर्ष 2007-08 में एक करोड़ कुल 3 करोड़ रूपए एमजीएम को गरीबों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, आमजन तथा शासकीय कर्मचारियों को विशिष्ट चिकित्सा सुविधा का लाभ तथा मेडिकल स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण देने हेतु सशर्त अनुबंध के तहत उपलब्ध कराया था।

संक्रमित कंटेंमेंट जोन इलाके को किया गया निगम द्वारा सेनेटाइज

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। आज लगातार दूसरे दिन रायपुर नगर निगम के जोन -8 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निगम आयुक्त सौरभ कुमार के निर्देश पर जोन आयुक्त प्रवीण सिंह गहलोत, जोन कार्यपालन अभियंता राकेश गुप्ता एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानन्द साहू की उपस्थिति में जोन -8 के तहत आने वाले कुकुरबेडा में एवं आसपास के स्थानों में कोरोना वायरस संक्रमण से जन- जन की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कोरोना पॉजिटिव मरीज के पूरे घर को एवं कुकुरबेडा एरिया सहित पूरे कंटेंमेंट जोन एरिया को एन्टी कोरोना वायरस स्प्रै करवाने अभियान चलाकर सेनेटाइज किया। पूरे कुकुरबेडा सहित कंटेंमेंट जोन के सम्पूर्ण क्षेत्र में चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया।

नगर निगम अपर आयुक्त पुलक भट्टाचार्य ने बताया कि

रायपुर कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन के आदेशानुसार नगर निगम आयुक्त कुमार के निर्देश पर जनता की कोरोना वायरस संक्रमण से स्वास्थ्य रक्षा हेतु निगम स्वास्थ्य विभाग जोन -8 के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा घोषित कंटेंमेन्ट जोन के पूरे एरिया को कुकुरबेडा के साथ सेनेटाइज करने विगत दिवस सुबह एवं शाम को विशेष अभियान चलाया गया। इस क्रम में विगत दिवस संध्या कुकुरबेडा में सेनेटाइजेशन करने अभियान के साथ ही फागिंग अभियान चलाया गया, ततपष्चात आज भी सुबह निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुकुरबेडा सहित सम्पूर्ण कंटेंमेंट जोन क्षेत्र में एंटी कोरोना वायरस स्प्रे का सघन अभियान चलाया एवं नालो व नालियों के किनारे चूना व ब्लीचिंग पाउडर का सघन तरीके से छिडकाव करके पूरे कंटेंमेंट जोन एरिया को पुनः एक बार जन-जन की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह सेनेटाइज किया गया।

संपादकीय

एक और सर्जिकल स्ट्राइक जरूरी

आज एक ओर सारी दुनिया कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रही है वहीं दुसरी तरफ पड़ौसी देश पाकिस्तान भारत के साथ एक और जंग के लिए फड़फड़ा रहा है। सीमा पर तनाव बनाए रखने के लिए वह लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है और कश्मीर में अपने आतंकवादियों के जरिए अशांती फैलाने की भी कोशिश में लगा हुआ है। किन्तु भारतीय सेना की सतर्कता के चलते पाक के नापाक मंसूबे कामयाब नहीं हो पा रहे है। कश्मीर के हंदवाड़ा में सशक्तगर्दो ने भारतीय सैनिकों पर हमला किया जिसका मंहतोड़ जवाब दिया गया इस मुठभेड़ में एक करनल और एक मेजर सहित भारतीय सेना के पांच जवान शहीद हो गए। इसके बाद से कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ सेना ने अपना अभियान और तेज कर दिया है जिसके तहत एक खूंखार आतंकवादी के मारे जाने की खबर है किन्तु यह काफी नहीं है। हंदवाड़ा का हिसाब तभी बराबर होगा जब भारतीय सेना पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का सफाया करेंगी जो पाक अधिकृत कश्मीर में बैठकर भारत में घसपैठ की फिराक में है। सरकार को चाहिए कि वह सेना को एक और बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की अनुमति दें। पाकिस्तान जो भाषा समझता है उसी भाषा में उसे सबक सिखाया जाए। यदि पाकिस्तान एक और जंग के लिए मरा जा रहा है तो भारत को कोरोना काल में भी जंग से परहेज नहीं करना चाहिए, आखिर कब तक हम अपने वीर जवानों का शव गिनते रहेंगे। पाक प्रशिक्षित आतंकवादी भारतीय सेना के जवानों पर कायराना हमला करते रहे है। अब समय आ गया है कि इन आतंकवादियों का पूरी तरह सफाया किया जाए। इन आतंकवादियों को हिमायतियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही की जाए। पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों का प्रशिक्षण शिविर फिर से आबाद हो गया है। उन शिविरों को नेस्तनाबूद करने के लिए भारतीय सेना को सर्जिकल स्ट्राईक और एयर स्टाईक करने की खुली छूट दी जाए ताकि भारतीय सेना पाकिस्तान को करारा सबक सिखा सकें।

विचार

कोरोना के दौरान राक्षसी आतंक

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कोरोना महामारी से सारी दुनिया के साथ-साथ भारत और पाकिस्तान भी, दोनों ही परेशान हैं लेकिन इस भयंकर संकट के दौरान कश्मीर के हंडवाड़ा में जो आतंकवादी घटना हुई है, उससे अधिक शर्मनाक और दुखद क्या हो सकता है ? हमारे टीवी चैनल बता रहे हैं कि इन आतंकियों का सरगना हैदर भी मारा गया है और उसके साथ छिपा हुआ एक दूसरा आतंकी भी ढेर हो गया है लेकिन इस मुठभेड़ में भारत के पांच सैनिक मारे गए हैं। इनमें कर्नल आशुतोष शर्मा, मेजर अतुल सूद, नायक राकेश, लांस नायक दिनेश सिंह और पुलिस अफसर शकील काजी शहीद हो गए हैं। हमारे इन बहादुर सैनिकों के बलिदान पर सारा देश स्तब्ध और दुखी है। यह ठीक है कि इस मुठभेड़ में आतंकियों का एक बदनाम सरगना भी मारा गया है। इस पर भारत संतोष कर सकता है लेकिन भारत के समरशास्त्री पूछ रहे हैं कि पाकिस्तान की सरकार क्या कर रही है ? उसने अपने इस आतंकी पर काबू क्यों नहीं किया ? उसे इस संकट की घड़ी में भी आतंक फैलाने के लिए भारत भेज दिया गया ? हैदर नामक इस आतंकी सरगना की पहचान हो चुकी है। वह पाकिस्तानी है। वह लश्करे-तोइबा का है। हमारे कुछ पूर्व सैनिक इस घटना से इतने क्रुद्ध हैं कि वे मांग कर रहे हैं कि भारत इस वक्त पाकिस्तान को सबक सिखाए। उनका मानना है कि बातें बहुत हो चुकीं। अब मौका तलवार उठाने का है। लेकिन पाकिस्तान यह दावा कर सकता है कि हैदर से उसका कुछ लेना-देना नहीं है। यदि वह उसका नागरिक है तो भी आसिफजरदारी के शब्दों में वह 'नॉन-स्टेट एक्टर' है लेकिन पाकिस्तान इन आतंकियों की दो-टूक भर्त्सना क्यों नहीं कर सकता है ? क्या वह हिंसा के हथियार को रद्द कर सकता है ? क्या उसे इस तथ्य का अहसास नहीं हैं कि वह हजार साल भी हिंसा का सहारा लेता रहे तो भी उसकी इच्छा-पूर्ति नहीं हो पाएगी ? इन आतंकियों के चलते ही वह सारी दुनिया में बदनाम हो गया है। उसे कई विदेशी लोग गुण्डा-राज्य (रोग़ स्टेट) कहने लगे हैं। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संगठनों ने उसका टेंटुआ कस दिया है। अनाप-शनाप फौजी खर्च ने पाकिस्तान के आम आदमी की जिंदगी तबाह कर रखी है। कोरोना-संकट के दौरान ऐसी घटना का होना यह भी सिद्ध करता है कि ये आतंकी राक्षसी वृत्ति के लोग हैं।

टेक ज्ञान-

वोडाफोन रोज फ्री दे रहा 2 जीबी डेटा

नई दिल्ली। दिग्गज टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन एक बार फिर डबल डेटा ऑफर ले आई है। इसके तहत ग्राहकों को तीन प्रीपेड प्लान के साथ रोज 2 जीबी डेटा मुफ्त दिया जा रहा है। कंपनी के इस ऑफर का विज्ञापन वोडाफोन की वेबसाइट पर दिखाया जा रहा है। इससे पहले अप्रैल में वोडाफोन ने इस ऑफर को सिर्फ14 सर्कल्स तक सीमित कर दिया था। हालांकि अब इसे पूरे देश के ग्राहकों के लिए पेश किया गया है। कंपनी के तीन प्रीपेड प्लान में डबल डेटा ऑफर दिया जा रहा है। ये वोडाफोन के 299 रुपये, 449 रुपये और 699 रुपये वाले प्रीपेड प्लान हैं।

बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध का जीवन दर्शन

डॉ. हरीन्द्र मोहन शुक्ल

> धर्म पर आस्था स्थायी होता है लेकिन नियम और परंपराऐं परिवर्तनीय होती है, बोधिसत्व गौतम बुद्ध इसे जानते थे, इसीलिए उन्होंने यह व्यवस्था किया कि प्रत्येक सौ वर्षो पश्चात् पूरे विश्व के बौद्ध प्रतिनिधियों की एक विशाल सभा आयोजित किया जावे और उसमें अपने धर्म और धर्मानुयायियों की दशा और दिशा की मीमांसा कर जो दोष हैं उन्हें दूर करें तथा समयोपयोगी नवीन नियमों को प्रचलित किया जाए। 483 ईसा पूर्व 80 वर्ष की आयु में बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ। भगवान बुद्ध के जीवन में वैशाख पूर्णिमा का अद्भूत संयोग था। बुद्ध का जन्म, बुद्ध का बोधित्व अर्थात् ज्ञान प्राप्ति और बुद्ध का महापरिनिर्वाण अर्थात् देहत्याग तीनों वैशाख पूर्णिमा के दिन ही हुआ। उनके अंतिम वचन थे ''अप्पदिपोभवः'' अर्थात् अपना दीपक स्वयं बनो। वस्तुतः बुद्ध एक दर्शन है, और यह दर्शन पढ़ने समझनें का नहीं अनुकरण एवं आत्मसात करने का दर्शन है। बुद्ध मोक्ष का वह मार्ग है, जो दया, करूणा, त्याग, वैराग्य, स्नेह, मैत्री से आसिक्त है। ''बुद्धं शरणम् गच्छामी'' का नाद आज भी गुंजायमान है।

बुद्ध एक नाम नहीं है, बुद्ध का अर्थ है जागृत और अनंत ज्ञानी व्यक्ति। ध्यानस्थ और आत्मस्थ होकर स्वयं के प्रयासों से प्राप्त ज्ञान। बौद्ध धर्म भारत की श्रमण परम्परा से निकला धर्म और दर्शन है। यह दर्शन श्रम द्वारा मोक्ष प्राप्ति के मार्ग को मानता है, और इसके लिए जीवन में ईश्वर की नहीं श्रम की आवश्यकता की पक्षधर है। वहीं वैदिक ब्रम्ह को ही मोक्ष का आधार मानता है। 563 ईसा पूर्व वैशाख पूर्णिमा 8 अप्रैल को नेपाल के लुम्बिनी में इक्ष्वाकु वंशीय क्षत्रिय शाक्य कुल के राजा शुद्धोदन की पत्नी कोल वंशीय महामाया ने अपने कोख से एक दैदीप्यमान नक्षत्र को जन्म दिया और सात दिन बाद ही दुंधमुंहे नवजात शिशु सिद्धार्थ को अपनी बहन गौतमी के गोद में छोड़कर परलोक सिधार गयी। माता द्वारा दिया नाम सिद्धार्थ और धात्री गौतमी के कारण ही वे राजकुमार सिद्धार्थ गौतम कहलायें। सिद्धार्थ अत्यंत ज्ञानवान, पराक्रमी और सभी विद्या में निष्णात थे, लेकिन बाल्यकाल से ही इनका मन करूणा और दया से आप्लावित रहता था। यशोधरा से विवाह और पुत्र राहुल के जन्म होनें तक राजकुमार सिद्धार्थ के जीवन में कई घटनाएं उनके मानस पटल कोझकझोरते रहें, जिसमें वृद्ध विकलांग, दुखी रोगी, पार्थिव देह, मृतक परिजनों का क्रंदन एवं विलाप आदि देखकर सिद्धार्थ व्यथित एवं द्रवित हो जाते थे। एक दिन उन्हें संसार की सभी भावनाओं और कामनाओं से मुक्त प्रसन्नचित्र, निश्छल और निश्चिंत सन्यासी दिखें। फिर तो उन्हें उनका परिवार, पत्नी, पुत्र, कपिलवस्तु राज्य का वैभव, भोग विलासिता के संसाधन कोई नहीं रोक सका, वे सब कुछ त्याग कर जीवन में दुःख के कारण और दिव्य सत्य की खोज में निकल गये। यही महाभिनिष्क्रमण कहलाता है। दुःख, जरा, मरण, हिंसा, सिद्धार्थ के मन को व्याकुल करता था। व्याकुल मन शनैः शनैः निर्भयत्व और शांतिपूर्ण समाश्रय के लिये चिंतन-मनन में रम गया। भूखे प्यासे रहकर कई वर्षो की कठिन साधना के बाद भी उनकें प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला, तब उन्हें 'अतिसर्वत्रवर्जयेत' का भान हुआ,फिर उन्होंने अपनी साधना में अत्यधिक दुरूहता के स्थान पर मध्यममार्ग को अपनाया। 35 वर्ष की आयु में उन्हें बिहार के बोधगया के महाबोधि मंदिर के एक पीपल वृक्ष के नीचे ध्यानस्थ एवं आत्यस्थ समाधि की अवस्था में ज्ञान प्राप्त हुआ।इसी पीपल वृक्ष को ''महाबोधिवृक्ष'' कहते है। इस पवित्र महाबोधि वृक्ष को देखनें प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक एवं श्रद्धालु आते हैं। देहरादून के वन अनुसंधान के वैज्ञानिक महाबोधिवृक्ष का नियमित जांच करते है, अभी तक महाबोधि वृक्ष पूर्णतः स्वस्थ है। इसके लिये इस पर समय-समय में रासायनिक दवा का छिड़काव तथा लेप लगाया जाता है।

> जन्म, जरा, दुःख, रोग और मृत्यु से जुड़े प्रश्नों के उत्तर उन्हें दया, करूणा, मैत्री एवं अहिंसा में मिला। प्राणिमात्र के सर्वबाधा एवं दुःख का कारण और निवारण का मार्ग खोजते-खोजते उन्हें बुद्धत्व की प्राप्ति हुयी और सिद्धार्थ गौतम 'गौतम बुद्ध' हो गये। कहा जाता है कि सात सप्ताहों तक उन्होंने मुक्ति की स्वच्छन्दता और शांति का आनंद लिया। जन्म-मृत्यु-दुःख के चक्र से निकलने के लिये मोक्ष के मार्ग को बताने के लिये उन्होंने अपने मित्रों को अपना पहला धर्मोपदेश सारनाथ में दिया, जो वाराणसी के पास है, यहीं से बौद्ध धर्म का प्रसार प्रारंभ हुआ।

भगवान बुद्ध के महत्वपूर्ण उपदेश -ऐसे तो भगवान बुद्ध का संपूर्ण जीवन ही उपदेश है, किन्तु कुछ प्रमुख आख्यान जो उनके उपदेशों के अंश हैं वे हैं:-

मनुष्य को भूतकाल में उलझनें एवं भविष्य के सपने बुनने के स्थान पर अपने वर्तमान पर ही केन्द्रित होना चाहिए। भूत-भविष्य के फेर से निकलकर वर्तमान की राह ही खुशियों का मार्ग हैं।

मनुष्य के क्रोध से किसी और का नहीं वरन् स्वयं मनुष्य का ही नुकसान होता है।

संदेह या शक एक बिमारी है, जे लोगों के आपसी रिश्तों पर विपरीत प्रभाव डालता है।

जीवन में कितने भी युद्धों में विजय प्राप्त कर लें लेकिन जब तक स्वयं पर विजय प्राप्त नहीं कर लेता तब तक सभी जीत व्यर्थ है।

बुराई को बुराई से कभी समाप्त नहीं किया जा सकता, इसलिये बुराई को समाप्त करने के लिये प्रेम का सहारा लेना चाहिये।

अपनी खुशियों को दूसरों के साथ बांटने से वह बढ़ती है, जिस प्रकार एक जलता हुआ दीपक हजार दीपक जलाकर प्रकाश फैला सकता है, लेकिन उस पहले दीपक के प्रकाश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

सत्य के रास्ते पर चलने वाले व्यक्ति से केवल दो ही गलती हो सकती है। पहला वह पूरा रास्ता तय नहीं करता, दूसरा वह शुरूवात ही नहीं करता।

लक्ष्य को प्राप्त करने से भी अच्छा है उसे पानें के लिये की गयी यात्रा अच्छी हो।

सूर्य, चन्द्रमा, और सत्य को कभी नहीं छुपाया जा सकता।

अपने इन उपदेशों से भगवान बुद्ध एवं उनके अनुयायी और भिक्षुओं ने समाज की विद्रूपताओं, नैतिक अवमूल्यन, अनाचार, अधर्म, अतिवादको दूर कर एक संतुलित समाज की स्थापना का कार्य किया।समाज को मध्यम मार्ग अपनाने के लिए कहाॅ, दुःख के कारण बताऐं और दुःख निवारणार्थ आष्टांगिक मार्ग बताया। तरह-तरह के देवता, पूजा-पाठ, यज्ञ, पशुबली की निंदा की और अहिंसा पर जोर दिया। धीरे-धीरे बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार देश-विदेश तक फैल गया। भारत, चीन, नेपाल, जापान, मंगोलिया, श्रीलंका, अफगानिस्तान सहित पूरे एशिया में बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ। इनके अनुयायियों की संख्या विश्व में चैथे स्थान पर है। कालांतर में भारत में बौद्ध धर्मावलंबियों की संख्या कम हो गयी लेकिन 14 अक्टूबर 1956 को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने तत्समय हिन्दू धर्म में व्याप्त छुआछुत से तंग आकर अपनें लगभग 10 लाख से अधिक अनुयायियों के साथ समानता पर आधारित धर्म को अपनाकर, बौद्ध धर्म को पुनः उसकी जन्मभूमि पर पुनर्स्थापित एवं पुनर्जीवित कर दिया।

बुद्ध के समकालीन बौद्ध धर्म के प्रचारकों में दुर्दान्त डाकू अंगुलिमाल से लेकर गणिका आम्रपाली, आनंद, रानी खेमा आदि बहुत प्रसिद्ध रहें। मगध के सम्राट अशोक महान, राजा कनिष्क, यूनान के राजा मिलिंद, चीनी यात्री फाह्यान, व्हेनत्सांग, ई-जिंग, बोधिसत्व आदि ने अपना पूरा जीवन बौद्ध धर्म के प्रचार में विश्व र्भ्रमण में लगा दिया। इतिहास प्रसिद्ध सम्राट अशोक महान ने कलिंग युद्ध में लाखों नरसंहार के बाद आत्मग्लानि के कारण अहिंसा के प्रति अत्यधिक आग्रहशीलता वाले बौद्ध धर्म को स्वीकार लिया बाद में अपने पुत्र महेन्द्र और पुत्री संघमित्रा को बौद्ध धर्म के प्रचार के लिये श्रीलंका भेजा। अशोक महान ने सांची, सारनाथ जैसे विश्वप्रसिद्ध एवं आस्था के प्रतीक बौद्ध स्तूपों सहित लगभग 84000 स्तूपों का निर्माण कराया। कुशीनगर, पावागढ़, वैशाली, कपिलवस्तु, रामग्राम, अल्लकल्प, राजगृह और बेट द्वीप (बेट द्वारका) इन आठ स्थानों के स्तूपों में भगवान तथागत गौतम बुद्ध के अस्थियों के अवशेष संरक्षित हैं।

प्रत्येक प्राणी के प्रति दयाभाव रखते थे बुद्ध

योगेश कुमार गोयल

> महात्मा बुद्ध जब उपदेश देते जगह-जगह घूमते तो कुछ लोग उनका खूब आदर-सत्कार करते तो कुछ उन्हें बहुत भला-बुरा बोलकर खूब खरी-खोटी भी सुनाते तो कुछ दूर से ही उन्हें अपमानित कर दुत्कार कर भगा देते लेकिन महात्मा बुद्ध सदैव शांतचित्त रहते। एक बार वे भिक्षाटन के लिए शहर में निकले और उच्च जाति के एक व्यक्ति के घर के समीप पहुंचे ही थे कि उस व्यक्ति ने उन पर जोर-जोर से चिल्लाना तथा गालियां देना शुरू कर दिया और कहा कि नीच, तुम वहीं ठहरो, मेरे घर के पास भी मत आओ।

563 ईसापूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा को लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच एक राजकुमार ने उस समय जन्म लिया, जब उनकी मां कपिलवस्तु की महारानी महामाया देवी अपने पीहर देवदह जा रही थी और रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी। इस राजकुमार का नाम रखा गया सिद्धार्थ, जो आगे चलकर महात्मा बुद्ध के नाम से विख्यात हुए। महात्मा बुद्ध का जीवन दर्शन और उनके विचार आज ढ़ाई हजार से अधिक वर्षों के बेहद लंबे अंतराल बाद भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके प्रेरणादायक जीवन दर्शन का जनजीवन पर अमिट प्रभाव रहा है। हिन्दू धर्म में जो अमूल्य स्थान चार वेदों का है, वही स्थान बौद्ध धर्म में 'पिटकों' का है। महात्मा बुद्ध स्वयं अपने हाथ से कुछ नहीं लिखते थे बल्कि उनके शिष्यों ने ही उनके उपदेशों को कंठस्थ कर बाद में उन्हें लिखा और लिखकर उन उपदेशों को वे पेटियों में रखते जाते थे, इसीलिए इनका नाम 'पिटक' पड़ा, जो तीन प्रकार के हैं:- विनय पिटक, सुत्त पिटक तथा अभिधम्म पिटक।

महात्मा बुद्ध के जीवनकाल की अनेक घटनाएं ऐसी हैं, जिनसे उनके मन में समस्त प्राणीजगत के प्रति निहित कल्याण की भावना तथा प्राणीमात्र के प्रति दयाभाव का साक्षात्कार होता है। उनके हृदय में बाल्यकाल से ही चराचर जगत में विद्यमान प्रत्येक प्राणी में प्रति करूणा कूट-कूटकर भरी थी। मनुष्य हो या कोई जीव-जंतु, किसी का भी दुख उनसे देखा नहीं जाता था। एक बार की बात है, जंगल में भ्रमण करते समय उन्हें किसी शिकारी के तीर से घायल एक हंस मिला। उन्होंने उसके शरीर से तीर निकालकर उसे थोड़ा पानी पिलाया। तभी उनका चचेरा भाई देवदत्त वहां आ पहुंचा और कहा कि यह मेरा शिकार है, इसे मुझे सौंप दो। इस पर राजकुमार सिद्धार्थ ने कहा कि इसे मैंने बचाया है जबकि तुम तो इसकी हत्या कर रहे थे, इसलिए तुम्हीं बताओ कि इस पर मारने वाले का अधिकार होना चाहिए या बचाने वाले का। देवदत्त ने सिद्धार्थ की शिकायत उनके पिता राजा शुद्धोधन से की। शुद्धोधन ने सिद्धार्थ से कहा कि तीर तो देवदत्त ने ही चलाया था, इसलिए तुम यह हंस उसे क्यों नहीं दे देते?

इस पर सिद्धार्थ ने तर्क दिया, ''पिताजी! इस निरीह हंस ने भला देवदत्त का क्या बिगाड़ा था? उसे आसमान में स्वच्छंद उड़ान भरते इस बेकसूर हंस पर तीर चलाने का क्या अधिकार है? उसने इस हंस पर तीर चलाकर इसे घायल किया ही क्यों? मुझसे इसका दुख देखा नहीं गया और मैंने तीर निकालकर इसके प्राण बचाए हैं, इसलिए इस हंस पर मेरा ही अधिकार होना चाहिए।'' राजा शुद्धोधन सिद्धार्थ के इस तर्क से सहमत होते हुए बोले, ''तुम बिल्कुल सही कह रहे हो सिद्धार्थ। मारने वाले से बचाने वाला ही बड़ा होता है, इसलिए इस हंस पर तुम्हारा ही अधिकार है।''

बुद्ध ने उससे पूछा, भाई, यह तो बताओ कि नीच आखिर होता कौन है और कौन-कौनसी बातें किसी व्यक्ति को नीच बताती हैं?'' उस व्यक्ति ने जबाव दिया, ''मैं नहीं जानता। मुझे तो तुमसे ज्यादा नीच इस दुनिया में और कोई नजर नहीं आता।'' इस पर महात्मा बुद्ध ने बड़े प्यार भाव से उस व्यक्ति को समझाते हुए कहा, ''जो व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति से ईर्ष्या करता है, उससे वैर भाव रखता है, किसी पर बेवजह क्रोध करता है, निरीह प्राणियों पर अत्याचार या उनकी हत्या करता है, वही व्यक्ति नीच होता है। जब कोई किसी पर चिल्लाता है या उसे अपशब्द कहता है अथवा उसे नीच कहता है तो ऐसा करने वाला व्यक्ति ही वास्तव में नीचता पर उतारू होता है क्योंकि असभ्य व्यवहार ही नीचता का प्रतीक है। जो व्यक्ति किसी का कुछ लेकर उसे वापस नहीं लौटाता, ऋण लेकर लौटाते समय झगड़ा या बेईमानी करता है, राह चलते लोगों के साथ मारपीट कर लूटपाट करता है, जो माता-पिता या बड़ों का आदर-सम्मान नहीं करता और समर्थ होते हुए भी माता-पिता की सेवा नहीं करता बल्कि उनका अपमान करता है, वही व्यक्ति नीच होता है। जाति या धर्म निम्न या उच्च नहीं होते और न ही जन्म से कोई व्यक्ति उच्च या निम्न होता है बल्कि अपने विचारों, कर्म तथा स्वभाव से ही व्यक्ति निम्न या उच्च बनता है। कुलीनता के नाम पर दूसरों को अपमानित करने का प्रयास ही नीचता है। धर्म-अध्यात्म के नाम पर आत्मशुद्धि के बजाय कर्मकांडों या प्रतीकों को महत्व देकर खुद को दूसरों से श्रेष्ठ साबित करके दिखाने का दंभ ही नीचता है। महात्मा बुद्ध के इन तर्कों से प्रभावित हो वह व्यक्ति उनके चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। बुद्ध ने उसे उठाकर गले से लगाया और उसे सृष्टि के हर प्राणी के प्रति मन में दयाभाव रखने तथा हर व्यक्ति का सम्मान करने का मूलमंत्र देकर वे आगे निकल पड़े।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बहुमूल्य घड़ी जो

बहुमूल्य घड़ी जो अतीत हो रहा विपदा में, स्वालोकित करो यारा हौसला रख तू तनिक संभलकर जिंदगी में अपने जड़ ले नगीना । घर लगे खूब मनभावन अपने साकार कर , बुजुर्गो के सपने मिली तालीम चरणों में जिनके बंदिशों में क्या आसान है जीना ? - **सुरेश**

ये जो आंसुओ को



ये जो आंसुओ को छिपाये हुए हैं किसी ना किसी के सताये हुए हैं अमावस में रोशनी देखिये गांव की यहाँ सभी ने अरमा जलाये हुए हैं अरे ! रुकिये जनाब, मत जगाइये बस अभी खाली पेट सुलाये हुए हैं लाइन लग गई देखो फिर एक नई बोतलें लेने जेबे भरके आये हुए हैं इन मजदूरों की भी सुध लीजिये ये जो आप सभी के भुलाये हुए हैं।

-मुनेश शर्मा

खास पाती | क्या सच में छग के गरीब लोगों

क्या सच में छग के गरीब लोगों के लिए शराब इतनी जरूरी हो गयी थी की शराब दुकानें खोली जा रही हैं, लोगों के पास तो खाने के पैसे नही थे जीने के लिए तो भला शराब लेने के लिए कहाँ से पैसे आएंगे?? लेकिन जिनके आय का साधन मजदूरी के साथ साथ अपनी छोटी दुकानें गुमटियां हैं उनको खोलने की इजाजत नही हैं ?? जिनसे की उनकी रोजी रोटी चलती है। देश को खुद की अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए पड़ी है लेकिन हम गरीबों की अर्थव्यवस्था को नही।

- नीलकमल वैष्णव अनिश

शामिल हो गए किस दौड़ में हम

शामिल हो गए किस दौड़ में हम, जहां चल पाना भी मुश्किल है। आगे बढ़ गए कितने हम मुड़ कर आना कितना मुश्किल है। उम्मीदें हो गई इतनी बड़ी क्यों जीवन जीना मुश्किल है। बचपन में सौ सौ बार गिरे हम फिर भी उठ कर चल पड़े हम। फिर आज एक बार ही गिरकर उठ पाना क्यों मुश्किल है। देखम देखी में हम यूं भागे खुद की खुशी पाना मुश्किल है। अनजानी मंजिल के आगे, यही दिशा मिल पाना मुश्किल है। शामिल हो गए किस गौड़ में हम जहां चल पाना भी मुश्किल है।

- वीणा अग्रवाल

हो न जाएं कहीं रुसवा हम यूं

हो न जाएं कहीं रुसवा हम यूं नुमाइश में कुछ अदब रखिये जरा प्यार की फर्माइश में। बड़ी जहरीली है आबोहवा शहर की तेरे मर न जाएं जिंदा रहने की इस ख्वाहिश में। सोचा है दो पल तेरे दर पे ठहर जाएंगे होगी गुंजाइश गर तेरे दिल की गुंजाइश में। कर लिया जख्मी जिगर तीर ए नजर खा बैठे इश्क है मुजरिम दर्द ए दिल की पैदाइश में।

- पावनी दिक्षीत जानिब

जान तुमपे निसार है तो

जान तुमपे निसार है तो है हाँ मुझे तुमसे प्यार है तो है।। नींद मैंने गवाई रातों की ज़िन्दगी बेक़रार है तो है।। बस तुम्हें चाह लूँ मैं जी भर कर दिल पे धुन ये सवार है तो है।। आइना ही समझ ले तू मुझको अक्स तेरा ही यार है तो है।। आह में भी सुकून है 'गुंजन' दर्द भी बेशुमार है तो है।।

- चारु अग्रवाल

मेरी आवाज में?? लबों पे कोई

मेरी आवाज में?? लबों पे कोई अब शिकायत कहाँ है.. वो पहली सी दिल में मोहब्बत कहाँ है...तेरे दर से उठ के भी जाये तो कैसे, के दिल मे मेरे इतनी ताकत कहाँ है...बसितम चाहे जितना करो तुम वफ़ा पे खुदा खुद को समझो इबादत कहाँ है।

- नंदिता तनूजा

तस्वीर बड़ी दिलकश सूरत भी तो

तस्वीर बड़ी दिलकश सूरत भी तो प्यारी है, तुम ने मेरी आँखों में इक उम्र गुजारी है, तुम जलवानुमा होकर दिल में मेरे रहती हो, ये हुस्न की खता है या भूल हमारी है!

- कुलदीप मिश्रा

क्या लिखा था कलेंडर में क्या मिल रहा

क्या लिखा था कलेंडर में क्या मिल रहा है। चाल कैसी कोरोना काल चल रहा है।। जिन हाथों में मेंहदी के महूरत बने। उन पर अब सेनिटाइजर डल रहा है।। सम्मान लिखा था मार्च अप्रेल मई में। मुर्गा बना रहे कहीं पर लठ्ठ घल रहा है।।

- राजकुमार शर्मा

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) प्लास्टिक बोतल या बाल्टी बनी होता है-

2) प्रदूषण के किस स्त्रोत से समुद्री चिड़ियों की सर्वाधिक मृत्यु होती है?

3) किस राज्य के प्रधान को प्रारम्भ में 'सदरे रियासत' कहा जाता था?

4) रूहेलखण्ड में रोहिल्ला नेता कौन था, जिसने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी?

5) लकड़ी से बने जूते का नाम क्या है?

उत्तरमाला- (1) पॉलीइथिलीन टेरेफ्टलेट और पॉलीविनाइल क्लोराइड (2) तैलीय प्रदूषण (3) जम्मू कश्मीर (4) अजीमुल्ला (5) सबोट

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1832- यूनान स्वतंत्र गणराज्य बना। 1861- नोबेल पुरस्कार प्राप्त बांग्ला कवि, कहानीकार और गीतकार रबीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म। 1880- महान भारतीय संस्कृतज्ञ एवं विद्वान पंडित पांडुरंग वामन काणे का जन्म । 1889- प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा 'हिन्दुस्तानी सेवादल' के संस्थापक एन. एस. हार्डिकर का जन्म। 1907- बम्बई में पहली इलेक्ट्रिक ट्राम कार का संचालन। 1934- फिलीपींस में विश्व के सबसे बड़े आकार का मोती मिला। 1940- विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने। 1952- इंटीग्रेटेड सर्किट का कॉन्सेप्ट पहली बार जेफ्री डमर ने प्रकाशित किया। 1968- उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जन्म।

न्यूज गैलरी

ग्रामीण ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, गाय के कोठे में लटकता मिला शव

बिलासपुर। रतनपुर क्षेत्र के ग्राम लिम्हा कलमी पारा निवासी मजदूर ने फांसी लगाकर जान दे दी। 45 वर्षीय अशोक कुमार श्याम की लाश सुबह उनके ही घर के पास मौजूद गाय के कोठार में मौजूद मयार से लटकती मिली। अशोक ने गमछे के सहारे से फंद्धा बनाकर फांसी लगाई थी। पेशे से मजदूर अशोक कुमार श्याम विवाहित था और एक लड़की समेत उसकी चार संतान भी है। सूचना के बाद रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची, जिस ने मृतक के शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तो वही आत्महत्या के कारणों की तलाश परिजनों से पूछताछ कर की जा रही है।

प्रवासी मजदूरों के लिये जिला प्रशासन की तैयारी, जिले में बनाये गये 1066 क्वारंटीन सेंटर

बिलासपुर। लॉकडाउन में अन्य राज्यों में फंसे बिलासपुर जिले के श्रमिकों की वापसी हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है। कलेक्टर डॉ.संजय अलंग द्वारा आज इसकी समीक्षा की गई। जिले में बनाये गये सूची अनुसार अन्य राज्यों में 57 हजार से अधिक श्रमिक फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन द्वारा 64 हजार से अधिक श्रमिकों की वापसी के अनुमान के आधार पर तैयारी की जा रही है। श्रमिकों के लिये 1066 क्वारंटीन सेंटर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये गये हैं। अन्य प्रदेश गये मजदूरों की जानकारी पंचायत स्तर पर एकत्रित करने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अन्य राज्य से आने वाले मजदूरों को उनके गांव के बाहर सामुदायिक भवन, छात्रावास, सांस्कृतिक भवन, मंगल भवन, पंचायत भवन आदि में 14 दिनों तक क्वारंटीन पर रखा जाएगा। कलेक्टर ने सभी क्वारंटीन सेंटर पर पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित एसडीएम और तहसीलदारों को दिया है। मजदूरों की वापसी पश्चात उन्हें संबंधित तहसीलों में भेजा जाएगा। जहां उनका स्वास्थ्य जांच और स्क्रीनिंग कराई जाएगी। इसके बाद उन्हें क्वारंटीन किया जाएगा। क्वारंटीन सेंटर में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय सहित अन्य सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने कहा गया है। मजदूरों की संख्या ज्यादा होने पर अस्थाई शौचालय भी बनाने का निर्देश दिया।

भगा ले गया था किशोरी को, साल भर करता रहा दुष्कर्म, लॉकडाउन के चलते चढ़ गया पुलिस के हत्थे

बिलासपुर। पहले तो नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और फिर करीब एक साल तक उसे तरह-तरह का प्रलोभन देकर उसका दैहिक शोषण भी करता रहा लेकिन आखिरकार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। 27 जुलाई 2019 को सिविल लाइन थाना क्षेत्र से अपने घर के सामने से किशोरी गायब हो गई थी जिसके बाद गुमशुदगी का मामला दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी पुलिस को खबर लगी थी कि कोई व्यक्ति उसे अपने साथ बहला फुसला कर ले गया है। इसी दौरान तोरवा पुलिस को सूचना मिली कि गायब किशोरी, दीपक विश्वकर्मा के साथ रेलवे क्षेत्र में देखी गई है। सूचना मिलते ही तोरवा पुलिस ने तुरंत घेरा बंदी कर बिलासपुर रेलवे स्टेशन से दोनों को पकड़ा। युवक के कब्जे से अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया गया। पता चला कि तोरवा मुर्रा भट्ठा के पास रहने वाला दीपक विश्वकर्मा घर के सामने से किशोरी को भगा ले गया था और पिछले 1 साल से दोनों छुपकर बाहर रह रहे थे। इस दीपक विश्वकर्मा लगातार किशोरी के साथ शारीरिक संपर्क बनाता रहा। इस बीच लॉक डाउन हो जाने से दोनों वापस शहर लौट आए लेकिन पुलिस के हत्थे भी चढ़ गए। पकड़े जाने पर आरोपी दीपू उर्फ दीपक विश्वकर्मा के खिलाफ पुलिस में धारा 366 376 और चार पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

क्वारेंटाइन सेंटर में कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

कांकेर। क्वारेंटाइन सेंटर बालक छात्रावास एवं विशिष्ट कन्या छात्रावास ईमलीपारा कांकेर में आदिवासी विकास विभाग के उपायुक्त विवेक दलेला द्वारा कर्मचारियों की क्वारेंटाइन सेंटर आवश्यक व्यवस्था एवं सहयोग हेतु ड्यूटी गई लगाई है।

नागपुर से झारखंड पैदल जा रहे मजदूर की मौत कोरोना से नहीं हार्ट अटैक से हुई

■ जांच रिपोर्ट में निगेटिव पाया

बिलासपुर। नागपुर से झारखंड जाने पैदल निकले एक मजदूर की सिम्स में मौत हो गई है, इसे 3 अप्रेल को सिम्स में भर्ती किया गया था, कोरोना संदेही मानकर सैम्पल लिया गया था, जिसकी 4 अप्रेल की सुबह मौत हो गई, जिसकी सैम्पल रिपोर्ट नेगिटिव आने के बाद पीएम कराया गया, जिसमे मौत की वजह हार्ट अटैक बताया गया है।

जानकारी के मुताबिक झारखण्ड निवासी मजदूर 42 वर्षीय रवि मुंडा अपने आठ मजदूर साथियों के साथ नागपुर से झारखंड जाने के लिए पैदल निकला था, तकरीबन 10 से 12 दिन तक चलने के बाद रवि मुंडा अपने साथियों के साथ 3 अप्रैल को सरगांव के पास पहुचा था, उस समय अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई, तब आसपास के लोगों ने 108 की सहायता से सिम्स भेजा गया था।

सिम्स में ट्रैवल हिस्ट्री को आधार मानकर रवि मुंडा को कोरोना वार्ड में भर्ती किया गया, इसके बाद रवि समेत उसके 8 साथियों का कोरोना सैम्पल लेकर जांच के लिए रायपुर एम्स भेजा गया था, लेकिन सैम्पल रिपोर्ट आने से पहले ही रवि मुंडा का चार अप्रैल की सुबह मौत हो गई।

इधर सेम्पल रिपोर्ट नही आने पर बॉडी को सिम्स शवगृह में रखा गया था, वही 5 मार्च की देर रात सेम्पल रिपोर्ट आया, जिसमे रवि मुंडा और उसके साथियों की रिपोर्ट को कोरोना नेगिटिव बताया गया, रिपोर्ट के बाद 6 अप्रैल की सुबह शव का पीएम किया गया, जिसमे उसकी मौत की वजह हार्ट अटैक बताया गया हैं।

अब से शनि और रविवार को सम्पूर्ण लॉकडाउन

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। एक फिर सम्पूर्ण लॉक डाउन रखने का निर्णय लेते लिया गया अब शनिवार और रविवार को रहेगा पूर्ण लॉक डाउन, पूरे मई महीने के लिए आदेश जारी किया गया लेकिन सब्जी, फल की दुकानें खुले रहेगी।

गौरतलब है कि भिलाई में कोरोना पॉजिटिव से पीड़ित पाये जाने के बाद राज्य शासन ने लॉक डाउन में फिर।बदलाव किया है पहले बुध एयर रविवार को सम्पूर्ण लॉक डाउन रखा जा रहा था, फिर बदलाव कर केलव एक दिन रविवार को ही मुकम्मल तौर पर सभी दुकाने बन्द रखने का फैसला लिया। मगर अब इसी कड़ी में एक बार फिर से सप्ताह में 2 दिन पूर्व ब्लाक टाउन का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के सुझाव पर स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे प्रदेश में मई महीने के सभी शनिवार और रविवार को प्रदेश में पूर्ण अनलॉक डाउन लागू करने का निर्णय लिया है। मौजूदा महीने में अब से सभी शनिवार और रविवार को बिलासपुर ही नहीं पूरे प्रदेश में संपूर्ण लॉक डाउन रहेगा हालांकि इस दौरान दवा दुकान, पेट्रोल पंप, दूध पार्लर टेक अवे रेस्टोरेंट के साथ सब्जी व्यवसाय को भी चालू रखा जाएगा लेकिन इस दौरान अन्य सभी व्यवसाय और प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। इससे पहले बिलासपुर में बुधवार और रविवार को पूर्ण लॉक डाउन का निर्णय लिया गया था लेकिन बाद में बुधवार से लॉक डाउन हटा लिया गया था अब लगातार दो दिन यानी शनिवार और रविवार को लॉक डाउन रहेगा लेकिन उम्मीद है कि इसके चलते शुक्रवार को बाजार में जमकर खरीदारी होगी और खूब भीड़ भी होगी, लेकिन इस दौरान सब्जी सहित अन्य आवश्यक सेवाओं को चालू रखने से शायद थोड़ी राहत मिल सकती है।

वकीलों की आर्थिक मदद को लेकर लगी याचिका पर हुई सुनवाई

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वकीलों की आर्थिक स्थिति में मदद को लेकर लगी याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय एस अग्रवाल एवं जस्टिस आरसीएस सामंत की डिवीजन बेंच में याचिकाकर्ता राजेश केशरवानी ने अपने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से एवं आनंद मोहन तिवारी की बतौर उपस्थित में सुनवाई हुई। न्यायालय ने राज्य विधि परिषद के वकील और राज्य सरकार के वकील से पूछा की पिछले आर्डर के अनुसार क्या योजना है और कोई भी जवाब अभी तक नहीं दिया है, और बेंच ने कहा की मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की अधिवक्ता कल्याण अधिनियम 1982 एक ही है, और मध्यप्रदेश ने 5 मई को मध्यप्रदेश अधिवक्ता सहायता (प्राकृतिक आपदा एवं अप्रत्याशित परिस्थिति)योजना 2020 बनाकर लागु कर दिया है।

विधायक एवं कलेक्टर ने किया कोविड-19 अस्पताल का निरीक्षण

कांकेर। नोवल कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु बनाये गये मॉडल कॉलेज में कोविड-19 अस्पताल का विधायक श्री शिशुपाल शोरी और कलेक्टर श्री के.एल.चौहान ने निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए अस्पताल में लगाई गई आईसीयू बिस्तर का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कॉलेज के मध्य आंगन में पौधारोपण और कारपेड घांस लगाने के निर्देश नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके, डिप्टी कलेक्टर डॉ कल्पना ध्रुव, सिविल सर्जन डॉ. आर.सी. ठाकुर, डॉ. डी.के रामटेके, नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ तिवारी, डी.पी.एम डॉ, निशा मौर्य सहित खण्ड चिकित्सा अधिकारी मौजूद थे।

कृषि विभाग ने आत्मा योजनान्तर्गत नव तुलसी कृषक अभिरुचि समूह को दिया उन्नत खेती का प्रशिक्षण

काँकेर। कृषि विभाग द्वारा नरहरपुर आदर्श गौठान श्रीगुहान समिति को कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम ÷आत्मा÷ योजनान्तर्गत नव तुलसी कृषक अभिरुचि समूह द्वारा जिमीकंद (गजेंद्रा)+ हल्दी (रोमा) फसल हेतु खेत की तैयारी, बीज उपचार कर तकनीकी विधि- से बुवाई की गई। इस दौरान नरेन्द्र कुमार नागेश उप संचालक कृषि कांकेर, जितेन्द्र कोमरा सहायक संचालक कृषि कांकेर सुश्री संगीता राय (डीपीडी) द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।इस दौरान आदर्श गौठान समूह से जुड़े किसानों को उपसंचालक कृषि कुमार नागेश व उपस्थित अधिकारीयो की उपस्थिति में कृषि से संबंधित सामग्री प्रदाय किया गया।

40 दिन बाद शहर हुआ गुलजार, व्यापरियों को मिली बड़ी राहत

काँकेर। कोविड 19 से जूझ रहे जिले ने विगत डेढ माह बाद स्थानीय व्यापारियों और आमजनों को रोजमर्रा की चीजो के लिए बड़ी राहत वाली खबर देखने को मिली है। कलेक्टर व व्यापारियों की करीब 1 घटे बैठक के बाद मंगलवार को बैठक के बाद नई एडवाइजरी ज़ारी होने के बाद बड़ी राहत मिली हैं।वही अब नगर की दुकानों को खोले जाने के बाद जिला प्रशासन ने 6 मई को नई एडवाईजरी ज़ारी किया है।जिसमें शहर की सारी दुकाने सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खोलने के निर्देश दिए गए है।कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री के.एल.चौहान द्वारा जिले में केवल स्थापना अधिनियम के तहत रजिस्ट्रर्ड दुकान एवं प्रतिष्ठानों के संचालन के लिए पूर्व में 03 मई 2020 को जारी आदेश में आंशिक संशोधन आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत बर्तन दुकान, फर्नीचर दुकान, फोटो स्टुडियो, प्रिंटिंग प्रेस, फ्लैक्स, मोबाइल शाप, कपड़ा दुकान, जूता एवं चप्पल दुकान, ज्वेलर्स, कंप्यूटर हार्डवेयर, मनिहारी (प्रोव्हिजन स्टोर्स) एवं फैंसी स्टोर्स को प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक खोलने की अनुमति प्रदान की गई है।

रक्षा टीम की गुंडागर्दी, बीच चौराहे युवक से लगाया दण्ड बैठक फिर कर दी पिटाई

बिलासपुर। लॉक डाउन हाफहोने के बाद छूट दी गई है कि कोई भी व्यक्ति मास्क लगाकर निकल सकता है। मगर रक्षा टीम में शामिल कुछ पुलिस वालो पर रौब इस कदर सर चढ़ कर बोल रहा है कि वह बे वजह युवक को रोक कर बीच सड़क में दण्ड बैठक लगा दिया और साथ ही उसके साथ मारपीट भी की गई।

ऐसा ही एक मामला बिलासपुर के सिविल लाइन्स थाना अंतर्गत पूल चौक पर बीती शाम देखने मिल। जिसे देख वहाँ से गुजरने वाले राहगीर भी स्तम्भ रह गए और पुलिस द्वारा बेरहमी से की जा रही युवक की पिटाई का विरोध करने लगे। बढ़ती भीड़ ओर जनता का विरोध देख महिला पुलिस प्रधान आरक्षक युवक को मारना छोड़ निकल गई।

सिविल लाइन्स थाना के पूल चौक पर बीती शाम रक्षा टीम में तैनात प्रधान आरक्षक खुर्सीद अहमद ने किसी बात पर एक युवक को चौराहे पर खड़ा कर लाठी से पीटती रही। युवक गिड़गिड़ाता रहा पर पुलिस के कान पर जू तक नही रेंगी।

मूक जानता की आवाज उठाने ओर पुलिस प्रसाशन की कार्रवाई का हर वक्त विरोध करने वाले कुछ स्थानीय नेता वही पास में खड़े यह नजारा देख रहे थे। पुलिस द्वारा पीटे जा रहे युवक को मूक दर्शक बन पिटता देख जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो पुलिस के लफड़े से बचने उल्टा पुलिस की तरफदारी करते नजर आए। शहर में रक्षा टीम पुलिस के वसूली का जरिया बन चुका हैं रक्षा टीम के सदस्यों की मनमानी भी शुरू हो गई। वे चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेज के आसपास खड़े युवकों को पकड़कर उनसे उगाही भी करने लगे हैं। पुलिसकर्मियों की इस हरकत के चलते अब टीम की छवि धूमिल होने लगी है।

पैराडाइज स्कूल के बच्चों ने घर पर ड्राईंग बनाकर करोना जागरूकता में अपना योगदान दिया

कांकेर। पैराडाइज के लगभग 160 प्री प्रायमरी, प्रायमरी एवं मिंडिल के बच्चों ने अपने घर पर रहकर विभिन्न प्रकार के कलर फूल ड्राईग बनाकर कोरोना वायरस जागरूकता का संदेश अपने घर एवं समाज को वाट्सअप एवं ऑनलाइन के द्वारा संदेश दिया बच्चों ने कोरोना से बचाव एवं कोरोना के लड़ाई के यो़द्धा, डॉक्टर, पुलिस एवं सफाई एवं अन्य कर्मी के चित्र बनाकर उन्हें कृतज्ञता प्रदान किया है। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चें ऑनलाइन एवं वाट्सअप के द्वारा लॉकडाउन के बीच घर में रहकर लॉकडाउन के समय का सदउपयोग कर रहे हैं। पैराडाइज के शिक्षक जो सिक्किम, असम, पश्चिम बंगाल, नागालैण्ड, आन्ध्रप्रदेश, उड़िसा, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ से है, अपने घर से पैराडाइज के स्कूल के बच्चों को ऑनलाइन एवं वाट्सअप के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान कर रहें है।

प्री प्रायमरी कक्षाओं के शिक्षक यागचिन डोमा, मेघा सेवा, शिल्पा चटर्जी, दीपा व्यास, स्वाति गुप्ता, वर्षा रमानी, ममता रावल के मार्गदर्शन में प्री प्रायमरी के लगभग 50 बच्चों ने कोरोना जागरूकता के चित्र बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। उसी प्रकार प्रायमरी कक्षाओं के शिक्षक सातवनी सेनापति, हिमायनी रजक, कृष्णापद महातो, सबाना परवीन, सबीहा बानों, पी. मरसी , तारापद, धीरसिंह अनामिका सोनकर के मार्गदर्शन में लगभग 80 बच्चों ने कोरोना जागरूकता का संदेश चित्र बनाकर किया।

शिवम बिल्डर्स के कर्मचारी ने अपने ही मालिक का एटीएम कार्ड चुरा कर निकाल लिए लाखों रुपए

बिलासपुर। नौकर ने अपने ही मालिक का एटीएम कार्ड चुराकर लगाया था लाखों रुपये निकाल लिया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सिविल लाइन पुलिस में एटीएम चोर को धर दबोचा।

नर्मदा नगर में रहने वाले राकेश शर्मा ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके महाराष्ट्र बैंक अकाउंट से 1 लाख 40000 रु की रकम किसी ने निकाल ली है। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए महाराष्ट्र बैंक से बैंक स्टेटमेंट और एटीएम से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया था। जिसके आधार पर आरोपी की पहचान हो गयी।पता चला कि आरोपी ने एटीएम कार्ड की मदद से कस्तूरबा नगर के पास स्थित एटीएम का उपयोग करते हुए रकम निकाली थी जिसे राकेश शर्मा ने पहचान लिया था क्योंकि एटीएम से पैसा निकालने वाला कोई और नहीं बल्कि उनका ही पूर्व कर्मचारी कस्तूरबा नगर निवासी गोलू उर्फराजेश सारथी था।आरोपी की जानकारी होते ही पुलिस ने उसे धर दबोचा। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी राजेश सारथी, राकेश शर्मा के फर्म शिवम बिल्डर्स में काम करता था। इसी दौरान उसने राकेश शर्मा का एटीएम पार कर दिया। उसे एटीएम पासवर्ड की जानकारी थी इसलिए उसने इस एटीएम कार्ड का इस्तेमाल करते हुए 1,40,000 रु निकाल लिए थे। इतना ही नहीं इस्तेमाल के बाद उसने एटीएम कार्ड को तोड़ कर फेंक भी दिया था।पुलिस ने राजेश सारथी के पास से बैंक से निकाली गई एक लाख 40,000 में से एक लाख 25, 000 रु जप्त कर लिए हैं तो वहीं चोरी की गई एटीएम भी क्षत-विक्षत हालत में प्राप्त कर ली गई है।

माल वाहनों को नगरीय क्षेत्र के अंदर दिन में आने की अनुमति नहीं होगी

कांकेर। नोवल करोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री के.एल. चौहान द्वारा माल वाहनों को नगरीय क्षेत्र के अंदर दिन में आवागमन पर रोक लगाई गई है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार जिला उत्तर बस्तर कांकेर में माल वाहनों को रूकने के स्थल से नगरीय क्षेत्र के अंदर माल परिवहन हेतु दिन में आने की अनुमति नहीं होगी। माल वाहनों को रात्रि 9.30 बजे से प्रातः 06 बजे तक नगरीय क्षेत्र के भीतर माल परिवहन की अनुमति होगी।

अन्य राज्यों से आने वाले श्रमिकों को क्वारेंटाईन सेंटर में रखने संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करें: कलेक्टर

कांकेर। नोवल कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु अन्य राज्यों से आने वाले श्रमिकों के लिए क्वारेंटाईन सेंटर बनाने संबंधी मॉडल कॉलेज 'कोविड-19' अस्पताल में कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने चिकित्सा अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि कांकेर जिले के अन्य राज्यों में फंसे श्रमिकों को वापस लाने एवं क्वारेंटाइन सेंटर बनाने के लिए चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अन्य राज्यों से आने वाले श्रमिकों के लिए विकासखण्ड स्तर के पंचायतवार क्वारेंटाईन सेंटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के सभी जनपदों में 10-10 बिस्तर के क्वारेंटाईन सेंटर बनाने के लिए निर्देश दिये। संबंधित जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को क्वारेंटाइन सेंटर की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। क्वारेंटाईन सेंटर में श्रमिकों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, मास्क लगाने, साबुन से हाथ धोने संबंधी जानकारी देने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए भी निर्देश दिये। कलेक्टर श्री चौहान ने समीक्षा करते हुए कहा कि विकासखण्डों में जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। उन्होंने क्वारेंटाईन सेंटर के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर सूची जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री चौहान ने जिले के चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकासखण्ड स्तर पर सीईओ, बीईओ, बीआरसी एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी क्वारेंटाइन सेंटर में लगाने के लिए निर्देशित किया।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय मुंगेली छ.ग.

Email-dhmungeli@gmail.com

क्रमांक/जीवनदीप समिति/निविदा/सिविल सर्जन/2020/1117 मुंगेली दिनांक 4.5.2020

विज्ञापन प्रकाशनार्थ

जिला चिकित्सालय, मुंगेली के वाहन हेतु पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से सम्पादित किये जाने हेतु 11 माह के अनुबंध के आधार पर निविदा आमंत्रित किये जा रहे हैं। पार्किंग व्यवस्था हेतु नियम/शर्तें प्राप्त करने के लिए कार्यालय- सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय मुंगेली छ.ग. में कार्यालयीन समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक निविदा आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं, निविदा शुल्क रुपये 1000/- जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	15.05.2020 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक।
निविदा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	23.05.2020 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि	23.05.2020 समय अपरान्ह 4.00 बजे तक।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला चिकित्सालय मुंगेली छ.ग.
जी-80481/2

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय मुंगेली छ.ग.

Email-dhmungeli@gmail.com

क्रमांक/अस्प. प्रशासन/निविदा/सिविल सर्जन/2020/1116 मुंगेली दिनांक 4.5.2020

विज्ञापन प्रकाशनार्थ

जिला चिकित्सालय, मुंगेली के कैंटिन व्यवस्था को सुचारू रूप से सम्पादित किये जाने हेतु 01 वर्ष के अनुबंध के आधार पर निविदा आमंत्रित किये जा रहे हैं। कैंटिन व्यवस्था हेतु नियम/शर्ते प्राप्त करने के लिए कार्यालय-सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय मुंगेली छ.ग. में कार्यालयीन समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक निविदा आवेदन प्रत्र प्राप्त कर सकते हैं, निविदा शुल्क रुपये 1000/- जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	18.05.2020 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक।
निविदा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	26.05.2020 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि	26.05.2020 समय अपरान्ह 4.00 बजे तक।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला चिकित्सालय मुंगेली छ.ग.
जी-80483/3

प्रशासन ने ग्राम हरदी में किया मॉकड्रील, कोरोना पॉजिटिव मिलने की उड़ी अफवाह

■ डेमो के लिए उसी परिवार को चुना जो हाल में ही ओडिशा से बिना सुचना गांव पहुचे थे

नवप्रदेश संवाददाता

हाल में ही ओडिशा से आए परिवार के यहां मार्कड्रील अभ्यास से संक्रमित मरीज मिलने की उड़ी हवा

जिला प्रशासन द्वारा अपने तैयारियो को परखने के लिए बिना किसी सुचना के मार्कड्रील किया गया। इसके लिए ग्राम हरदी तथा उसी परिवार को अभ्यास के चुना गया जो हाल में ही ओडिशा से बिना सुचना दिए वापस गांव पहुचा था। इसके चलते के चलते मार्कड्रील के दौरान कुछ ही देर के लिए अफ्वाहो का बाजार भी गर्म हो गया। ग्राम हरदी में कोरोना मरीज मिलने की खबर आसपास के गांव सहित जिला मुख्यालय में फैल गई परंतु मार्कड्रील के बाद माहौल फिर से शांत हो गया है। दूसरी ओर करीब ढेड़ घंटे तक मार्कड्रील के दौरान गांव की घेराबंदी और प्रशासनिक हलचल से ग्राम हरदी के लोगो में भी दशहत का माहौल रहा।

गरियाबंद। मंगलवार को अचानक ही जिला प्रशासन द्वारा मुख्यालय से दस किमी दूर ग्राम हरदी में मार्कड्रील किया गया। यह मार्कड्रील प्रशासन का अपनी तैयारियो को परखने का एक पूर्वाभ्यास था जिसमें देखा गया कि यदि क्षेत्र में कोरोना पाजीटीव पाया जाता है तो इस परिस्थिति में किस प्रकार संक्रमित मरीज को उसके गांव घर से सुरक्षात्मक तरीके से जिला अस्पताल तक पहुचाया जाना है। इस दौरान प्रशासन ने संक्रमित मरीज को घर से अस्पताल तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने, कंटेनमेंट जोन, बफर जोन बनाने, कांटेक्ट ट्रेसिंग सहित सभी तैयारी को लेकर मॉकड्रील (पूर्वाभ्यास) किया। हालाकि इस मार्कड्रील की सुचना पहले से पुलिस और स्वास्थ्य विभाग सहित ग्रामीणो को नही दी गई थी ताकि विभाग के तैयारियो की वास्तविकता को बारिकी से परखा जा सके। इसमें चलते मार्कड्रील के दौरान कुछ देर के लिए अफ्वाहो का बाजार भी गर्म हो गया था कुछ देर में ही कोरोना मरीज मिलने की खबर आसपास के गांव सहित जिला मुख्यालय में फैल गई परंतु मार्कड्रील के बाद माहौल शांत हो गया है।

मार्कड्रील की शुरूआत सुबह 10:30 बजे एसडीएम निर्भय साहू के नेतृत्व में की गई। इस दौरान सबसे पहले एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी ग्राम हरदी पहुचे। जिसके बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को ग्राम हरदी में कोरोना पाजीटीव मिलने की सुचना दी गई और तत्काल क्वीक रिस्पांस टीम के साथ मौके पर पहुचने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक हलचल से गांव में भी कोरोना पाजीटीव मिलने की खबर फैल गई। गांव के एक घर को अभ्यास के लिए चिंहाकित किया गया जिसके बाद स्वास्थ्य और पुलिस अमले के पहुचते ही सम्पूर्ण कार्यवाही निर्धारित मापदंड के अनुरूप शुरू की गई है।

न्यूज गैलरी

ट्रक चालक ने अचानक लगाया ब्रेक, पीछे से आ रही बाइक जा घुसी

महासमुंद। शुक्रवार सुबह पुराना सरकारी अस्पताल महासमुंद के पीछे एक मोटरसाइकिल ट्रक के पीछे घुस गई। इससे मोटरसाइकिल सवार को गंभीर चोटें आई है। बताया जा रहा है कि पुराना शासकीय अस्पताल के पीछे, गौरा चौक निवासी पेमेंद्र सोनी सुबह साढ़े 10 बजे मोटर सायकल से जा रहा था कि मेन रोड पुराना अस्पताल के पास अचानक अम्बेडकर चौक तरफ से आ रहा ट्रक चालक द्वारा सड़क के बीच अचानक ब्रेक मार दिया गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

बिना मास्क वाहन चलाने वाले 12 पर कार्रवाई

महासमुंद। शहर के अंदर बिना मास्क पहने पाए गए तो पुलिस व जिला प्रशासन की टीम सीधे 200 रूपये का चालान काटेगी। मंगलवार को जिला प्रशासन व पुलिस की टीम ने बाजार, दुकान व चौक-चौराहों में बिना मास्क वालों पर कार्रवाई की है। टीम ने पहले चरण में मंगलवार को सभी दुकानदारों को समझाइश दी है। यातायात प्रभारी दीपा केंवट ने बताया कि मंगलवार को बिना मास्क पहनकर वाहन चलाने वाले 12 लोगों पर चालानी कार्रवाई की है। इनसे 24 हजार रूपये की वसूली की। इधर, तहसीलदार मूलचंद चोपड़ा ने दुकान में सामान खरीदने बिना मास्क के आए छह लोगों पर चालानी कार्रवाई की है।

देशी मदिरा की कीमत प्रति बोतल 10 रुपए की वृद्धि

महासमुंद। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के दिए गए निर्देशानुसार नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम के लिए अधोसंरचना के उन्नयन हेतु देशी मदिरा की प्रति बोतल 10 रूपए की वृद्धि की गई है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि देशी मदिरा की संशोधित दर इस प्रकार होगी। इनमें मसाला बोतल 320 रूपए, अद्धी 170 रूपए एवं पौवा 90 रूपए। इसी तरह प्लेन बोतल 280 रूपए, अद्धी 150 रूपए, पौवा 80 रूपए होगी। इसके लिए उन्होंने समस्त देशी मदिरा दुकानों में संशोधित दर वॉल राईटिंग करने को कहा है।

पुरानी रंजिश पर युवकों में मारपीट

महासमुंद। पुरानी रंजिश पर दो युवकों में मारपीट हो गई। स्वीपर कालोनी पिथौरा निवासी नरेंद्र डोंगरे (19) सोमवार दोपहर 2 बजे काम कर रहा था तभी मोहल्ले के विजय महानंद ने पुरानी बात पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

दो युवकों से 22 लीटर शराब जब्त

महासमुंद। पंडरीपानी मार्ग पर सिंघोड़ा पुलिस ने रायगढ़ जिले के दो युवकों से 22 लीटर महुआ शराब बरामद की। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम 7 बजे गुठानीपाली-पंडरीपानी के पास बाइक क्रमांक सीजी 04 सीजेड 6125 को रोककर तलाशी ली। जिसमें सवार बरमकेला सिंघारी निवासी गजानंद साव और मेंडरा बरमकेला निवासी पंचराम सिदार पिता देवधर के कब्जे 22 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

विषपान कर वृद्ध ने दी जान

महासमुंद। तेंदूकोना थानाक्षेत्र के हनुमानडीह निवासी आत्माराम पिता घसियाराम (65) ने सोमवार सुबह 7 बजे जहर सेवन कर ली। जिससे उनकी मौत हो गई। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

फुटवियर की दुकानें सप्ताह में मंगलवार और शनिवार को खुलेंगी

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुनील कुमार जैन ने जिले के व्यापारी संघों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। महासमुंद जिले के समस्त सीमा क्षेत्र के अंतर्गत संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने हेतु 17 मई तक पूर्णतया तालाबंदी (लॉकडाउन) का आदेश दिए गए हैं। जिले के ग्रीन जोन में होने के फ्लस्वरूप कार्यालय, प्रतिष्ठान, वस्तुओं, सेवाओं को भी शर्तों के अधीन (लॉकडाउन) से छूट प्रदान की गई हैं। इनमें फुटवियर की दुकानें सप्ताह में 02 दिवस मंगलवार एवं शनिवार को सुबह 9 बजे से दो बजे तक ही खुलेंगी। इस आदेश के तहत् पूर्व के आदेशों एवं इस आदेश के तहत् लॉकडाउन से छूट प्रदान किए गए कार्यालय, प्रतिष्ठान, सेवाओं के प्रमुखों की यह जिम्मेदारी होगी कि लॉकडाउन उपायों में सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग), स्वच्छता एवं इस संबंध में भारत सरकार, राज्य सरकार, स्वास्थ्य विभाग तथा समय-समय पर अन्य संस्थानों के द्वारा दिये जा रहे निर्देशों का अनिवार्य रूप से अक्षरशः पालन सुनिश्चित करेंगे।

चलती वाहन से उड़ाया नोट लोगों में बना भय, पुलिस जांच में जुटी

■ शराब भट्टी के पास उडाए गए नोट, बैंक के पास खडे लोगो ने दी जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। चलती हुई गाड़ी से 100 और 200 सहित 10 और 20 के नोट फेके जाने का मामला सामने आया है। जिसमें चलती हुई वाहन से 470 रूपए फेके गए है। इस घटना के बाद से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। दरअसल नोटों में थूक लगाकर फेंके जाने की घटना का कुछ माह पहले सोशल मीडिया में यह वीडियो खुब वायरल हुआ था। जिसके बाद से लोग अब और ज्यादा सतर्क हो चुके हैं। वहीं कबीरधाम जिले के पांडातराई क्षेत्र में चलती हुई वाहन से 10, 20, 100 और 200 के नोट फेके जाने का तरोताजा मामला सामने आया है। दरअसल मंगलवार को एक वाहन नगर पंचायत पांडातराई की ओर से कवर्धा की ओर आ रही थी। इसी बीच जब यह वाहन शराब भट्टी के पास पहुंची तो, उसमें बैठे एक व्यक्ति ने अचानक नोट फेंकना शुरू कर दिया। जिसे बैंक के पास खड़े लोगों ने देखा और इसकी जानकारी तत्काल ही पांडातराई थाना को दी गई। मौके पर पांडातराई थाना के प्रभारी सहित पूरी टीम पहुंच गई। वहीं नोट को हाथों में गल्बस लगाकर पॉलीथिन में रख लिया गया है। अब तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि यह नोट जानबूझकर उड़ाए गए हैं या फिर धोखे से गिर गया है। फिलहाल लोगों में इस विषय को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही है। वहीं सोशल मीडिया में भी यह मामला देर रात तक चलता रहा। फिलहाल इस मामले को लेकर जांच जारी है। पांडातराई थाना के प्रभारी ने बताया कि लोगो को द्वारा उन्हे जानकारी दी गई कि वाहन में कवर्धा की ओर जा रहे कुछ लोगो ने चलती हुई वाहन से 10,20,100 और 200 के नोट को सडको पर फेंक दिया है। घटना स्थल पर जा कर देखा गया तो जानकारी सही पाई गई। वहीं हाथो में गल्बस लगाकर उन नोटो को पॉलिथीन मे रखा गया है। साथ ही उक्त वाहन को पकडने नाकाबंदी भी करा दिया गया है। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि नोट के फेंके जाने या धोखे से गिरने के विशय में क्या मामला है।

संवेदना द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया

महासमुंद। ग्राम खरोरा में सामाजिक संगठन संवेदना'द्वारा नवा तालाब के पास स्थित पानी टंकी के पास सफाई अभियान चलाकर सफाई व स्वच्छता के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। कोरोना के वैश्विक महामारी व लॉकडाउन के चलते सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये संवेदना संस्था द्वारा कोरोना से बचने लोगो को जागरुक किया जा रहा है। विदित हो कि गाँव में जागरुकता के अनेक कार्यक्रम चलाये जाते है। सफाई अभियान में संवेदना समूह के मनीष चंद्राकर,मेमन चंद्राकर,ओम प्रकाश चंद्राकर,सुकनंदन धीवर,जितेंद्र कुमार चंद्राकर,जिवराखन व मुकेश चंद्राकर ने श्रम दान कर स्वच्छता का सन्देश दिया।

बिना मास्क पहने न निकलें बाहर, सोशल डिस्टेंस का करें पालन

■ विधायक ने की लॉकडाउन का पालन करने की अपील, एसपी से भी की चर्चा

महासमुंद। लॉकडाउन में छूट मिलने के बाद अधिकांश लोग बिना मास्क के घरों से निकल रहे हैं। वहीं कोरोना वायरस से बचाव व रोकथाम के लिए सोशल डिस्टेंस का पालन भी नहीं कर रहे हैं। ऐसे लोगों की इस तरह की लापरवाही खतरा साबित हो सकती है। इधर, विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने घरों में रहकर कोरोना से लड़ाई में अपना योगदान देने की बात कहते हुए लॉकडाउन का पालन करने की अपील की है। उन्होंने बिना मास्क के घरों से बाहर निकलने व सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं किए जाने पर चिंता जताते हुए पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर से चर्चा करते हुए इसका पालन कराए जाने पर जोर दिया। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि जिले में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज नहीं मिलने के कारण जिला प्रशासन ने छूट दी है। जिसका कुछ लोग द्वारा फायदा उठाते हुए बेवजह घूमने निकल रहे हैं। जबकि सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए लोगों को अपने-अपने घरों से बाहर निकलने पर मास्क व गमछा का इस्तेमाल करना अनिवार्य है। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि कोरोना का संकट अभी टला नहीं है। लॉकडाउन हटने के बाद भी कई महीनों तक सोशल डिस्टेंस का पालन व मास्क लगाना जरूरी रहेगा।

कोरोना से निपटने धरमचंद श्रीश्रीमाल ने दिए एक लाख

महासमुंद। वरिष्ठ समाजसेवी धरमचंद श्रीश्रीमाल ने जीवनदीप समिति जिला चिकित्साल को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की हैं। श्रीश्रीमाल भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला इकाई महासमुंद के उपाध्यक्ष

हैं और हाल ही में उन्होंने कलेक्टर सुनील कुमार जैन से चर्चा कर कोरोना वायरस को लेकर जिले में जारी नियोजन गतिविधियों के संचालन की दिशा में स्वेच्छापूर्वक सहायता करने की मंशा प्रकट कर आर्थिक सहयोग करने का प्रस्ताव रखा था। जिसे उन्होंने 3 मई को अपने जन्म दिन के अवसर पर पूर्ण किया। साथ ही उन्होंने वरिष्ठ समाजसेवी के रूप में एक दफा पुनः अपनी भूमिका मजबूत करते हुए स्थानीय समाज सेवियों से मदद के लिए खुल कर सामने आने और जनहित में स्वस्फूर्त योगदान करने की अपील की। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ परदल ने भी उनके सहयोगी एवं मार्गदर्शी व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताया।

पार्षद निखिलकांत ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया

महासमुंद। पार्षद निखिलकांत साहू ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इसमें कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए किए गए टोटल लॉकडाउन के दौरान भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने कर्तव्यों का निबार्ध रूप से पालन कर रही हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों के बंद रहने की स्थिति में आंगनबाड़ी सेवा से सम्बद्ध 6 माह से 6 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों एवं गर्भवती/धात्री माताओं को टेक होम राशन और रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय किया जा रहा है।

शराब की अब होम डिलिवरी

महासमुंद। सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड-19 के फैलाव को नियंत्रित करने के उद्देश्य से शराब की होम डिलिवरी की अनुमति भी शासन ने प्रदान की है। राज्य की मदिरा दुकानें छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित हैं। शासन के आदेश के पालन में मदिरा दुकानों में भीड़ को नियंत्रित करने सोशल एवं पर्सनल डिस्टेंसिंग के पालन की दृष्टि से डिलिवरी बॉय के माध्यम से मदिरा प्रदाय की व्यवस्था की शुरुआत की गई है। यह व्यवस्था वर्तमान में भारत सरकार के आदेश के तहत ग्रीन जोन में शुरू की गई है। मदिरा की बुकिंग की वेबसाइट का ऐड्रेस http://csmad.in है। उक्त वेबसाइट के माध्यम से मदिरा की को डिलिवरी की बुकिंग की जा सकती है। बुकिंग वेबसाइट http.diesmad-in में जाकर बटन को क्लिक कर अथवा गूगल प्ले स्टोर में खोज कर उसे मोबाइल में इंस्टॉल किया जा सकता है।

सेन्ट्रल बैंक परिवार की ओर से की गई 1100 हेण्ड ग्लब्स की सहायता

राजनांदगांव। सेन्ट्रल बैंक परिवार राजनांदगांव की ओर से एक हजार 100 हेण्ड ग्लब्स स्वास्थ्य विभाग को दान दिया गया है। जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनुजा सलाम को आज उनके कार्यालय में सेन्ट्रल बैंक परिवार की ओर से चीफ मैनेजर श्री विभोर दशोरा ने कोरोना पीड़ितों के इलाज के लिए उपयोगी हेण्ड ग्लब्स प्रदान किया। श्रीमती तनुजा सलाम ने कोरोना संकट की इस घड़ी में सहयोग के लिए सेन्ट्रल बैंक परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

कोविड -19 के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रतिबद्ध टीम जिला चिकित्सालय में निरंतर दे रही सेवाएं

राजनांदगांव। जिला चिकित्सालय में डॉक्टर एवं उनकी टीम कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण का चिन्हांकन करने के लिए निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है। जिनमें डॉ. रोशन कुमार, डॉ. संदीप, डॉ. शिवांगी वैष्णव, एल टी भूपेन्द्र, डॉ. गजेन्द्र सलामे कोविड-19 से आवश्यक सावधानी रखते हुए आने वाले जनसामान्य का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं और उन्हें आवश्यक सावधानी रखनी के लिए भी कह रहें है। डॉ. रोशन ने कहा कि पूरी टीम स्वास्थ्य सेवा में लगे हुए हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी को सुरक्षा के तय नियमों का पालन करना चाहिए। कोविड -19 से बचाव में ही सुरक्षा है।

मुख्यमंत्री जिला राहत कोष में एक लाख 3 हजार रूपए प्राप्त

राजनांदगांव। नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) से प्रभावितों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री जिला राहत कोष में आज 5 मई 2020 को 1 लाख 3 हजार रूपए प्राप्त हुए। जिसमें उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव द्वारा 63 हजार रूपए का नगद तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव द्वारा 40 हजार का चेक प्राप्त हुआ।

नन्हें बच्चों ने चकमक अभियान के तहत पत्ती-पत्ती जोड़कर बनाए सुन्दर फूल और कलाकृतियां

राजनांदगांव। छुरिया विकासखंड के ग्राम घोघरे सहित अन्य ग्रामों में भी नन्हें बच्चों ने चकमक अभियान के तहत पत्ती-पत्ती को जोड़कर सुन्दर फूल एवं कलाकृतियां बनाई। तनमयता से विभिन्न रंगों का उपयोग करते हुए इन बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। लॉकडाउन के दौरान बच्चों के हुनर एवं रचनात्मकता को दिशा मिली।

पोषण आहार देने के लिए घर-घर दस्तक दे रही है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं

राजनांदगांव। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत पोषण आहार देने के लिए घर-घर जाकर दस्तक दे रही हैं। वितरण के दौरान कोविड-19 से बचाव की भी जानकारी दे रहे हैं। ग्राम बघेरा, परसबोड, कलडबरी सहित अन्य ग्रामों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं अपना दायित्व निर्वहन कर रही है।

पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा पीपीई किट, मास्क और हेंड ग्लब्स बतौर सहयोग दिया गया

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में पूज्य सिंधी पंचायत राजनांदगांव द्वारा 100 पीपीई किट, 100 एन-95 मास्क तथा 1000 हेण्ड ग्लब्स बतौर सहयोग दिया गया। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, महासचिव अमर लालवानी, वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, मीडिया प्रभारी अर्जुनदास गंगवानी ने कलेक्टर श्री मौर्य को यह सामग्री प्रदान की।

कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने पूज्य सिंधी पंचायत के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि लॉकडाउन में मिली छूट के बाद अनेक व्यवसायिक गतिविधियां शुरू हो गई है। व्यवसायियों को दुकानों में सामानों का लेन-देन करते समय कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। सभी दुकानों में ग्राहकों के लिए सोशल डिस्टेसिंग का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। दुकानदार स्वयं ग्राहकों को इसके लिए समझाईश दें। श्री मौर्य ने कहा कि दुकानदारों को भी उपयुक्त मास्क का निरंतर उपयोग किया जाना चाहिए। इसके अलावा हर आधे घंटे में हाथों को सेनेटाईज करना चाहिए। उसी प्रकार केश काउंटरों और बैठने के स्थानों में सेनेटाईज करना जरूरी है।

कलेक्टर श्री मौर्य ने पूज्य सिंधी पंचायत के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि दानदाताओं से अब नगद राशि या राशन सामग्री नहीं लिया जाएगा। उन्होंने दानदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे खरीदकर कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए उपयोगी मास्क सहयोग के बतौर दे सकते हैं। श्री मौर्य ने कहा कि पेण्ड्री के शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन में कोविड-19 अस्पताल बनाया गया है। यहां पर 160 बेड इलाज के लिए तैयार है। अस्पताल में कोविड-19 गर्भवती माता के लिए वार्ड, सिजेरियन एवं सामान्य प्रसव कक्ष, रक्त परीक्षण के पैथोलॉजी लैब, कोविड-19 वायरोलॉजी लैब की स्थापना की गई है। कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज करने वाले डॉक्टरों और नर्स के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था हॉस्पिटल में की जाएगी।

लॉकडाउन में श्रमिकों का अवैध परिवहन करते दो और हाईवा जप्त, टास्क फोर्स की कार्यवाही

- सरईश्रृंगार चेक पोस्ट पर पकड़ाए हाईवा, पहले ही दिन पकड़ाए तीन वाहन

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा । कोयला ढोने के काम मे लगे दो और हाईवा वाहनो को आज देर शाम सरईश्रृंगार चेकपोस्ट पर विशेष टास्क फ़ोर्स ने पकड़ा और दोनों हाईवा को जप्त कर लिया गया। इसे मिलाकर आज तीन कोयला परिवहन करने वाले वाहनो को प्रवासी मज़दूरों को अवैध तरीक़े से ले जाने के मामलों में जप्त किया जा चुका है ।कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पूरे देश में चल रहे लॉक डाउन के दौरान प्रवासी श्रमिकों के अवैध तरीके से परिवहन पर आज विशेष टास्क फोर्स ने दीपका के सरईसिंगार क्षेत्र में कार्यवाही की है। कोल परिवहन में लगे तीन डम्फरों को जप्त किया गया है और उनके चालको के विरूद्ध भी विधि सम्मत कार्यवाही की जा रही है।

मंगलवार को दीपका क्षेत्र के हरदीबाजार रोड पर डम्फर क्रमांक सीजी-10 ए के 9249 से श्रमिकों को उतरता देख टास्क फोर्स के अधिकारियों ने पूछताछ की और मजदूरों के अवैध परिवहन पर डम्फर को जप्त कर लिया। इस डम्फर में लगभग 15 मजदूर सवार थे। सभी मजदूर झारखंड के पलामू जिले के निवासी हैं और हैदराबाद में काम कर रहे थे। लॉक डाउन होने के कारण काम बंद हो जाने से यह सभी मजदूर अपने घरों के लिए निकले थे।

इसी तरह देर शाम सरई श्रृंगार चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान हाईवा क्रमांक सीजी 13-LA 4766 और OD 23 F 0425 को मज़दूरों का अवैध करते पकड़ा गया । इन दोनो कोल वाहनो में 40 प्रवासी मज़दूर सवार थे,जिनमे 38 झारखंड, एक ओड़िशा और एक मध्य प्रदेश था।झारखंड सभी 38 श्रमिकों को सरई श्रृंगार चेक पोस्ट से बस से आई टी कालेज झगरहा भेजा गया,जहाँ से उन्हें झारखंड सरकार द्वारा भेजी गई बसों से झारखंड के लिए रवाना कर दिया गया है। बाँकी दो श्रमिकों को हरदीबाज़ार के कुआरेंटाईन सेंटर में रखा गया है।

कोल परिवहन करने वाले वाहनो में इन मजदूरों को सवार कर अवैध तरीके से परिवहन करने, कोविड-19 प्रोटोकाल का उल्लंघन करने तथा संक्रमण फैलने की आशंका से महामारी अधिनियम के उल्लंघन पर यह कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के दौरान प्रभारी अधिकारी श्री संजय मरकाम, कार्यपालिक दण्डाधिकारी श्री सोनू अग्रवाल , परिवहन विभाग के उप निरीकक्ष श्री सुजित सिन्हा एवं पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने कोल परिवहन करने वाले वाहनों में प्रवासी श्रमिकों के अवैध रूप से जिले में आने की निगरानी करने के निर्देश पहले ही अधिकारियों को दिए हैं। कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए कोल क्षेत्रों के रिहायसी इलाकों में बाहरी लोगो, ड्राईवरों, हेल्परों आदि के आने-जाने और कोल परिवहन की गाड़ियों को रिहायशी क्षेत्रों में रोकने की भी मनाही प्रशासन ने की है। आज की कार्यवाही को कलेक्टर के इन्हीं निर्देशों पर किया गया है। बाहर से आने वाले प्रवासी श्रमिकों के जिले में घुसने की संभावित सड़कों एवं जगहों पर 21 चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं। जिन पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारी लगातार निगरानी में लगे हैं।

न्यूज गैलरी

नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बीजापुर। कलेक्टर के. डी. कुंजाम ने आज राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरू हेतु प्रदत्त नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर कलेक्टर के.डी. कुंजाम, सीएमएचओ डॉ. बी. आर. पुजारी, डीपीएम राजीव रंजन मिश्रा, बाबू गोपाल साहू एवं 108 एम्बुलेंस के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर जनगम आलिया, ईएमटी तरुण, पायलट किशोर मौजूद थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास के बयान का आईटी सेल जिला अध्यक्ष मोहित चौहान ने किया पलटवार

बीजापुर। भाजपा जिला अध्यक्ष मुदलियार जी सायद यह भूल रहे है कि पिछले 15 वर्ष की भाजपा की सरकार में इन्ही तेन्दु पत्ता देकेदारो की आपने भी जी

हुजूरी और मेहमान नवाजी की है। आज सत्ता से वंचित हो जाने के कारण आज इन भाजपाइयों की रोजी रोटी पर प्रभाव पड़ रहा है इस कारण आज की स्थिति में मौजूदा सरकार का विरोध कर रहे है पिछले दौर में बहुत सा हरा सोना इन लोगो ने तेलांगना और दूसरे प्रदेशों से आये तेंदूपत्ता ठेकेदारों से एकत्रित किया था आज करने में ना कामयाब साबित हो रहे है जिस कारण से तेंदूपत्ता ठेकेदारों के विरोध कर रहे है। एक इस्तर से देखा जाए तो भाजपा इस क्षेत्र के आदिवासियों का हित चाहती ही नहीं है अगर चाहती तो तेंदूपत्ता ठेकेदारों के विरोध नहीं करती क्यो की बहुत से गरीब आदिवासियों के घरों में तेन्दुपत्ता को तोड़कर तेंदूपत्ता ठेकेदारो को विक्रय कर के उनके परिवारों का पालन पोषण किया जाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष बेबुनियाद आरोप लगा कर मीडिया और सोशल मीडिया के जरिये अपनी टीआरपी बढ़ाने का कार्य कर रहे है उन्हें यह तक नही पता कि मेरे द्वारा दिया गया बयान पार्टी के हिट में है या नही।

सेवानिवृत निरीक्षक रामपाल सिंह ने 5 हजार कलेक्टर निधि में दिए सहयोग

जांजगीर। पुलिस विभाग से सेवानिवृत निरीक्षक रामपाल सिंह खरसन द्वारा अपने पेंशन निधि से कोविद -19 कोरोना वायरस के सुरक्षा में लगे लोगों की सहायता के लिए पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारुल माथुर को नगद 5000 रुपए सहायता राशि कलेक्टर निधि में दिए है।श्री खरसन ने लोगो से अपील किये है कि लोग घर मे रहे और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते रहे।

अन्य राज्य से आए लोगों की जानकारी कंट्रोल रूम में देने आयुक्त की अपील

कोरबा ।आयुक्त श्री राहुल देव ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि अन्य राज्य से आए हुए व्यक्तियों की जानकारी वे तत्काल कलेक्ट्रेट अथवा निगम कार्यालय स्थित

कंट्रोल रूम में देवें। निगम द्वारा कोरन्टाईन सेंटर बनाए गए हैं, कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु आवश्यक है कि अन्य राज्य से आए लोग कोरन्टाईन में रहे, आपके द्वारा दी गई जानकारी से बाहर से आए लोगों को कोरन्टाईन करने में प्रशासन को सहूलियत होगी। निगम के नियंत्रण कक्ष का नम्बर 07759-221288 है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु भारत सरकार, छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा आदेश, निर्देश,गाईड लाईन एवं अन्य एडवाईजरी जारी की गई है। इसे देखते हुए यह आवश्यक है कि कोरबा जिले में जो भी व्यक्ति अन्य राज्य से प्रवेश करें, वे कोरन्टाईन में रहे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने आदेश जारी कर गाईड लाईन के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बाहर से आए लोगों को कोरन्टाईन करने हेतु कोरन्टाईन सेंटर बनाए गए हैं। आयुक्त श्री राहुल देव ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि बाहर से जो लोग भी आते है, उनकी जानकारी प्राप्त होते ही इसकी सूचना कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम अथवा नगर निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित कंट्रोल रूम में अवश्य देवें।

मयखाने खोल सोशल डिस्टेंसिंग व घरों की माली हालात खराब कर रही प्रदेश सरकार: लता उसेण्डी

- भाजपा लोक आन्दोलन खड़ा करने समेत हर संभावित विकल्पों को अपनाने में नहीं हटेगी पीछे

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागांव। भारतीय जनता पार्टी जिला कोंडागाँव के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लता उसेंडी एवं कोंडागाँव भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी, जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, गोपाल दीक्षित, की उपस्थिति में पूर्व मंत्री लता उसेंडी ने कहा कि अभी हम लोग लॉकडाउन-3 से गुजर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार लॉकडाउन की घोषणा करते हुए कहा था, जान है तो जहान है। फिर दुबारा हमने 'जान भी और जहान भी' के ध्येय वाक्य के साथ काम किया। अब इस तीसरी श्रेणी के लॉकडाउन का ध्येय है जान बची तो लाख उपाय।

पहले लॉक डाउन में एकमात्र प्राथमिकता जान बचाने की थी। देश-दुनिया ने पहले कभी इस तरह के हालात नही देखे थे, जब पूरा देश बल्कि पूरी दुनिया एक साथ एक ही चुनौती से जूझ रही थी। लेकिन यह मोदी जी के सशक्त नेतृत्व की ताकत थी कि आज दुनिया भर में अपनी क्षति न्यूनतम है। जहां दुनिया के सबसे विकसित और समृद्ध कहे जाते अमेरिका और इटली जैसे देशों में हाहाकार है, भारत अपेक्षाकृत न्यूनतम क्षति के साथ इस महामारी का सामना कर रहा है। अगर कुछ समुदाय विशेष की समस्या नहीं होती तो हालात और बेहतर होते। अब यह उम्मीद की जा रही है कि स्थिति नियंत्रण में होगी। कि ना कोई कोरोना से और कोई भूख से भी नहीं मरें लोग ।

जान बची तो लाख उपाय, के ध्येय को सामने रख कर देश ने धीरे-धीरे जन जीवन को पटरी पर लाने का सोचा। इसी सन्दर्भ में केंद्र का निर्देश आया कि कुछ ख़ास श्रेणियों के कारोबार को छोड़ कर शेष सभी कारोबार तय शर्तों के अधीन राज्य अपनी-अपनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शुरू कर सकते हैं। ऐसा करते समय निश्चय ही यह ध्यान में था, कि ना कोई कोरोना से और कोई भूख से भी नहीं मरें लोग। रोजी-रोजगार आदि शुरू हो।

समूचे देश मे छत्तीसगढ़ बना, शराब की घर पहुँच सेवा देने वाला राज्य

केंद्र के कथित निर्देश के बावजूद बिहार, गुजरात आदि में शराबबंदी है लेकिन कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में इसे मौके की तरह लपक लिया। सीएए और एनपीआर आदि में केन्द्रीय निर्णयों के खिलाफकागज़ नहीं दिखाने की बात करने वाले सीएम मानो इस मामले में पूरी तरह स्वयं को केंद्र विश्वासपात्र होने का भ्रम फैलाने लगे। वे यह झूठ फैलाने में लग गए कि केंद्र ने उन्हें मानो शराब बेचने के लिए नियुक्त किया हो। न केवल दुकानें खोली गयी बल्कि समूचे देश में पहली ऐसी छत्तीसगढ़ सरकार बन गयी है, जो शराब की घर पहुँच सेवा देने वाली है। इससे पहले ही एक स्वतंत्र सर्वेक्षण के अनुसार शराब की खपत में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को नंबर वन बना दिया ही था।

गंगाजल उठाकर प्रदेश में शराबबंदी का वादा किया था

दुर्भाग्य की बात है कि ऐसा कृत्य कांग्रेस की वह सरकार कर रही है, जिसने गंगाजल उठाकर प्रदेश में शराबबंदी का वादा किया था। तब के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल आदि ने शराबबंदी को लेकर अनेक आन्दोलन किये। अनेक ट्वीट आप सबने शराबबंदी के पक्ष में कांग्रेस नेताओं का देखा होगा। राहुल गांधी ने कहा था कि अगर घोषणा पत्र पर अमल नहीं किया तो वे सीएम बदल देंगे। अभी अमल करने की बात तो दूर उलटे घर-घर शराब पहुचाने का ठेका सीएम भूपेश बघेल ने ले लिया है। इससे दुर्भाग्यजनक और क्या हो सकता है?

मरीजों का इलाज़ चल रहा केन्द्रीय एम्स के भरोसे

अत्यंत दुर्भाग्य की बात है कि केंद्र के उस औपचारिक निर्देश में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को केवल मदिरा की दुकान खोलने का निर्देश समझ आया। प्रदेश भर में सारा आवश्यक कार्य ठप पड़ा हुआ है। मरीजों का इलाज़ केन्द्रीय एम्स के भरोसे चल रहा, तो राहत आदि कार्यों में स्वयं सेवी संस्थायें जुटी हुई है। पर इन सबको पीछे छोड़ते हुए कांग्रेस सरकार ने सीधे तौर पर केवल शराब की दुकान खोलना मुनासिब समझा।

सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना लोग भूल रहे हैं, उड़ रहीं नियमों की धज्जियां

- लॉकडाउन का उल्लंघन करना लोगों का शौक बन गया मानो लॉकडाउन है कि नहीं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन मुंगेली के अधिकांश दुकानों में नजर नहीं आ रहा है

मुंगेली। लॉकडाउन अवधि 3 मई को पूर्ण होने व ग्रीन जोन वाले जिला मुंगेली में 4 मई से छूट दिये जाने से बाजार में लोगो का हुजुम उमड़ पड़ा है पिछले दो दिनों से बाजार में भीड़ इस कदर उमड़ रही है कि जिससे सोशल डिस्टेन्स मेनटेन करने में लोगो द्वारा भूल/चूक होने लगी हैं। जो चिंता का विषय बना हुआ है ग्रीन जोन, ग्रीन बना रहे इसके लिए सोशल डिस्टेन्स का मेनटेन होना अत्यंत आवश्यक है व इसके साथ माक्स लगाना व गाइडलाइन व एडवाइजरी का पालन भी अति आवश्यक है और वर्तमान समय में जब कोरोना हास्ट स्पाट से हमारे श्रमिक व मजदूर अपने जिले में वापिस लौट रहे है ऐसी अवस्था में संक्रमण के बचाव के लिए सोशल डिस्टेन्स मेनटेन करने के साथ गाइडलाइन का पालन करना अति आवश्यक हो गया है वर्ना संक्रमण फैलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता। जिला प्रशासन के समझाईश के बाद भी लोग लापरवाही बरत रहे है। नगर पालिका व जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही के बाद भी लोग सुधर नही रहे है। संक्रमण के बचाव के लिए मुंगेली पुलिस द्वारा नगर के व्यापारियों के साथ बैठक कर नियमों का पालन करने के लिए कहा गया था। लेकिन बाजार में जाने के बाद लोग नियमों को भूल जाते है

नियम

फिजिकल डिस्टेंस बनाकर रखे, लॉकडाउन के नियमों का पालन करें, कोविड-19 के प्रति ग्राहको में जागरूकता फैलाये, कपड़े के दुकानों में अधिक भिड़ होती है ग्राहको का अधिक समय ना ले दुकान के सामने टेबल या रस्सी लगाए, मास्क बनवाकर ग्राहकों को वितरण करें, दुकानों में हाथ धोने के लिएध्साबुन ध्पानीध्हैंडवास की व्यवस्था करें, सैनिटाइजर रखें, दुकान के बाहर सोशल टिस्टेंस के लिए गोला बनावे, दुकान समय पर खोली एवं बंद की जावे, सप्ताह में रविवार दुकान बंद रखने पर सहमति दी गई, दुकानों में 50 प्रतिशत स्टॉफहो ध्चेकिंग रूम को ना खोला जाए।

कोरोना से बचाव को परखने ग्राम गोड़खाम्ही में मॉकड्रिल

मुंगेली। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संकमण एवं बचाव हेतु अपनी तैयारियों को परखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में डेमो किया गया । संक्रमित मरीज को घर से अस्पताल तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने, कंटेनमेंट जोन, बफर जोन बनाने, कांटेक्ट ट्रेसिंग आदि तैयारी के संबंध में विकास खण्ड लोरमी के ग्राम गोड़खाम्ही में मॉकड्रील (पूर्वाभ्यास) किया गया।

इस मॉकड्रिल में कानून एवं व्यवस्था, चिकित्सा से जुड़ी टीम पूर्व निर्धारित समय पर पहुंच गयी। सूचना के कुछ समय के भीतर सभी सुरक्षात्मक उपाय के साथ मेडिकल टीम सहित एम्बुलेंस पहुंच गयी। डेमो कोरोना वायरस पॉजीटिव मरीज के निवास स्थान के आस - पास को सेनिटाईज किया गया मेडिकल टीम के साथ सम्पर्क ट्रेसिंग टीम भी पहुंच गयी एवं डेमो कोरोना वायरस पॉजीटिव मरीज एवं उसके परिजनों के सम्पर्क ट्रेसिंग फार्म भरा गया एवं समस्त सम्पर्कों की जानकारी ली गयी।

कंटेनमेंट जोन निर्धारित मॉकड्रील के दौरान कलेक्टर डॉ. भुरे के द्वारा समस्त कार्मिकों को स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर के अनुसार तत्परता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने बताया कि मॉकड्रिल में संभावित खतरे से बचाव एवं सुरक्षा को लेकर प्रशासन अपनी तैयारियों को परखता है एवं इस दौरान हुई त्रुटियों को सुधारा जाता है। इस प्रक्रिया में अंतर विभागीय एवं विभिन्न बचाव टीमों के मध्य समन्वय एवं मानक संचालन प्रक्रियाओं को धरातल पर परखा गया इस प्रकार मॉकड्रिल पुरी तरह सफल रहा।

मॉकड्रील के दौरान जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्रीमति नुपूर राशि पन्ना, लोरमी अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रूचि शर्मा सहित राजस्व, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

श्रीवास समाज की सैलून खोलने अथवा घर पहुंच सेवा देने की मांग

मुंगेली। सर्वसेन श्रीवास समाज जिला मुंगेली द्वारा कलेक्टर मुंगेली को ज्ञापन देकर सैलून दुकान खोलने या घर पहुच सेवा प्रदान करने के अनुमति की मांग की है। ज्ञापन में कहा है गया है कि कोरोना महामारी में सैलून को प्रतिबंधित किये जाने के कारण नाई समाज के लोग आर्थिक संकट से गुजर रहे है इस लिए उन्हें सैलून के खोलने अथवा घर पहुच सेवा की अनुमति दी जाए। घर पहुच सेवा में कपड़ा, तौलिया, टेबिल, कुर्सी, कंधी, सेनेटाइजर पूर्ण से हाईजेनिक हागी।

पेयजल समस्या : नपा अध्यक्ष श्रीमती सुषमा जायसवाल ने विस अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से की मांग पर स्वीकृति

सक्ती। शक्ति नगर पालिका के 18 वार्डों को पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दादु जायसवाल के द्वारा शक्ति विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से पेयजल समस्या को दूर करने के लिए राशि की मांग की गई थी गर्मी के मौसम में नगर के कई वार्डो पेयजल समस्या बनी रहती है इन सब को देखते हुए अध्यक्ष नगरपालिका श्रीमती सुषमा दादु जायसवाल की मांग पर

शक्ति विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के द्वारा नगरी प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया को अनुशंसा की गई थी जिस पर नगरी प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया के द्वारा 39 लाख रूपय की स्वीकृति प्रदान की गई उक्त राशि में प्रत्येक वार्ड में 300 लीटर स्टील की टंकी स्टैंड के साथ लगाई जाएगी जिसमें नगर वासियों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी इस पानी टंकी के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाएगी स्टील की टंकी लगने से कभी भी यह टंकी खराब नहीं होगी और लोगों को हमेशा पानी मिलता रहेगा वही नए खोदे गए बोर मैं पंप डालने का भी कार्य इसी राशि से किया जाएगा ।

गोबरधन के सुरक्षित ईंधन की व्यवस्था से खुशहाल हुए देवाडांड के पांच आदिवासी परिवार

बैकुण्ठपुर। गोबरधन योजना के सफल क्रियान्वयन के साथ ही ग्राम पंचायत देवाडांड़ में रहने वाले पांच आदिवासी परिवारों को अब चूल्हे जलाने की परेशानी से छुटकारा मिल गया है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कोरिया जिले के खड़गंवा जनपद पंचायत के ग्राम देवाडांड़ में गोबरधन योजना के तहत पहला गोबर गैस प्लांट स्थापित किया गया है। इस प्लांट से गैस का नियमित उत्पादन शुरू होने से पांच परिवारों को भोजन पकाने के लिए ईंधन जुटाने की समस्या से स्थायी रूप से निजात मिल गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी तूलिका प्रजापति ने

बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सबसे पहले देवाडांड के पांच परिवारों को चुना गया था जिनके पास पर्याप्त मात्रा में गोबर की उपलब्धता रहती हो। गोबर की उपलब्धता के आधार पर ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाकर प्री फेब्रिक बायो संयत्र की स्थापना की गई। रायपुर से आए प्रशिक्षितों ने इसे सेट किया और अब एक सप्ताह से पांच आदिवासी परिवारों को नियमित रूप से भोजन बनाने के लिए आवश्यक ईंधन पर्याप्त मात्रा में मिलने लगा है।

मिली जानकारी अनुसार इस योजना के लिए हितग्राही के पास कुल 13 पशुधन हैं जिनसे 250 किलोग्राम गोबर का नियमित अपशिष्ट प्राप्त होता है। पांच परिवार में महिला पुरूष और बच्चों को मिलाकर कुल 29 सदस्य हैं। सभी मूल रूप से कृषि कार्य से जुड़े हुए हैं और सभी की आजीविका का साधन कृषि संबंधी कार्य ही है।

यह संयत्र कैसे काम करता है

यह काफी आसान संयत्र है और इसका परिचालन करने के लिए कोई विशेष मेहनत की आवश्यकता नहीं है। सबसे पहले इसमें एक बड़ी टंकी स्थापित की गई है जिसमें सबसे पहले सात ट्राली गोबर और दो तीन टेंकर पानी डालकर उसका घोल बनाया गया। इस संयत्र को इसी अवस्था में कुल 45 दिन तक यूं ही छोड़ दिए जाने से इसमें पर्याप्त मात्रा में गैस बनना प्रारंभ हो गई। अब सभी पांच परिवारों के लिए ईंधन की दैनिक खपत के अनुरूप इससे लगभग 10 क्यूबिक मीटर गैस का निर्माण शुरू हो चुका है। गैस निर्माण को सतत रखने के निए इसमें प्रतिदिन ढाई सौ किलो गोबर को पानी के साथ घोलकर डाला जाता है। इससे गैस बनने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहता है। वही जिले में इस योजना के तहत जिले के 46 ग्राम पंचायतों को चयनित कर प्लांट लगाया जा रहा है। इसमें भरतपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत मानपुर, केसौड़ा, लरकोड़ा, कंजिया, कमर्जी, फुलझर, बेलगांव, कुंवारपुर तथा मोहनटोला ग्राम पंचायत शामिल की गई हैं। बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत पटना, बुड़ार, नगर, सोरगा, आनी, सरईगहना, बरपारा, बरदिया, आमगांव और बड़गांव शामिल हैं। खड़गंवा के उधनापुर, दुग्गी, मुगुम, कंदरेवा, अमका, देवाडाड, सैंदा, शिवपुर, साल्ही, बरदर पंचायतों में यह प्लांट स्थापित किया जाना है।

कोरोना वायरस को हराने की जंग में शहरी क्षेत्र से ज्यादा ग्रामीण अंचलों के लोग हैं बेहद जागरूक

- गांव के गली मोहल्लों सहित हर घर को कर रहे सेनेटाइज-
- पंचायतकर्मी फॉग मशीन से कर रहे छिड़काव, गांव में रखा जा रहा साफ-सफाई का ध्यान

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए जहां शासन-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। वही शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में लोग कोरोना को हराने की जंग में शिद्दत के साथ सिर्फ जुटे ही नही है। बल्कि शहरवासियों को लॉक डाउन का पालन करने की भी सीख दे रहे हैं। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए जिले के पंचायतो में फॉग मशीन के जरिये गाँवो को सेनेटाइज किया जा रहा हैं। गांव के हर गली-मोहल्लों तथा प्रत्येक घरों को सेनेटाइज किया जा रहा हैं। मशीन के जरिये सेनेटाइजर का छिड़काव किया जा रहा हैं। कोरोना को मात देने के लिए ग्रामीण अंचलों में रह रहे लोग पूरी तरह सक्रिय और बेहद जागरूक नज़र आ रहे हैं। वही जिले के पंचायतो के सरपँच एवं सचिव द्वारा भी कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु विशेष ध्यान रखते हुए गांव के हर गली-मोहल्लों एवं घरों को सेनेटाइज किया जा रहा हैं। नालियों की सफाई भी निरंतर की जा रही हैं। नालियों में डीडीटी का छिड़काव किया जा रहा हैं। साफ सफाई की समुचित व्यवस्था की गई हैं। यहां यह कहना गलत नही होगा कि शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों के लोग बेहद ही जागरूक और सक्रिय नज़र आ रहे हैं। जिले की कई निकायों में तो सेनेटाइजर का छिड़काव अभी-अभी शुरू किया गया हैं। लेकिन जिले के अधिकांश गांव शुरुआती दौर से ही कोरोना को हराने की जंग में सक्रिय भूमिका निभा रहा हैं।

> शासन स्तर से 14 वां वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त राशि को ग्राम पंचायतों में कोरोना महामारी (कोविड-19) को रोकने के लिए उपयोग में लाने आदेश आये हैं, उक्त आदेश का पालन करते हुए सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को पत्र लिख निर्देशित किया गया हैं, कोरोना महामारी को हराने गाँवो में साफ-सफाई, स्वच्छता, नालियों की सफाई एवं गली-मोहल्लों को सेनेटाइज करने सरपँच एवं सचिव को निर्देशित किया गया हैं।
>
> **लोकेश चंद्राकर,** सीईओ जिला पंचायत, बालोद

आज बुधवार को सेन समाज बालोद द्वारा कोरोना वॉररियस का फुल वर्षा व ताली बजाकर किया गया स्वागत

बालोद। नगर पालिका में कार्यरत फायर ब्रिगेड के कर्मचारी किशोर सेन, कुलदीप यादव व डी आर धुर्वे का सेन समाज ने स्वागत किया इन तीनो कर्मचारियों में किशोर सेन समाज से है और पुरे बालोद शहर को सेनेटाइज करने में लगे हुए हैं। कोरोना रूपी महामारी को रोकने हेतु ये अपनी जान जोखिम मे डालकर सेवा मे लगे हुए हैं इन वारियर्सो को सेन समाज सम्मान करती है। सम्मान करने वाले सेन समाज के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कौशिक,बालोद इकाई सचिव मुकेश कौशिक,सुरेन्द्र कौशिक ,दीपक कौशिक, कमलेश कौशिक, मनोज श्रीवास, खुमेश सेन डोमेद सेन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेन समाज के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा कि किशोर सेन समाज को प्रेरणा दे रहा है। आज इस कठिन दौर मे जब सेन समाज अपनी सैलून बंद कर लोगो के जान माल बचाने ईश्वर से प्रार्थना कर रहा है ।लोग कोरोना वायरियर्स का फुल वर्षा व ताली बजाकर स्वागत कर रहे है ।इस विकट परिस्थिति मे सेन समाज की माली हालत गंभीर हो गई है ।रोजी रोटी छीन गई है फिर भी करोना वायरस को भगाने मे शासन प्रशासन को सहयोग कर रही है।

वृद्धा पेंशन के लिए पार्षद कमलेश की मेहनत रंग लाई

बालोद। वृद्ध महिला वार्ड क्रमांक 02 संजय नगर निवासी उर्मिला बाई पटेल बेवा स्व.श्री दसरू पटेल जो की वृद्धा पेंशन की हितग्राही है, वृद्धा वस्था अधिक होने के कारण आधार लिंक नही होने के चलते 72 वर्षीय महिला हितग्राही को विगत 20 माहो से पेंशन अप्राप्त था..जिसकी सूचना पार्षद कमलेश सोनी के द्वारा नगरपालिका व तहसीलदार श्रीमती रश्मि वर्मा के सज्ञान में लाने पर उनके अथक प्रयास से पेंशनग्राही का भुगतान समाज कल्याण के संवेदनशील अधिकारी कर्मचारी के माध्यम से हितग्राही के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के खाते में अंतरण किया गया, जिसको आज दिनांक को ब्रांच के मैनेजर अजीत दुबे जी के आदेश पर उनके स्टाफके कर्मचारी के माध्यम से घर जाकर वस्तु स्थिति का जायजा लेकर व वार्ड पार्षद का अनुशंसा पर तहसीलदार श्रीमती रश्मि वर्मा व वरिष्ठ पार्षद कमलेश सोनी की उपस्तिथि में वृद्ध हितग्राही बेवा श्रीमती उर्मिला पटेल को पिछ्ले 20 माहो से रुका हुआ पेंशन राशि प्रदान किया गया... सम्बन्धित परिवार के द्वारा बहुत बहुत आशीर्वाद वार्ड पार्षद कमलेश सोनी, तहसील दार श्रीमती रश्मि वर्मा समाज कल्याण के अधिकारी, कर्मचारी न पा के अधिकारी कर्मचारी व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारी व कर्मचारी को आर्थिक संकट से उबारने के लिए बारम्बार धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया।

सांसद प्रतिनिधि संदीप लोढा ने बालोद कलेक्टर से मुलाकात कर नगर की समस्याओं को बताया

बालोद। डौण्डी लोहारा नगर पंचायत के नवनियुक्त सासंद प्रतिनिधि संदीप लोढा ने बालोद जिला कलेक्टर श्रीमती रानू साहू से सौजन्य मुलाकात की व डौण्डी लोहारा नगर से सम्बंधित समस्याओं की और ध्यान आकृष्ठ कर इसके निदान की मांग की संदीप लोढा ने भीषण गर्मी को देखते हुए नगर में भूजल स्तर में गिरावट व बोर पम्पों में पानी की कमी को देखते हुए बोर खनन व पेयजल सप्लाई हेतु राशि स्वीकृति प्रदान करने की बात कही जिस पर बालोद कलेक्टर ने इस जायज समस्या पर कहा कि हमारे द्वारा डौण्डी लोहारा में नए बोर खनन के लिए सम्बंधित अधिकारियों को बोल दिया गया है। और कहा गया है कि आमजनता को पेयजल उपलब्ध कराने की जरूरी व्यवस्था करे किसी भी वार्ड से पानी नही मिलने की शिकायत नही मिलनी चाहिए वही संदीप लोढा ने डौण्डी लोहारा में खुले शराब दुकान को बन्द करने व इस महामारी के दौर में शराब दुकानों को बन्द करने का आग्रह किया ज़िस पर कलेक्टर ने कहा कि यह प्रदेश शासन का निर्णय है ।चूंकि हमारे द्वारा सोशल डिस्टेंस बना रहे व व्यवस्था के तहत इसका संचालन हो ये जरूरी कदम उठाए जा रहा है। संदीप लोढा अपने पुत्र सयंम लोढा के साथ जिला कलेक्टर से मुलाकत करने पहुंचे थे प्रतिनिधि लोढा ने कोरोना रोकथाम के लिए बालोद प्रशासन के द्वारा त्वरित निर्णय लेने व बेहतर कानूनी व्यवस्था बनाये रखने के लिए बालोद कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कोटा में पढ़ाई कर रहे 32 स्टूडेंट को रायगढ़ से लेकर सूरजपुर पहुंची बस

- सूरजपुर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को सुरक्षित घर वापसी को लेकर कराया व्यापक इंतेजाम

सूरजपुर। राज्य शासन ने कोटा में मेडिकल व इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की पढ़ाई कर रहे छात्रों की परेशानी को देखते हुए उनकी मदद के लिए कदम बढ़ाया और उन्हें कोटा से लाकर विभिन्न जिलों में 14 दिनों के लिए क्वारैंटाइन किया था। जिन्हें अब उनके गृह जिलों में बसों से पहुंचाया जा रहा है, हालाकि अब सभी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को 14 दिनों तक घरों पर ही होम आईसोलेशन में रहना होगा ताकि कोविड-19 के संक्रमण के संभावित खतरे से बचा जा सके। इन बच्चों को

सुरक्षित घर वापसी को लेकर सूरजपुर कलेक्टर श्री दीपक सोनी व पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुकरेजा ने व्यापक इंतेजाम कराया है।

सूरजपुर कलेक्टर श्री दीपक सोनी के द्वारा कोटा के स्टूडेंट जो रायगढ़ से सूरजपुर में आ रहे है उनका थर्मल स्क्रीनिंग जांच, बच्चों को मास्क वितरण, स्टूडेंट को उनके अभिभावकों के साथ घोषणा पत्र लेकर भेजने एवं वाहन के सेनेटाईजेशन की व्यवस्था कराई है। प्रशासन की टीम के द्वारा बच्चों के जिले में आने की सूचना पूर्व से ही सभी पालकों को दे दी गई थी।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश कुकरेजा ने कोटा में पढ़ने वाले बच्चों के जिले में पहुंचने पर सोशल फिजिकल डिस्टेंसिंग के साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए भारी संख्या में पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

बुधवार 06 मई 2020 को कोटा में पढ़ने वाले 32 स्टूडेंट जिन्हें रायगढ़ में क्वॉरेंटाइन कर रखा गया था उन बच्चों को लेकर आज सुबह एक बस मुख्यमंत्री डीएव्ही पब्लिक स्कूल तिलसिवां सूरजपुर पहुंची। बसों से स्टूडेंट के उतरने के बाद सोशल डिस्टेंसिंग के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा उनका थर्मल स्क्रीनिंग करते हुए बच्चों को मास्क वितरण किया। विभिन्न जिलों में ठहरे 158 स्टूडेंट जो इस जिले के सूरजपुर, प्रेमनगर, प्रतापपुर, रामानुजनगर, भैयाथान व ओड़गी के रहने वाले है उनमें से 32 स्टूडेंट आ चुके है शेष स्टूडेंट भी जल्द यहां पहुंचेंगे।

अन्य राज्यों से लौटने वालों के लिए शिविर-क्वारेंटाइन सेंटर बनेगा

बेमेतरा/साजा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस (कोविड-19) से बचाव, रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है।। राज्य में कोरोना वायरस की महामारी से बचाव हेतु सामुदाय स्तर पर सक्रिय निगरानी रखी जा रही है। मरीजों की त्वरित पहचान कर शीघ्र उपचार किया जा रहा है। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ राज्य से अन्य राज्यों में रोजगार के लिए गए श्रमिकों और व्यक्तियों को अपने राज्य में वापस लाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत बड़ी संख्या में बाहर से मजदूर अपने जिले और गांव में आएंगे। इन सभी बाहर से आने वालों को क्वारेंटाइन सेंटर में रखा जाएगा। इसके लिए राज्य के सभी जिलों के ग्राम पंचायत के गांवों के बाहर क्वारेंटाइन सेंटर बनाए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्वारेंटाइन सेंटर बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए है। स्वास्थ्य विभाग की सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को क्वारेंटाइन सेंटर तैयार करने के संबंध में निर्देशानुसार समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से आवश्यक समन्वय से कार्य करने को कहा है।

छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में बाहर से आने वाले व्यक्तियों को क्वारेंटाइन हेतु क्वारेंटाइन सेंटर का चिन्हाकन किया जाए। ये क्वारेंटाइन सेंटर गांव के बाहर होने चाहिए तथा उस क्वारेंटाइन सेंटर से कोई व्यक्ति बाहर न जा सके, इस हेतु चारों ओर बेरिकेटिंग कराया जाए। इसकी निगरानी ग्राम पंचायत सचिव कोटवार द्वारा कराया जाए। यदि क्वारेंटाइन सेंटर किसी सामुदायिक भवन अथवा स्कूल में बनाया गया हो तो ऐसी व्यवस्था की जाए कि सेंटर के अंदर भी अलग-अलग खण्ड हो।

ग्राम पंचायत कोरदा में किया गया सैनिटाइजर का छिड़काव

लवन। ग्राम पंचायत में कोई भी व्यक्ति कोरोना संक्रमण का शिकार ना हो इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा सैनिटाइजर का छिड़काव किया जा रहा है। बुधवार को ग्राम पंचायत कोरदा में सैनिटाइजर का छिड़काव ग्राम पंचायत सरपंच खेतर सिंह ध्रुव, पंच फागुलाल रात्रे, सेवक वर्मा, नरेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में गांव के युवा रामनारायण वर्मा, फिरतु यादव के सहयोग से किया गया। गांव के प्राथमिक स्कूल, अतिरिक्त शाला भवन, पूर्व माध्यमिक शाला, ग्राम पंचायत भवन सहित पूरे गांव में सैनिटाइजर का छिड़काव किया जा रहा है। इन युवाओं ने श्रमदान कर पूरे गांव को सैनिटाइज किया। इनके द्वारा गांव के आम रास्ते से लेकर लोगों के घरों को भी सैनिटाइज किया गया। सरपंच ने सभी गांव वासियों से घर से बाहर न निकलने की अपील की व बार-बार हाथों को साबुन से साफ करने को कहा। उन्होंने कहा कि गांव के युवाओं की मदद से बाहर से आने वाले लोगों के लिए पूर्व माध्यमिक शाला में ठहरने के लिए साफ-सफाई कर, सैनिटाइज कराकर रूकने की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा किया गया। सरपंच खेतरसिंह ध्रुव ने बताया कि हमें जानकारी मिला है की बुधवार की शांम तक करीब 12 से 15 व्यक्ति बाहर से आ रहे है, इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा स्कूल में ठहरने के लिए पूरी व्यवस्था कर दी गई है। बाहर से आने वाले से सरपंच ने अपील किया है कि गांव के किसी भी व्यक्ति के सम्पर्क में न रहे व गांव के लोगों को भी बाहर से आने वाले लोगों से शारीरिक दूरी बनाने की अपील किया गया है।

क्वारेन्टाईन में रुके बच्चों को किया गया रवाना

बेमेतरा/साजा। कोटा (राजस्थान) से लौटे छात्र छात्राओं को बेमेतरा के एक निजी स्कूल में क्वारेन्टाईन किया गया था उन्हें कल शाम उनके गृह निवास भेजा गया है। इनमे रायपुर जिले के 89, बलौदाबाजार के 36 बच्चों को 5 बसों के जरिए भेजा गया, वे अब अपने-अपने घरों में आइसोलेशन में रहेंगे। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शिव अंनत तायल के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को बस मे उनके गृह निवास स्थान के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, प्रभारी तहसीलदार बेमेतरा अजय कुमार चंद्रवंशी, नायब तहसीलदार राजकुमार मरावी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्रीमती भेडिया ने विडियो कान्फ्रेंसिंग से ली समीक्षा बैठक

बेमेतरा/साजा। महिला एवं बाल-विकास, समाज कल्याण मंत्री एवं बेमेतरा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती अनिला भेडिया ने आज अपरान्ह मे विडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए समीक्षा बैठक ली उन्होने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों की वापसी, तैयारी एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। श्रीमती भेडिया ने आईसोलेशन सेंटर क्वारेन्टाईन एवं राहत शिविर के संबंध मे पुछ-ताछ की। कलेक्टर शिव अनंत तायल ने कोरोना महामारी से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों के संबंध मे प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर संजय कुमार दीवान, जिला कार्यक्रम अधिकारी म.बा.वि. आर.के. जाम्बुलकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ.एस.के. शर्मा, उप संचालक कृषि एम.डी. मानकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने लिया मनरेगा कार्य का जायजा

बेमेतरा/साजा। विधायक आशीष छाबड़ा ने कोरोना संक्रमण से चरमराई हुई अर्थव्यवस्था तथा जीवन को पटरी पर लाने हेतु ग्राम पेंड्री ग्राम पंचायत कुरूद जहां तेरह लाख रुपये की लागत से मनरेगा अंतर्गत तालाब गहरीकरण एवं पिचिंग कार्य जिसमें 240 मजदूर कार्यरत है का निरीक्षण किया तथा ग्राम के मजदूरों से उनका हालचाल पूछा। किसी प्रकार से परेशानी होने पर लोगो से समस्याओं को सामने लाने को कहा। विधायक श्री छाबड़ा लोगों से कोरोना संक्रमण से बचाव मंत्र को साझा किया। ग्राम पेंड्री कार्य का निरीक्षण करने के पश्चात वे ग्राम कठिया पहुचें।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

रंग लाई नव प्रदेश की पहल...

की ओर से 27 अप्रैल को देश के सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को पत्र लिखा गया। इसमें कलेक्टरों को अपने यहां नवोदय विद्यालयों को बच्चों को भेजने व लाने की अनुमति प्रदान किए जाने के लिए सहयोग करने को कहा गया। वहीं 30 अप्रैल को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की सचिव की ओर से सभी संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इन बच्चों को उनके मूल विद्यालयों में वापसी के लिए सहयोग प्रदान करने के लिए कहा गया। इसके बाद संबंधित जिलों के कलेक्टरों ने अपने यहां के नवोदय विद्यालयों के प्राचार्यों को दूसरे राज्यों के उनके यहां फंसे बच्चों को भेजने व उनके यहां के दूसरे राज्यों में फंसे बच्चों को वापस लाने की अनुमति दे दी। जिसके बाद छग के 130 बच्चों की राज्य वापसी हो गई। यहीं नहीं छग में अन्य राज्यों के फंसे 114 बच्चों को भी उनके राज्यों में पहुंचा दिया गया।

नवप्रदेश के माध्यम से नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के फंसे होने की जानकारी मिलने पर मैंने तुरंत केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री को पत्र लिखा। सभी के संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थियों की जल्द वापसी हो सकी। यह सबके लिए राहत की बात है।

-छाया वर्मा, राज्यसभा सांसद

शराब और कोरोना पर...

रहेगा।

विपक्षी दलों को फिर कर दिया खामोश

शराबबंदी को लेकर कई बार भाजपा और जकांछ कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते रही है। लॉकडाउन के 4× दिन बाद खुली शराब दुकानों और ऑन लाइन सेवा पर विपक्षी दलों ने सत्तारूढ़ कांग्रेस को टारगेट कर तंज कसना शुरु कर दिया था। ऐसे में सप्ताह के दो छुट्टियों वाले दिन शराब बिक्री रोकने के साथ ही इसके खुलने के समय को 2 घंटे कम कर बोलती बंद कर दी है। हालाकि एमपी में भाजपा शासित रा'य होने के बाद भी वहां शराब बिक्री बदस्तूर जारी है। ऐसे में छत्तीसगढ़ का उदाहरण देने वाली भाजपा के पास कोई जवाब भी नहीं है।

रायपुर में बरसे मेघ...

होने या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इस दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की संभावना बन रही है।

उत्तरी छत्तीसगढ़ में बढ़ सकता है अधिकतम तापमान

प्रदेश के अधिकतम तापमान में अगले 24 घंटों के बाद उत्तरी छत्तीसगढ़ में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। वहीं राज्य के शेष भागों के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। हालांकि मई माह होने के कारण अब अधिकतम तापमान में क्रमशः वृद्धि ही होगी और इसमें कोई विशेष बदलाव नहीं आएगा।

अबूझमाड़ की झाडू से...

समूहों का चयन कच्चा माल (फूलझाड़ू घास) क्रय करने हेतु किया गया और 5.25 लाख रूपए की चक्रीय राशि प्रदान की गयी। समूह द्वारा कच्चा माल क्रय कर नारायणपुर स्थित माँ जगदम्बा स्व-सहायता समूह को विक्रय कर 3.15 लाख रूपए की आय प्राप्त की गयी।

लगातार प्रयत्न कर रहा संघ : छत्तीसगढ़ के वनांचल विभिन्न लघु वनोपज के अकूत भंडार से परिपूर्ण है। वर्षो से दूरस्थ अंचलों में वनोपज संग्रहण एवं विक्रय ग्रामीणों की आय का प्रमुख स्रोत रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य लघु वनोपज संघ निरंतर इन लघु वनोपज का उचित मूल्य संग्राहकों को दिलवाने हेतु प्रयासरत है। संघ के इन्हीं प्रयासों का नतीजा है, कि नारायणपुर जैसे दूरस्थ अंचलों के ग्रामीण आज अपनी लघु वनोपज का न केवल उचित मूल्य प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संग्रहित एवं प्रसंस्कृत वन उत्पादों की पहुंच और धमक आज देश की राजधानी दिल्ली तक हो गयी है।

85 हजार से ज्यादा...

का विक्रय होने से समूह को 5.79 लाख रुपए का लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे समूह सदस्यों में अत्यधिक प्रसन्नता और उत्साह का संचार हुआ है।

हिजबूल कमांडर नायकू...

इंटरनेट सेवाएं बुधवार को स्थगित कर दी गईं। श्रीनगर सहित घाटी के कई इलाकों में पहले से ही कर्फ्यू लागू है।

वानी के मारे जाने के बाद नायकू बन बैठा था स्वयंभू कमांडर

हिजबुल के शीर्ष कमांडर और घाटी में आतंकवाद के पोस्टर ब्यॉय बुरहान वानी के मारे जाने के बाद जुलाई 2016 से नायकू संगठन का स्वयंभू प्रमुख बन बैठा था। उस पर 12 लाख रुपये का इनाम घोषित था और सुरक्षा बल एवं पुलिस उसकी पिछले आठ वर्षों से तलाश कर रही थी। वह सोशल मीडिया पर आडियो क्लिप जारी कर युवकों को आतंकवाद की राह पर आने के लिए प्रेरित भी करता था।

सेना के के अधिकारी ने ये बताया :

सेना के एक अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों के छिपने की खुफिया सूचना के आधार पर जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी), सेना और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने मंगलवार की रात पुलवामा के अवंतिपोरा के शारसली गांव में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा बल आंतकवादियों के छिपे हुए इलाके की ओर बढ़ रहे थे तभी आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। सेना की जवाबी कार्रवाई के साथ ही मुठभेड़ शुरू हो गई और मुठभेड़ में आतंकवादी मारे गये।

घाटी के कई इलाकों में कर्फ्यू :

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर के पुराने इलाके सहित घाटी के कई इलाकों में कर्फ्यू लगाया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कोरोना वायरस के सेंक्रमण को रोकने के लिए लागू लॉकडाउन के कारण लोगों के आवागमन तथा उन्हें एकत्र होने पर पाबंदियां लागू हैं।

सार्वजनिक परिवहन की ...

को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। हालांकि, उन्होंने बस और कार चलाते वक्त हाथ धोने, सैनिटिजिंग, फेस मास्क जैसी सुरक्षा उपायों को लेकर आगाह किया। कोरोना वायरस महामारी के खतरे को देखते हुए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन को बढ़ाकर 17 मई तक किया गया है। इस दौरान रेलवे और फ्लाइट्स सर्विस को भी इजाजत नहीं दी गई है।

अमेरिका में स्थानीय रोगियों पर...

जूझ रही और अब तक इसके वैक्सीन का पता नहीं चल पाया है। कई अमेरिकी कंपनियां कोरोना वायरस बीमारी (कोविड -19) के खिलाफ टीके विकसित करने में जुटी हैं। इस वायरस ने 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित किया है और दुनिया भर में 257,207 लोगों की मौत हुई है।

50 बार धोकर

के स्टार्ट अप परियोजना की निदेशक एवं टेक्सटाइल विभाग की मंगला जोशी ने मिलकर इस सूती मास्क को बनाया है जो 99 प्रतिशत तक रक्षा करता है।

इस मास्क को पहनने के बाद इससे सांस लेने में किसी प्रकार की कठिनाई का भी सामना नहीं करना पड़ता है।डा. जोशी ने कहा कि यह सूती में बना भारत का पहला माइक्रोबेरियाल मास्क है जिसे दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे डिटर्जेंट से धोकर और धूप में सुखाकर फिर से लगाया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

क्वारंटाइन टाइम रसोई में बिता रही हैं जार्जिया

मुंबई (वार्ता)। इटालियन मॉडल और डांसर जार्जिया एंड्रियानी क्वारंटाइन टाइम रसोई में बिता रही हैं।

जार्जिया एंड्रियानी ने लोगों से घर पर रहकर सुरक्षित रहने का आग्रह किया है। क्वारंटाइन टाइम में भी जार्जिया अपने प्रसंशको को अपने बारे में अपडेट करना नहीं भूलती है। जार्जिया ने हाल ही में खुलासा किया था कि वह कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अपना क्वारंटाइन टाइम रसोई में बिता रही हैं। जार्जिया एंड्रियानी का एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा हैं।जार्जिया किचन में कई तरह की अलग-अलग रेसिपी बनाने की कोशिश कर रही है। भारतीय डिश गोअन फिश करी बनाने के बाद उन्होंने अपनी फेवरिट इटालियन डिश तिरामिसु बनाई। जिसकी रेसिपी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर की। जार्जिया जल्द ही 'वेलकम टू बजरंगपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी जिनमे उनके साथ श्रेयस तलपड़े , संजय मिश्रा और तिग्मांशु धूलिया नजर आएंगे। इसके अलावा, वह अरबाज खान और प्रिया वरियर के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म 'श्रीदेवी बंगलो' में एक आइटम नंबर से डांस का तड़का लगते हुए नजर आएंगी।

लॉकडाउन के बाद दुबई की यात्रा करना चाहती हैं जरीन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री जरीन खान लॉकडाउन खत्म होने के बाद दुबई की यात्रा करना चाहती हैं। ज़रीन खान का कहना है कि लॉकडाउन के दौरान वह अपना पूरा समय अपने परिवार के साथ बिताती हैं और उन्हीं लोगों के संग मस्ती भी करती हैं। जरीन ने कहा कि वह हवाई यात्रा करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। जरीन ने कहा ,÷मुझे बैठे हुए अब महीनों हो गए हैं। इस खाली समय में मैंने अब हवाई अड्डों के बारे में सपने देखना शुरू कर दिया है। मेरे मेरे लिए एयरपोर्ट केवल एयरपोर्ट लुक नहीं हैं, वास्तव में यह एयरपोर्ट लुक के बारे मैं कभी सोचती हूं। आपने अक्सर मुझे आराम कपड़ों में देखा होगा जो मुझे पसंद है। जरीन ने कहा कि सबसे पहले मैं दुबई की यात्रा करना चाहती हूँ क्योंकि यहां मेरे सबसे अच्छे दोस्त रहते हैं और उनकी एक चार साल की बेटी है जिसका जन्मदिन अगस्त में है। मुझे यकीन है कि तब तक हम यात्रा नहीं कर पाएंगे। मैं वास्तव में उन्हें याद कर रही हूं । मेरे पास अभी कोई ऑफिशियल कारण नहीं है।

ऑनलाइन कोर्स करने जा रहे हैं आयुष्मान खुराना

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना लॉकडाउन में ऑनलाइन कोर्स करने जा रहे हैं।

देश में कोरोना वायरस के चलते लंबे समय से लॉकडाउन लगा हुआ है। इसके चलते आम इंसान के अलावा बॉलीवुड के बड़े-बड़े सेलेब्स भी घर में रहने को मजबूर हैं।आयुष्मान खुराना इस टाइम में अब पढ़ाई करने जा रहे हैं।आयुष्मान खुराना ने बताया है कि वो अब इंडियन हिस्ट्री पढ़ने जा रहे हैं। वह इसके लिए एक ऑनलाइन कोर्स करेंगे। आयुष्मान ने कहा ,÷मैं हमेशा अपने आप को बेहतर करने की कोशिश करता हूं और कुछ नया सीखना चाहता हूं। मैं हमेशा नॉलेज लेना चाहता हूं। मुझे इंडियन हिस्ट्री काफी पसंद है और इसके बारे में ज्यादा जानना चाहता हूं। हमारा इतिहास लाजवाब है और संस्कृति विविधताओं से भरी हुई। अभी जब मेरे पास टाइम है, मैं सीखना चाहूंगा।

शाहरूख की हॉरर सीरीज़ 'बेताल' होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता) । बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की जॉम्बी हॉरर सीरीज़ बेताल 24 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी। शाहरुख खान ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए भी कंटेंट बना रहे हैं। उनकी नई जॉम्बी हॉरर सीरीज़ 'बेताल ' रिलीज के लिए तैयार है। इस सीरिज का फर्स्ट लुक रिलीज़ हो गया है। शाहरुख के बैनर रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट तले बनी यह सीरीज़ 24 मई से नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी। बेताल को बनाने की घोषणा पिछले साल जुलाई में हुई थी। तब से फैंस को इसका इंतजार था। रेडी चिलीस एंटरटेनमेंट ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से इसकी जानकारी दी। पोस्टर जारी करते हुए लिखा, ÷ये रहा अपकमिंग थ्रिलर-हॉरर वेब सीरीज बेताल का फर्स्ट लुक। कास्ट है विनित कुमार और आहाना कुमरा।निर्देशित किया है पेट्रिक ग्राहम और निखिल महाजन ने।

फिल्म की कहानी में ब्रिटिशकाल दिखाया गया है। यह भारत के एक गांव की कहानी है। दो सदी पुरानी एक बुरी आत्मा का सामना ब्रिटिश इंडियन आर्मी ऑफिसर और उसकी बटालियन से होता है। इसके बाद कहानी में कई रोचक और रोमांचक मोड़ आते हैं। कहा जा रहा है कि यह सीरिज़ बेहद थ्रिलिंग है और कुछ डरावने पलों से भी दर्शकों का सामना होगा।

2021 से पहले टेनिस शुरु होने की उम्मीद नहीं: नडाल

मैड्रिड (वार्ता)। विश्व के नंबर दो खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल का मानना है कि कोरोना वायरस के खतरे के कारण 2021 से पहले टेनिस शुरु होने की उम्मीद कम है।

कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर में खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई है और इसका असर टेनिस पर भी पड़ा है। कोरोना के कारण विबंलडन को रद्द कर दिया गया था और फ्रेंच ओपन को सितंबर तक स्थगित करना पड़ा है। नडाल ने मंगलवार को कहा, ÷मुझे उम्मीद है कि साल के अंत तक टेनिस शुरु हो जाए लेकिन मुझे नहीं लगता कि ऐसा संभव है।÷ नडाल ने कहा कि वह अगले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में ही खेलने उतर पाएंगे।

उन्होंने कहा, मैं 2021 के लिए खुद को तैयार कर रहा हूं। मैं ऑस्ट्रेलियन ओपन को लेकर चिंतित हूं। मेरे ख्याल से 2020 व्यावहारिक तौर पर हम गंवा चुके हैं और मुझे उम्मीद है कि हम अगले साल से शुरुआत करेंगे।

यूरोपियन तैराकी चैंपियनशिप 2021 तक के लिए स्थगित

बुडापेस्ट (वार्ता)। बुडापेस्ट में 11 से 24 मई तक होने वाली यूरोपियन तैराकी चैंपियनशिप को कोरोना वायरस के खतरे के कारण स्थगित कर दिया गया है और अब इसका आयोजन 2021 में होगा। तैराकी की यूरोपियन नियंत्रण संस्था (एलईएन) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस प्रतियोगिता को पहले अगस्त तक स्थगित कर दिया गया था लेकिन अब इसका आयोजन 10 से 23 मई, 2021 तक होगा। प्रतियोगिता में तैराकी, गोताखोरी, ओपन वाटर तैराकी और लयबद्ध तैराकी शामिल हैं। एलईएन ने साथ ही कहा कि उसने यूरोपियन वाटर पोलो सत्र को रद्द कर दिया गया है। इस सत्र में 2019-2020 वाटर पोलो चैंपियंस लीग, 2019-2020 वाटर पोलो यूरो महिला लीग और 2019-2020 वाटर पोलो यूरो कप शामिल थे।

क्रिकेट नहीं होने से 38 करोड़ पौंड का नुकसान होगा: ईसीबी

लंदन (वार्ता)। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन का मानना है कि कोरोना वायरस के कारण इस साल क्रिकेट नहीं होने पर बोर्ड को 38 करोड़ पौंड का नुकसान हो सकता है। इंग्लैंड में गत दो अप्रैल से क्रिकेट सत्र की शुरुआत होनी थी लेकिन वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना वायरस के कारण क्रिकेट गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई है।

विराट कोहली और स्मिथ में रन बनाने की मानसिक क्षमता है: वार्नर

ऑस्ट्रेलिया के घातक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर का मानना है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ में रन बनाने की मानसिक क्षमता है।

मेलबोर्न (वार्ता)। विराट और स्मिथ के बीच पिछले कुछ वर्षों में बराबर तुलना की जाती है कि दोनों बल्लेबाजों में से कौन बेहतर है। दोनों ही आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बल्लेबाजी के शीर्ष पायदान पर एक-दूसरे को अपदस्थ करते रहते हैं। फिलहाल स्मिथ टेस्ट के नंबर एक बल्लेबाज हैं और विराट दूसरे स्थान पर हैं। विराट और स्मिथ दोनों ही अपनी-अपनी टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं।

वार्नर ने क्रिकबज के शो में कहा, ÷विराट और स्मिथ दोनों में ही रन बनाने की मानसिक क्षमता है। दोनों बल्लेबाजों को क्रीज पर समय बिताना पसंद है। दोनों मानसिक रूप से काफी मजबूत हैं जिसकी वजह से वे ढेरों रन बनाने में कामयाब रहते हैं। हालांकि विराट का रन बनाने के लिए जुनून स्मिथ से अलग है।

उन्होंने कहा, स्मिथ क्रीज पर जाते हैं, टिकते हैं और बड़े शॉट खेलते है। उन्हें इसमें आनंद आता है और वह आउट नहीं होना चाहते। विराट भी जाहिर है कि आउट नहीं होना चाहते लेकिन उन्हें पता है कि अगर वह कुछ समय क्रीज पर बिता देते हैं तो तेजी से रन बना सकते हैं और उस दौरान वह टीम के लिए बड़ा स्कोर खड़ा कर सकते हैं।

वार्नर ने कहा, जब दोनों बल्लेबाज बल्लेबाजी करते हैं तो सभी का मनोबल बढ़ा रहता है। अगर वे स्कोर करते हैं तो सभी उत्साहित रहते हैं। लेकिन अगर दोनों ही बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाएं तो मैदान पर सभी लोग दुखी हो जाते हैं। यह एक अजीब स्थिति है। उन्होंने कहा, ÷मैं विराट के लिए ज्यादा कुछ नहीं कह सकता लेकिन जब हम मध्य में खेलते हैं तो हमें लोगों को गलत साबित करना होता है। अगर हम मुकाबले में है और मुझे लगता है कि मुझे उनसे ज्यादा रन बनाने हैं तेज सिंगल निकालने हैं और उस मैच में खुद को बेहतर साबित करना है। वार्नर ने कहा, ÷सभी लोग मैच जीतना चाहते हैं लेकिन कई बार इसमें कुछ बदलाव आते हैं। अगर मैं विराट से ज्यादा स्कोर करता हूं या चेतेश्वर पुजारा स्मिथ से ज्यादा रन बनाते हैं तो लोग इसमें एक छोटी प्रतिस्पर्धा कर देंगे।

वार्नर ने कहा, ÷जब दोनों बल्लेबाज बल्लेबाजी करते हैं तो सभी का मनोबल बढ़ा रहता है। अगर वे स्कोर करते हैं तो सभी उत्साहित रहते हैं। लेकिन अगर दोनों ही बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाएं तो मैदान पर सभी लोग दुखी हो जाते हैं। यह एक अजीब स्थिति है। उन्होंने कहा, ÷मैं विराट के लिए ज्यादा कुछ नहीं कह सकता लेकिन जब हम मध्य में खेलते हैं तो हमें लोगों को गलत साबित करना होता है। अगर हम मुकाबले में है और मुझे लगता है कि मुझे उनसे ज्यादा रन बनाने हैं तेज सिंगल निकालने हैं और उस मैच में खुद को बेहतर साबित करना है।

कोचों में नंबर एक है भारत: क्रेस्पो

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के मिगुएल क्रेस्पो ने कहा है कि भारत आईटीएफ अकादमी के साथ पंजीकृत कोचों के मामले में भारत नंबर एक देश है। आईटीएफ के टेनिस विकास विभाग के क्रेस्पो ने अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के कोचों के लिए आयोजित किए गए वेबिनार में मंगलवार को यह विचार व्यक्त किया। कोरोना वायरस के कारण देश में लागू हुए लॉकडाउन के दौरान एआईटीए और साई ने कोचों के लिए वेबिनार की शुरुआत की है। क्रेस्पो के साथ आईटीएफ के विकास अधिकारी जोनाथन स्टब्स भी मौजूद थे। आज के सत्र में भारतीय डेविस टीम के कप्तान रोहित राजपाल और महिला फेड कप टीम के कप्तान विशाल उप्पल भी विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद थे। क्रेस्पो ने इस वेबिनार में उन्हें आमंत्रित करने के लिए एआईटीए को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ÷भारतीय कोचों और भारतीय टेनिस संघ के साथ काम करना काफी दिलचस्प है और उनके लिए एक शानदार अनुभव रहा है।

दोनों के बीच टीम में शामिल होने को लेकर कड़ा संघर्ष रहा

मेरे और अश्विन के बीच जलन नहीं: हरभजन

टीम इंडिया के सीनियर ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने टीम के पूर्व साथी खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन के साथ मतभेद की खबरों को खारिज करते हुए कहा है कि उनके और अश्विन के बीच कोई जलन नहीं है।

नई दिल्ली (वार्ता)। हरभजन और अश्विन भारतीय टीम के बेहतरीन टेस्ट स्पिन गेंदबाजों में से एक रहे हैं। दोनों के बीच टीम में शामिल होने को लेकर कड़ा संघर्ष रहा है। इंस्टाग्राम पर अश्विन के साथ लाइव चैट के दौरान हरभजन ने कहा कि उन्हें अपने जूनियर खिलाड़ियों से कोई जलन नहीं है।

हरभजन ने कहा, ÷कई लोगों को लगता है कि हमारे बीच जलन है लेकिन मैं इस बात को सिरे से खारिज करता हूं। हमारे बीच कुछ भी ऐसा नहीं है और अश्विन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑफ स्पिनर हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷मुझे नाथन लियोन भी काफी पसंद हैं। मैं हमेशा उनकी तारीफ करता हूं क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करते हैं जहां स्पिनरों को गेंदबाजी करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मैं अश्विन को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वह ज्यादा से ज्यादा विकेट लें। 39 वर्षीय हरभजन ने आखिरी बार भारत के लिए 2016 में खेला था। उन्होंने भारत के लिए 103 टेस्ट खेले हैं। हरभजन आखिरी बार 2015 में टेस्ट मैच खेले थे। हालांकि उन्होंने अभी तक क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है। अश्विन ने भारत के लिए अब तक 71 टेस्ट मैच खेले हैं और उनके नाम 365 विकेट हैं। वह हरभजन के 417 विकेट के रिकॉर्ड के करीब हैं। अश्विन ने भारत के लिए 111 वनडे मुकाबले खेले हैं और 32.91 के औसत से 150 विकेट झटके हैं। 33 वर्षीय अश्विन ने 46 टी-20 मैच में 22.94 के औसत से 52 विकेट लिए हैं। दोनों खिलाड़ियों के बीच 2001 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत पर

टेनिस महासंघों ने खिलाड़ियों की मदद के लिए जुटाए 60 लाख डॉलर

वाशिंगटन (वार्ता)। दुनियाभर में टेनिस के सात महासंघों ने कोरोना वायरस के कारण खेल गतिविधियां ठप्प होने की वजह से खिलाड़ियों की मदद करने के उद्देश्य से 60 लाख डॉलर जुटाए हैं।

डब्ल्यूटीए, एटीपी और अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) तथा चार ग्रैंड स्लेम ने मंगलवार को संयुक्त बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि इस कठिन दौर में खिलाड़ियों की मदद के लिए राहत कार्यक्रम शुरु करना एक सकारात्मक कदम है। एटीपी और डब्ल्यूटीए के युगल तथा एकल के करीब 800 खिलाड़ियों की मदद का लक्ष्य रखा गया है जिन्हें वित्तीय मदद की जरूरत है। बयान के अनुसार खिलाड़ियों की रैंकिंग और पिछली ईनामी राशि के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाएगी।

बयान के मुताबिक नीलामी, खिलाड़ियों की मदद और डमी टेनिस मैचों के जरिए इस फंड के लिए राशि को इकट्ठा किया गया। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस के कारण 13 जुलाई तक प्रोफेशनल टेनिस को स्थगित किया गया है।

■ न्यूज गैलरी

कोविड-19 से बचाव के लिए सीआरपीएफ द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम

सुकमा। सुकमा जिला मुख्यालय में बुधवार को कोविड 19 की रोकथाम के लिए सीआरपीएफ2 वीं वाहिनी कमाण्डेन्ट टशी ज्ञालिक के निर्देशानुसार जवानों द्वारा स्वच्छता व जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया जिसकी लोगों ने सराहना की देशभर में चल रहे लॉक डाउन के बीच लोग एक दूसरे की मदद को सामने आ रहे हैं ऐसे में सीआरपीएफ भी लोगों की मदद को हमेशा से ही तत्पर रही है इसी के तहत लॉक डाउन के दौरान सुकमा नगर पालिका क्षेत्र में सीआरपीएफ 2 वी बटालियन द्वारा वार्डों को सेनीटाइज किया गया। जिसमें बंगाली पारा लाइन पारा सबरी नगर आदि वार्ड संख्या 10 12 13 और सुकमा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के एरिया को जवानों द्वारा सैनिटाइज किया गया और लगभग 1000 स्थानीय लोगों के बीच मास्क हैंड सैनिटाइजर एंटीसेप्टिक साबुन आदि का वितरण भी किया गया इलाके को सैनिटाइज करते समय जवानों द्वारा कोविड-19 से संबंधित उच्च कार्यालय आदि द्वारा जारी दिशा निर्देशों सोशलिस्ट डिस्टेंस को ध्यान में रखते हुए सभी सुरक्षात्मक उपाय किए गए कोविड-19 की इस जंग में कमांडेंट वी बटालियन टसी ज्ञालिक द्वारा सभी ग्रामीणों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया साथ ही कमांडेंट ने यह भी बताया कि यह बीमारी तेजी से लोगों के बीच फैल रही है और इसका एकमात्र इलाज साफ सफाई और विशेष सुरक्षात्मक उपाय ही बचाव है इस अवसर पर धोबी वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी नवीन राणा उप कमांडेंट कुलदीप कुमार उप कमांडेंट संजीव कुमार सहायक कमांडेंट जितेंद्र यादव अधीनस्थ अधिकारी व जवान व स्थानीय वार्ड के वार्ड सदस्य और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

जिला अस्पताल में 51 लोगों ने किया रक्तदान

महासमुंद। भाजपा नेता पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा के नेतृत्व एवं वरिष्ठ पार्षद देवीचंद राठी के संयोजकत्व में 5 मई को खरोरा स्थित शासकीय जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में 51 लोगों ने रक्तदान किया। उल्लेखनीय है कि लॉकडाउन के कारण ब्लड बैंक में ब्लड की भारी कमी हो गयी थी। जिससे मरीज व उनके परिवारों को ब्लड के लिए भारी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा था। इस बात से अवगत होने पर भाजपा नेता व पूर्व विधायक चोपड़ा ने आह्वान किया था कि इस संकटकाल में ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान करें। इससे प्रेरित होकर युवा एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डा चोपड़ा ने कहा कि भाजपा राजनीति के साथ सामाजिक कार्य भी करती है। उन्होंने रक्तदान करने वालों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि दान किया हुआ रक्त मानव समाज को संकट से उबारेगा। इस लॉकडाउन के दौरान पूरे प्रदेश में महासमुंद एक ऐसी जगह है, जहां 51 लोगों ने एक साथ रक्तदान कर देश व प्रदेश को संदेश दिया कि स्वस्थ समाज के निर्माण में रक्तदान जरूरी है। डा चोपड़ा ने स्वयं रक्तदान किया। सुबह 10 बजे शुरू हुए रक्तदान शाम 4 बजे तक चला। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ आरके परदल ने 25 यूनिट रक्त की आवश्यकता बताते हुए दान करने को कहा था। लेकिन आज कुल 51 लोगों ने रक्तदान किया। 60 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमें पांच नेगेटिव रक्तदाता थे, इन्हें रिजर्व रखा गया। इनके ग्रुप के मरीज आने पर ऐसे रक्तदाता को बुलाकर रक्त लिया जाएगा। इसके अलावा 4 लोगों को शारीरिक फिटनेस के कारण मना किया गया। रक्तदान के दौरान लोगों में भारी उत्साह देखा गया। एक ऐसा युवा भी था जिसने रक्तदान के दौरान संकल्प लिया कि जब तक कोरोनावायरस समाप्त नहीं हो जाता, तब तक वह पैर में चप्पल जूता नहीं पहनेगा।

कृषि कार्यालय को रंगरोगन कर किया सेनेटाइजर का छिड़काव

मैनपुर। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं नियंत्रण के लिए जिले में धारा 144 लागू की गई है, साथ ही लॉकडाउन भी किया गया है। इस अवधि में किसानों को कृषि संबंधी गतिविधियों को संचालित करने के लिए किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इसलिए जिला प्रशासन द्वारा कुछ शर्तों के साथ छूट प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत कृषि संबंधी कार्य करते समय दो व्यक्तियों के बीच कम से कम एक मीटर की दूरी बनाने, मुंह में मास्क या गमछा लगाकर कार्य करने और कार्य स्थल पर साबुन या सेनेटाइजर की व्यवस्था करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा दिए दिये जा रहे हैं।वही एफआर.कश्यप उपसंचालक (कृषि)गरियाबंद द्वारा विकास खण्ड स्तर के अधिकारियों को स्वछता,सोशल डिस्टेंस,मास्क ब बार-बार साबुन से हाँथ धोने की हिदायत दी जा रही है तो एक ओर जिला अंतर्गत के सभी कार्यालयों की स्वछता को ध्यान में रखते हुये रंगनरोगन कर सेनेटाइजर का छिड़काब करने की पहल की गई है जिसमे आज विकास खण्ड मैनपुर कृषि कार्यालय का कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा स्वम् रंग रोगन कर सेनेटाइजर का छिड़काव कर कार्यालय के आसपास साफसफाई किया गया।चूंकि कृषि से संबंधित योजनाओं की जानकारी लेने किसान कार्यालय तक पहुंच रहे हैं तो दूसरी ओर कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी गांव पहुंच कर सोशल डिस्टेंस और मास्क लगाकर लॉक डाउन का पालन करने की सलाह दे रहे है चूंकि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को रबी की फसल की कटाई एवं आगामी खरीफफसल की तैयारी के लिए अपने खेतों तक आने-जाने और उन्हें समय पर खाद, बीज एवं दवा की आपूर्ति सुनिश्चित करने व कृषि विभाग में शासन द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ व कृषि संबंधी दुकानों को भी कुछ शर्तों के साथ निर्धारित अवधि तक खोलने की छूट दी गई है। कृषि कार्य से संबंधित मशीनरी, पंप, स्प्रेयर, पाइप एवं कृषि उपकरणों तथा इनकी रिपेयरिंग संबंधित दुकानों को भी शर्तों के साथ जिला में लॉकडाउन से छूट दिया गया है ता कि खरीफफसल की तैयारी के लिए सही समय पर किसानों को बीज एवं उर्वरक की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके इस हेतु लेम्पसों में खाद एवं बीज का भण्डारण तथा वितरण का कार्य सुचारू रूप से चलाने के निर्देश शासन द्वारा दिया गया है। कृषि विभाग के एफआर. कश्यप उप संचालक (कृषि)गरियाबंद ने बताया कि कृषि संबंधी गतिविधियों में शासन ने गाइड लाइन जारी कर जिले में लॉकडाउन की अवधि में भी कृषक अपना कृषि संबंधी सभी कार्य समय पर कर पा रहे हैं और उन्हें अपनी फसल के उत्पादन, परिवहन एवं बिक्री में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आ रही है।

विपदा की घड़ी में लापरवाही होगी प्राण घातक : सांसद पांडे

■ **शराब भट्टी बंद कराने सांसद ने दिया जोर**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। साँसद संतोष पांडे ने शराब बिक्री पर छत्तीसगढ़ सरकार पर प्रेसवार्ता कर साधा निशाना उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा पूरे देश मे इस विपदा की घड़ी में किसी भी प्रकार से लापरवाही हजारों व्यक्तियों के लिए प्राणघातक सिद्ध होगा ऐसे समय मे जब पूरा विश्व इस वैश्विक माहामारी से संघर्ष कर रहा है भारत की स्थिति अभी तक ठीक थी पर अब जिस प्रकार से दो दिनों में कोरोना संक्रमण का केस लगातार बढ़ते देखना बहुत ही चिंताजनक है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में पहले ही राज्य में शराब बंदी का वादा कर चुकी है जिसके लिए यह सबसे उपयुक्त समय था पर यहाँ तो गंगा जल का कसम खाने वाले उल्टी गंगा बहाने लगे। कहते है शराब बंदी के लिए समिति बनायेगे और ये तो घर घर शराब पहुंचाने की तैयारी करने लगे। मनोचिकित्सक के जानकारों के अनुसार भी नशा मुक्ति के लिए यह बेहतर और अनुकल समय था 1 माह बन्द होने से सब ओर वातारण भी शांत था सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादातर मौते भी शराब के कारण होने वाले दुर्घटना में होता है ऐसे रिपोर्ट कहता है ।

पिछले दो दिनों में भट्टी खुलने के बाद सोशल डिस्टेंसिंग की जो धज्जियां उड़ी यह डराने वाला है खासकर उनको जो सबकुछ अपना बन्द कर घर मे रहकर देश को सहयोग कर रहें है माताओ बहनों में भी इस निर्णय पर खासा आक्रोश है। इन सब विषयों की गम्भीरता को देखते हुए राज्य सरकार तत्काल शराब भट्टी बन्द करे और हमेशा के लिए बन्द कर अपना वादा पूरा करे। इस तरह लापरवाही पूर्वक निर्णय कर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ का अधिकार सरकार को नही है । प्रेस कांफ्रेंस में जिला अध्यक्ष अनिल सिंह भी उपस्थित रहे ।

शराब दुकान खोलने से हालात होंगे बेकाबू : राकेश भट्ट

कवर्धा। सोशल मीडिया में जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भीम रेजिमेंट जिलाध्यक्ष कवर्धा राकेश भट्ट ने कहा आज पूरा विश्व कोरोना वायरस नामक महामारी से ग्रसित है और उससे लड़ने हेतु हर संभव प्रयास कर रही है व देश में बड़े-बड़े उद्योग कारखाने, मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा, स्कूल, कॉलेज आदि जगहों को पूरी तरह से पाबंदी कर धारा 144 लागू कर दिया गया है व हर चैक चैराहे पर सेना बल तैनात कर पूरी तरह से क्षेत्र को कड़ी निगरानी में रखा गया है बीमारी से बचने के लिए लोगों को सोशल डिस्टेंस 1 मीटर दूर रहने का मास्क पहनने का व घर से बाहर ना निकलने सलाह दिया गया है साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगभग एक माह तक पूरी तरह से शराब बंदी किया गया था जिससे राज्य में चोरी, डकैती, मारपीट, दुर्घटना, इत्यादि काबू में आते दिखाई दे रहे थे शराबबंदी से प्रदेश ज्यादातर परिवार में खुशी का माहौल था परंतु प्रदेश सरकार व आबकारी मंत्री ने फिर से शराब दुकानें खोलने का आदेश पारित कर दिया है जिस पर निशाना साधते हुए भीम रेजिमेंट जिलाध्यक्ष कवर्धा राकेश भट्ट ने कहा की प्रदेश सरकार के पास शराब बंदी का यह सुनहरा अवसर था शराबबंदी से कई परिवार खुशहाली जीवन व्यतीत कर रहे थे परंतु प्रदेश सरकार ने शराब बिक्री हेतु अनुमति दे दी जो कि प्रदेश के अहित मे निर्णय है शराब दुकान खोलने से प्रदेश में हालात बेकाबू हो सकते हैं जो कि प्रदेश के लिए भविष्य में सबसे बड़ी समस्या साबित हो सकती है। ऐसे मानवता के दुश्मन बन रहे सरकार का भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ कड़ी निंदा करती है और आगामी समय में इसका राजनितिक दुष्परिणाम क्या रहेगा उसे भी रूबरू करायेगा। प्रदेशाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ आगे भी सतत् आंदोलित रहेगी पूर्ण शराब बंदी को लेकर इस तरह कांग्रेस सरकार शराब भट्टी खुलवाकर के हमारे घर तक कोरोना फैलाने का इंतेजाम भी कर दिए ।

वैश्विक महामारी जिसमे लोगो को घर मे रहने को कहा जा रहा है वही पर राज्य सरकार के द्वारा शराब दुकान को खोलना बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण फैसला है। जिसका भीम रेजिमेंट पुरजोर विरोध करता है कवर्धा निवासी सहसंस्थापकध्प्रदेश मिडिया प्रभारी आर.के.डहरिया ने कहा शराब बंदी नही करना सरकार की गैर जिम्मेदारी मानसिकता को दर्शाती है।

अनदेखी : श्रमिक घर से खाना मंगाने को मजबूर

■ **खोकसरा के आश्रित ग्राम खमारगुड़ा के दो लोग हैं क्वारंटाइन में**

देवभोग। एक ओर दिमाग से कमजोर पागलों के लिए खाने पीने की उचित व्यवस्था कर खाना खिलाया जा रहा है तो वही क्वॉरेंटाइन में रह रहे दो मजदूरों के लिए दो वक्त की रोटी मुहैया कराने में ग्राम पंचायत असमर्थ बता रही है। जबकि 14वे वित फंड में लाखों रुपए होने और सरकार द्वारा 2 क्विंटल देने के बाद भी प्रवासी मजदूरों के लिए चावल दाल की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। मजबूरी में क्वॉरेंटाइन में रहे मजदूरों को घर से खाना मंगाना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत खोकसरा के आश्रित ग्राम खमारगुड़ा के निवासी किरण पिता जोगेश्वर सोनवानी और राजेश पिता कुर्ती राम बिहारी रायपुर कमाने खाने गए रहे जो बीते 3 मई को वापस लौट कर मुख्यालय अस्पताल में अपना जांच पड़ताल कराने के बाद गांव पहुंचे जिन्हें रोककर सरपंच द्वारा प्राथमिक शाला मैं क्वॉरेंटाइन किया गया। तब से लेकर आज तक मजदूरों को खाना तो दूर की बात चाय नाश्ता तक नहीं मिल रहा है। और मजदूर की हालत इतनी माली है कि वह मार्क्स सैनिटाइजर तक नहीं खरीद सकते ऐसे में मजबूरी बस मजदूरों को घर से रूखी सूखी खाना मंगा कर दिन रात गुजारना पड़ रहा है। मतलब परिजनों को भी अपनी जान जोखिम में डालकर खाना पहुंचाने जाना पड़ता है।

'सरपंच कह रहे स्वयं करे व्यवस्था'

इसी के मद्देनजर रखते पंचायत के सरपंच सचिव से कईयों दफा खाने-पीने सैनिटाइजर मास्क सहित अन्य व्यवस्था करने को लेकर कई बार गुहार लगाया गया लेकिन मानवता को दरकिनार करते सरपंच आदेश नहीं होने का हवाला देकर स्वयं व्यवस्था कर लेने को कहा जाता है। मतलब नोवेल कोरेना वायरस महामारी के बीच भी दो वक्त की रोटी के लिए मजदूरों को काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है।

> हमारे पास मजदूरों के खाने-पीने की व्यवस्था करने की कोई आदेश नहीं है इसलिए नहीं किया जा रहा है
>
> **कृष्ण कुमार चूरपाल,** सरपंच ग्राम पंचायत खोकसरा

अब परिवार चल पाना मुश्किल: तिरण और जुगेश्वर ने बताया कि घर पर चार - चार लोग है जिनका भरण पोषण उनके कंधे पर होता है। लेकिन क्वॉरेंटाइन में होने के कारण परिवार का चलना मुश्किल हो गया है बावजूद इसके परिजन इधर-उधर जुगाड़ कर किसी तरह मजदूरों के लिए भोजन बनाकर पहुंचाया रहे है और आने वाले 11 दिन किस तरह काटा जाएगा यह सोचकर ही मजदूरों को चिंता सताने लगी है। और पूरी वस्तु स्थिति से अवगत होने के बाद भी पंचायत गंभीर परिस्थिति में अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। जबकि क्वॉरेंटाइन भवन पर सैनिटाइजर साफ-सफाई सहित अन्य की व्यवस्था करना पंचायत की जिम्मेदारी मानी जाती है बकायदा इसके लिए जनपद सीईओ समय-समय पर दिशा निर्देश भी दे रहे हैं।

चकमक प्लेटफार्म पर बच्चे कर सकगें अपनी प्रतिभा की अभिव्यक्ति

कवर्धा। चकमक अभियान बच्चों की अभिव्यक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इसमें बच्चों को रचनात्मक तरीके से खुद को व्यक्त करने का अवसर मिल रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए चकमक अभियान की शुरुआत की गई है। महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि चकमक अभियान से बच्चों को घर में मौज मस्ती करने व परिवार के साथ खुशी साझा करने का अवसर मिलेगा इस अभियान को संचालित करने का बच्चों, माता-पिता, दादा-दादी एवं देखभाल करने वाले सदस्यों को वर्तमान स्थिति से निपटने में मदद करेगा। इस अभियान के दौरान परिवार के सदस्यों के साथ खुशी साझा करने का अवसर मिलेगा। इसके अंतर्गत विविध गतिविधियों की साप्ताहिक समय-सारणी प्राप्त है, जिसके आधार पर बच्चों में कलात्मक अभिव्यक्ति का विकास होगा। बच्चों के द्वारा तैयार किए गए पेंटिंग्स, ड्राईंग, अन्य कलात्मक तैयार सामग्रियों को पालकों के द्वारा चकमक फेसबुक पेज पर अपलोड किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के वाट्सअप नम्बर 7389826624 पर भी अभिभावक बच्चों की कला प्रेषित कर सकते है। यह अभियान लॉक-डाऊन की अवधि तक संचालित होगा। दिवसवार समय-सारणी अनुसार सोमवार को ड्रा, स्केच, पेंट करें सूर्योदय या इंद्रधनुषी निराली छठा, मिट्टी से खिलौने बनाना और अभिनय करते हुये गाना गाओ शामिल है।

8 दिन कबीरधाम में अब 6 दिन घर में होंगे क्वारेंटाइन

कवर्धा। कोटा से लौटने पर रायपुर और महासमुंद जिले के 260 छात्र को कबीरधाम जिले क्वारेंटाइन किया गया था। इनमें महासमुंद जिले के 120 और रायपुर जिले 140 छात्र शामिल थे। छात्रो को बोडला के आश्रम व छात्रावास में ठहराया गया था, वही छात्राओं को कन्या शिक्षा परिसर महराजपुर मे क्वारेंटाइन किए थे। इस दौरान उनकी रेगुलर स्वास्थ्य जांच की गई। शासन के आदेश पर मंगलवार देर शाम छात्र को बस में बैठाकर उनके जिलो मे भेज दिए। ज्ञात हो कि कबीरधाम जिले मे रायपुर और महासमुंद के 260 छात्र को क्वारेंटाइन किए थे, लेकिन 14 दिन रोकने की जगह उन्हे 08 दिन बाद ही मंगलवार को छुट्टी दी गई। कवर्धा एसडीएम विपुल गुप्ता का कहना है कि शासन स्तर से आदेश मिला था। इसलिए बच्चो को बस में बैठाकर उनके घर रवाना किया गया है। बाकी दिन का क्वारेंटाइन वे अपने घरो मे पूरा करेंगे। इस दौरान उन्हे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की समझाइश दी गई है। संबंधित जिलो के कलेक्टर को इसकी सूचना दे दी गई है। कन्या शिक्षा परिसर महराजपुर के क्वारेंटाइन सेंटर से छात्राओ को 08 बसो मे शाम 06 बजे रवाना किया गया। रवानगी के पूर्व बसो को सैनिटाइज किया गया। पूरा एहतियात बरता गया है।

वैद्य परमानंद उपाध्याय ने काशी में ग्रहण किया आतुर सन्यास

कवर्धा। कवर्धा के वैद्य परमानंद उपाध्याय ने काशी मे आतुर सन्यास ग्रहण किया है। इसके बाद अब वे वैद्य परमानंद अब स्वामी आनंद परमानंद सरस्वती कहलाएंगे। उन्हे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने दीक्षा व उपाधि दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा निवासी धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज से दीक्षा प्राप्त एवं शङ्कराचार्य परंपरा के निर्वाहक, वैद्य परमानंद उपाध्याय स्वास्थ्य ठीक नही होने के कारण, इस समय वाराणसी काशी के केदारखंड में काशीवास कर रहे हैं। 05 मई को स्वास्थ्य ठीक नही लगने पर ,कांशी के पुरोहित आचार्य अवधराम पांडे के द्वारा गौदान आदि कर्म को पुर्ण किये। तत्पश्चात स्वास्थ्य देखने पधारे परम पुज्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज से वैद्य परमानंद उपाध्याय ने प्रश्न किया अब मुझे और क्या करना चाहिए। जिस पर महाराज अविमुक्तेश्वरानंद सन्यास धर्म के बारे में उनको अवगत कराया गया। इस पर वैद्य परमानंद उपाध्याय ने अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से आतुर सन्यास प्रदान करने का आग्रह किया । शीघ्र ही उपस्थित आचार्य अवधराम पांडे द्वारा आतुर सन्यास का संकल्प कराया गया। तत्पश्चात अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के द्वारा प्रैस मंत्र प्रदान करते हुए, वैद्य परमानंद उपाध्याय को वैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी अभिजीत मुहूर्त प्रमादी संवत्सर 2077 तदनुसार 05 मई को मध्यान्ह 12 बजकर 5 मिनट में आतुर सन्यास प्रदान करते हुए, प्रैस मंत्र प्रदान करने के बाद, परम पुज्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज द्वारा वैद्य परमानंद उपाध्याय का नया सन्यास नामकरण स्वामी आनंद परमानंद सरस्वती नामकरण प्रदान किया गया। शङ्कराचार्य के शिश्य पण्डित देव दत्त दुबे ने बताया कि इस अवसर पर मध्य काशी में परमानंद उपाध्याय की धर्मपत्नि श्रीमती रत्ना उपाध्याय, पुत्र चंद्र प्रकाश उपाध्याय, राम.पेश्वर उपाध्याय, मुकुंदनंद ब्रह्मचारी,डॉ निशांत तिवारी, नंदनी तिवारी, श्रीमती प्रियंका उपाध्याय, विष्णुकांत त्रिपाठी, .ष्णा पराशर आदि उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने जिले के विकास कार्यों और कोरोना वायरस की समीक्षा

कवर्धा। प्रदेश के महिला एवं बाल विकास ,समाज कल्याण विभाग एवं कबीरधाम जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने बुधवारक को वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य सरकार के निर्देश पर नोवेल कोरोना वायरस कोविड-19 के रोकथाम, नियंत्रण और उनके बचाव उपायों के लेकर कबीरधाम जिले की तैयारियो की समीक्षा की। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विशेष प्रयासों से प्रदेश भर के अलग-अलग जिलों से देश के विभिन्न राज्यों में लॉकडाउन के कारण फंसे श्रमिकों की सकुशल उनके घर वापसी के प्रयास किए जा रहे है। उन्होने कहा कि कबीरधाम जिले की श्रमिक जो अन्य राज्यों में लॉकडाउन के कारणो से फंसे है, उन सभी श्रमिकों से संपर्क करते हुए सकुशल उनके घर वापसी की तैयारियों सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि श्रमिकों के घर वापसी से पहले कोरोना वायरस के बचाव के उपायों के तहत स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए निर्धारित समय तक क्वारेटाइन सेन्टर में रखना भी सुनिश्चित करें।

जिले में श्रमिकों की तुलना से ज्यादा सुरक्षित ठहराने के लिए क्वारेटाईन सेंन्टर बना लिए गए: कलेक्टर ने वीडियों कांफ्रेंसिंग में बताया कि कबीरधाम जिले के कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम और उनके बचाव के उपायों के लिए जिले के अन्य राज्य से फंसे श्रमिकों की तुलना से ज्यादा 20 हजार श्रमिकों और नागरिकों को सुरक्षित ठहराने के लिए क्वारेटाईन सेंन्टर बना लिए गए है। क्वारेटाईन सेंटरों की निगरानी अनुविभाग स्तर पर अनविभागीय अधिकारी राजस्व,पुलिस जनपद पंचायत सीईओ और नगरीय निकायों में अधिकारियों की जिम्मेदारी दी गई हैं। इसके अलावा ग्राम स्तर पर विशेष निगरानी के लिए ग्राम सचिव,रोजगार सहायक, शिक्षकों दायित्व दिए गए है। कलेक्टर ने बताया कि कबीरधाम जिले में कोरोना पॉजेटिव बिना लक्षण के मिले थे, इसके विशेष ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की .ष्टि से क्वारेटाईन की सीमा 14 दिनों से बढ़ाकर 21 दिन किया जा रहा है।

वनोपज संग्राहक परिवारों को 15 लाख रूपए का भुगतान

वनमंडलाधिकारी दिलराज प्रभाकर ने बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और रोकथाम के लिए जारी लॉकडाउन के दौरान राज्य सरकार द्वारा वनोपज का संग्रहण करने की छूट मिलने और वनविभाग द्वारा उचित माध्यम से खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले हजारों परिवारों को इस लाभ मिलना शुरू हो गया है। कबीरधाम जिले में अब तक वन विभाग कबीरधाम द्वारा चरौटा 450 क्विंटल, चिरायता 40 क्विंटल, वन तुलसा 6 क्विंटल, वन जीरा 11 क्विंटल, बहेड़ा 8 क्विंटल और शहद 32 क्विंटल संग्राहकों से खरीदा जा चुका है और 15 लाख 11 हजार 120 रूपए राशि का भुगतान किया जा चुका है।

संविलियन से पहले स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

कवर्धा। प्रदेश के 16 हजार शिक्षाकर्मियों का 1 जुलाई सन 2020 को स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन होना है और इसके लिए कई विकासखंडों में प्रक्रिया प्रारंभ भी हो गई है। इधर शिक्षाकर्मियों के संगठन संविलियन अधिकार मंच ने उन समस्त स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास शुरू कर दिया है जो शिक्षाकर्मियों के संविलियन की राह में लेटलतीफी की वजह बन सकते हैं जिनके चलते अभी उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। लॉकडाउन को देखते हुए संविलियन अधिकार मंच के प्रदेश संयोजक विवेक दुबे ने सोशल मीडिया वाट्सअप के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण के लिए गुहार लगाई है ।

नियमितीकरण, प्रान समेत छह बिंदुओं को लेकर सौंपा गया है आवेदन: शिक्षाकर्मियों ने पंचायत विभाग के प्रमुख सचिव को जिला और जनपद स्तर की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया है कि प्रदेश में हजारों शिक्षाकर्मी 2 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके हैं बावजूद इसके उन्हें न तो नियमितीकरण आदेश मिल पाया है और न ही उन्हें वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ मिल रहा है । इसके अलावा 7 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके शिक्षाकर्मियों को समयमान वेतनमान और 8 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके शिक्षाकर्मियों को पुनरीक्षित वेतनमान की पात्रता होती है बावजूद इसके कई जिला पंचायतों में शिक्षाकर्मियों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है ।

अपील जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू की अपील

वापस लौट रहे लोगों के साथ न करें भेदभाव

देवभोग। उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, गोवा, सहित अन्य राज्य से मेहनत मजदूरी पलायन कर वापस लौट रहे लोगों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव ना करें क्योंकि वह सभी लोग देश के ही है. और अपने घरों की ओर लौट रहे हैं। इसलिए भेदभाव करने की जगह सतर्कता बरतते हुए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन करते इस संकट की घड़ी में सबका सहयोग किया जाए तब कहीं जाकर इस कोरेना वायरस को हराया जा सकता है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहा साहू के अनुसार राज्य सरकार गरीब मजदूर से लेकर हर वर्ग के साथ खड़ी है नोवेल कोरना वायरस की बीमारी के पैर पसारने और रोकथाम को लेकर बारीकी से हर पहलू को अध्ययन करने के बाद ही प्रदेशवासियों के हित में फैसला किया जा रहा है। इसलिए बिना घबराए प्रशासन का अधिक से अधिक 23 सहयोग करें क्योंकि इस महामारी में दिन रात अपने घर परिवार को छोड़कर डॉक्टर नर्स पुलिस जवान सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी हमारी ढाल बनकर हमारे आगे खड़े हैं। इसलिए सबसे ज्यादा उनका मनोबल बढ़ाते हुए हर संभव सहयोग करना हर व्यक्ति का दायित्व और धर्म भी है। आज यह लोग है. जो बाहर से आने वाले लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर क्वॉरेंटाइन में रखकर बेहतर व्यवस्था मुहैया कराया जा रहा है जिला प्रशासन की पूरी मुस्तैदी से ही सीमावर्ती क्षेत्र को सील किया गया है जिससे हम आम जनता को काफी सहूलियत मिल रहा है।

■ न्यूज गैलरी

इसुजु मोटर्स को उत्पादन शुरू करने की मिली मंजूरी

नई दिल्ली (वार्ता)। इसुजु मोटर्स इंडिया ने आज घोषणा की कि उसे श्रीसिटी में अपने संयंत्र में उत्पादन फिर से शुरू करने के लिए आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के अधिकारियों से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने प्लांट में गतिविधियां फिर से शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है और जल्द से जल्द वाहनों की आपूर्ति शुरू करने का लक्ष्य रखा है। इसुजु, घरेलू और निर्यात दोनों तरह के ग्राहकों की सेवा करने के लिए सभी घटक निर्माताओं के साथ समन्वय करेगा।

तरूण बजाज रिजर्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड में

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने आर्थिक मामलों के सचिव तरूण बजाज को रिजर्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड में निदेशक के रूप में नामित किया है। रिजर्व बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि श्री बजाज ने हाल ही में सेवानिवृत्त हुये आर्थिक मामलों के सचिव अतनु चक्रवर्ती का स्थान लिया है। श्री बजाज का मनोनयन पांच मई से प्रभावी हो गया है जो अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

जिंदल स्टेनलेस के जाजपुर संयंत्र में सीमित परिचालन शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। इस्पात क्षेत्र की कंपनी जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने सरकार द्वारा निर्धारित चरणबद्ध ढंग में आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के निर्णय का स्वागत करते हुये ओडिशा के जाजपुर सयंत्र में चरणबद्ध तरीके से परिचालन शुरू किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कर्मचारियों और अन्य सभी सहकर्मियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी सरकार द्वारा निर्धारित सभी दिशानिर्देशों का अनुपालन करेगी। सभी कर्मचारी सोशल डिस्टैन्सिंग और कंपनी द्वारा लागू किए गए सुरक्षा दिशानिर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे।

कंपनी नियमित तौर पर बाज़ार की स्थिति की समीक्षा करेगी और उसके अनुसार अपने परिचालन में बढ़ौतरी करेगी।

खाद्य तेल नरम, दालों में घटबढ़

नई दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में रही गिरावट के बीच बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में भी खाद्य तेलों में नरमी रही। वहीं, अनाजों और चीनी के दाम में टिकाव रहा जबकि दालों में मिश्रित रुख देखा गया।

तेल-तिलहनः अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा सात रिंगिट की गिरावट के साथ 1,968 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.18 सेंट लुढ़ककर 26.13 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

लॉकडाउनः सर्विस सेक्टर की गतिविधियां अप्रैल में रिकॉर्ड निचले स्तर 5.4 पर आई

देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अप्रैल में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार देशव्यापी लॉकडाउन (बंद) के दौरान नागरिकों की आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध और कारोबारों के बंद रहने का असर सेवा क्षेत्र पर भी पड़ा और क्षेत्र की गतिविधियां लगभग रुकी रहीं।'

मुंबई।आईएचएस मार्किट इंडिया सर्विसेस बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स (पीएमआई-सेवा) अप्रैल में 5.4 अंक पर रहा। यह मार्च के 49.3 अंक के मुकाबले ऐतिहासिक निचला स्तर है। यह दिसंबर 2005 में सर्वेक्षण की शुरुआत के बाद पहली बार सेवा क्षेत्र के सबसे बुरे दौर का संकेतक भी है।

पीएमआई का 50 अंक से ऊपर होना गतिविधियों में विस्तार जबकि 50 अंक से नीचे रहना उनमें गिरावट को दिखाता है। विशेषज्ञों के अनुसार देशव्यापी लॉकडाउन के चलते मांग में कमी रही। इससे कारोबार और उत्पादन ठप रहे और कारोबारी गतिविधियों में गिरावट दर्ज की गई। आईएचएस मार्किट से जुड़े अर्थशास्त्री जो हाएस ने कहा कि पीएमआई के मुख्य सूचकांक 'कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स में भी 40 अंक से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। यह दिखाता है कि लॉकडाउन की वजह से आर्थिक गतिविधियां लगभग रुकी रहीं। 'कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अप्रैल में गिरकर 7.2 अंक पर आ गया जो मार्च में 50.6 अंक पर था। यह सर्वेक्षण के इतिहास में आर्थिक गतिविधियों में सबसे बड़ी गिरावट को दर्शाता है। 'कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स को पीएमआई-सेवा और पीएमआई-विनिर्माण को मिलाकर तैयार किया जाता है। पुराने आंकड़ों से तुलना करने पर अप्रैल में देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत का संकुचन हुआ है। रोजगार के पक्ष पर सर्वेक्षण में कहा गया है कि कारोबारी जरूरतें घटने पर कुछ सेवा कंपनियों ने वर्ष की दूसरी तिमाही से छंटनी शुरू कर दी है। देश में 25 मार्च से लॉकडाउन है। दो बार इसकी अवधि बढ़ाई गई और वर्तमान में इसका तीसरा चरण 17 मई को खत्म होगा। देश में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 49,000 के पार जा चुकी है। जबकि मरने वालों का आंकड़ा 1,694 हो चुका है। पीएमआई का 50 अंक से ऊपर होना गतिविधियों में विस्तार जबकि 50 अंक से नीचे रहना उनमें गिरावट को दिखाता है। विशेषज्ञों के अनुसार देशव्यापी लॉकडाउन के चलते मांग में कमी रही।

चीन छोड़ने जा रही कंपनियों के लिए भारत तैयार

फैक्ट्रियों के लिए 4 लाख 61 हजार हेक्टेयर जमीन देगी मोदी सरकार

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी की जन्मस्थली चीन को छोड़ने जा रही कंपनियों के लिए भारत ने बाहें फैला दी हैं। भारत ने इन कंपनियों आसानी से जमीन मुहैया कराकर मौके को लपकने को तैयार है। इसके लिए भारत ने एक लैंडपूल तैयार किया है जो आकार में यूरोपीय देश लक्जमबर्ग से दोगुना और देश की राजधानी दिल्ली से तीन गुना बड़ा होगा। इस मामले से जुड़े लोगों ने ब्लूमबर्ग को यह जानकारी दी है।

पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि देशभर में 4 लाख 61 हजार 589 हेक्टेयर जमीन की पहचान की गई है। इनमें से 1 लाख 15 हजार 131 हेक्टेयर जमीन गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में मौजूद औद्योगिक भूमि है। भारत में निवेश की इच्छूक कंपनियों के लिए जमीन एक बड़ी बाधा रही है। पोस्को से सउदी आरामको तक भूमि अधिग्रहण में देरी से झुंझला गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर इसे बदलने की कोशिश में जुटी है, क्योंकि कोरोना वायरस संक्रमण के फैलाव के बाद सप्लाई में बाधा की वजह से मैन्युफैक्चरिंग बेस के रूप में निवेशकों का भरोसा चीन हटा है।

अभी भारत में फैक्ट्री लगाने को इच्छुक कंपनियों को खुद ही भूमि अधिग्रहण करना पड़ रहा है। कई बार इस प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है क्योंकि कई छोटे प्लॉट ऑनर्स से भी मोलभाव करना पड़ता है। बार्कलेज बैंक पीएलसी के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल बाजोरिया ने कहा, ''पारदर्शी और तीव्र भूमि अधिग्रहण एफडीआई बढ़ाने वाले कारकों में से एक है। यह कारोबार सुगमता का एक आयाम है और इसलिए आसानी से भूमि उपलब्ध कराने के लिए अधिक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।'' जमीन, ऊर्जा, पानी और रोड कनेक्टिविटी के जरिए सरकार नए निवेशकों को आकर्षित करके अर्थव्यवस्था में जान फूंक सकती है, जो कोरोना वायरस से पहले ही काफी सुस्त हो चुकी थी और राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की वजह से अब दुर्लभ संकुचन शुरू हो गया है। सरकार इलेक्ट्रिकल, फार्माशुटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक्स, हैवी इंजीनियरिंग, सोलर इक्विपमेंट, फूड प्रोसेसिंग, केमिकल्स और टेक्सटाइल्स से जुड़े मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स को प्रमुखता देगी।

यूपी में योगी सरकार ने तेल पर वैट बढ़ाया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने लॉकडाउन के चलते हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए पेट्रोल डीजल पर वैट बढ़ा दिया है। इससे यहां पेट्रोल 2 रुपए और डीजल 1 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 71.91 पैसे रुपए पेट्रोल की कीमत है 2 रुपए महंगा होने के बाद यह 73.91 पैसे हो जाएगा। डीजल की कीमत 62.85 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 63.86 रुपए प्रति लीटर हो जाएगी। नई कीमतें बुधवार रात 12 बजे से लागू होंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि यह निर्णय राज्य के संसाधनों को बढ़ाने के लिए लिया गया है। इससे पहले केंद्र सरकार ने मंगलवार रात को पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिया। इसका ग्राहकों की जेब पर बोझ तो नहीं पड़ा, लेकिन इस बढ़ोतरी के बाद लोगों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की घटी कीमतों का कोई भी फायदा नहीं मिल पाएगा। मंगलवार को दिल्ली सरकार के ईंधन पर वैट (मूल्य वर्द्धित कर) बढ़ाने की घोषणा की। इसके बाद दिल्ली में पेट्रोल 1.67 रुपये और डीजल 7.10 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया।

कोरोना संकट में बेरोजगारी दर बढ़कर 27.11 प्रतिशत हुई

मुंबई। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी ने कहा कि कोरोना संकट के चलते देश में बेरोजगारी दर 3 मई को सप्ताह के दौरान बढ़कर 27.11 प्रतिशत हो गई। मार्च मध्य में इस महामारी के तेजी पकड़ने के समय यह दर सात प्रतिशत से कम थी। मुंबई स्थित थिंक टैंक ने कहा कि बेरोजगारी दर शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक 29.22 प्रतिशत रही, जहां रेड जोन की संख्या सबसे अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 26.69 प्रतिशत थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संक्रमण को रोकने के लिए लॉकडाउन लागू करते समय ही विश्लेषकों ने बेरोजगारी बढने की चेतावनी दी थी। लॉकडाउन के चलते आर्थिक गतिविधियों में ठहराव आ गया और दिल्ली तथा मुंबई जैसे शहरी केंद्रों से बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों के पलायन से विश्लेषकों की आशंकाएं सही साबित हुईं।

सरकार ने अब तक इस संकट से निपटने के लिए 1.70 लाख करोड़ के राजकोषीय प्रोत्साहन की घोषणा की है। इसका बड़ा हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को आय और भोजन सहायता मुहैया कराने के लिए है। सीएमआईई की साप्ताहिक श्रृंखला के आंकड़ों के मुताबिक भारत में कोरोना की शुरुआत के बाद से बेरोजगारी में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

बेरोजगारी दर 29 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान 23.81 प्रतिशत थी, वहीं अप्रैल में मासिक बेरोजगारी दर 23.52 प्रतिशत थी। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल के अंत में दक्षिण भारत में पुदुचेरी में सबसे अधिक 75.8 प्रतिशत बेरोजगारी थी। इसके बाद तमिलनाडु में 49.8 प्रतिशत, झारखंड में 47.1 प्रतिशत और बिहार में 46.6 प्रतिशत बेरोजगारी थी। सीएमआईई के मुताबिक महाराष्ट्र में बेरोजगारी दर 20.9 प्रतिशत थी, जबकि हरियाणा में 43.2 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 21.5 प्रतिशत और कर्नाटक में 29.8 प्रतिशत थी। पहाड़ी राज्यों में बेरोजगारी की दर काफी कम रही है।

चमका बाजार | महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा बजाज फाइनेंस के शेयर पाँच प्रतिशत से अधिक चढ़े

दो दिन बाद बढ़त में बंद हुआ शेयर बाजार

घरेलू शेयर बाजार में दो से जारी गिरावट का क्रम आज टूट गया और बीएसई का सेंसेक्स 232.24 अंक यानी 0.74 प्रतिशत चढ़कर 31,685.75 अंक पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 65.30 अंक अर्थात् 0.71 फीसदी की बढ़त में 9,270.90 अंक पर बंद हुआ।

मुंबई (वार्ता)। बढ़त के साथ खुलने के बावजूद शुरुआती आधे घंटे के कारोबार में बाजार में गिरावट रही, लेकिन एशियाई बाजारों में रही तेजी से घरेलू स्तर पर भी निवेश धारणा में सुधार हुआ। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के साथ ही दूरसंचार और ऑटो समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने खरीददारी की। कोविड-19 के मामले पिछले दो दिन में तेजी से बढ़ने के कारण एफएमसीजी समूह पर सबसे ज्यादा दबाव रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा बजाज फाइनेंस के शेयर पाँच प्रतिशत से अधिक चढ़े। एचडीएफसी, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में तीन से चार प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गयी। आईटीसी के शेयर करीब छह फीसदी लुढ़क गये। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर देखा गया। बीएसई का मिडकैप 0.78 प्रतिशत चढ़कर 11,480.58 अंक पर और स्मॉलकैप 0.49 फीसदी की बढ़त के साथ 10,701.31 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स मंगलवार के मुकाबले 124.12 अंक की तेजी के साथ 31,577.63 अंक पर खुला, लेकिन खुलते ही लाल निशान में चला गया। शुरुआती आधे घंटे में ही यह 31,158.75 अंक तक लुढ़क गया। हालाँकि थोड़ी ही देर बाद लिवाली ने जोर पकड़ा और लगभग पूरे दिन बाजार हरे निशान में रहा। दोपहर से पहले ही पाँच सौ अंक से अधिक की बढ़त बनाता हुआ 31,970.84 अंक को छूने में कामयाब रहा। अंत में गत दिवस की तुलना में 0.74 फीसदी की बढ़त में 31,685.75 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 2,468 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,090 में लिवाली और 1,235 में बिकवाली का जोर रहा जबकि शेष 143 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुये।

निफ्टी 21.20 अंक की बढ़त में 9,226.80 अंक पर खुला और आरंभ में 9,116.50 अंक तक लुढ़कने के बाद 9,346.90 अंक तक चढ़ा भी। अंततः यह 0.71 प्रतिशत ऊपर 9,270.90 अंक पर रहा। निफ्टी की 50 कंपनियों में से 37 के शेयर बढ़त के साथ और शेष 13 के गिरावट में बंद हुये।

एशियाई शेयर बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.76 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.13 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.63 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। हालाँकि जापान के निक्की में 2.84 फीसदी की गिरावट रही।

यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.62 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.24 फीसदी मजबूत हुआ।

जी5 और एयरटेल ने अपनी साझेदारी मजबूत की

नई दिल्ली। एयरटेल ने एयरटेल थैंक्स के सभी ग्राहकों को मनोरंजन के और अधिक साधन प्रदान करते हुए उन्हें जी5 के प्रीमियम कॉन्टेन्ट की लाइब्रेरी असीमित पहुँच प्रदान की है। यह मुफ्त सुविधा वास्तव में ग्राहकों के लिए एक बड़ी खबर है।

भारत का मनोरंजन सुपर-ऐप जी5 और भारती एयरटेल ने भारतीय ग्राहकों को बेहतर डिजिटल मनोरंजन प्रदान करने के लिए अपने सहयोग को और मजबूत किया है।एयरटेल थैंक्स के ग्राहकों के लिए लाया गया यह विशेष ऑफर 4 मई, 2020 से 12 जुलाई, 2020 तक उपलब्ध रहेगा। एयरटेल थैंक्स के ग्राहक बिना किसी सदस्यता शुल्क के जी5 के सभी प्रीमियम कॉन्टेन्ट को देख सकते हैं। पहल के बारे में बात करते हुए जी5 इंडिया के बिजनेस डेवलपमेंट और कमर्शियल हेड श्री मनप्रीत बुमराह ने कहा, ÷जी5 एयरटेल के साथ अपनी साझेदारी को और अधिक मजबूत करने पर बेहद खुश है। जी5 मनोरंजन के विभिन्न शैलियों और 12 भाषाओं में कॉन्टेन्ट उपलब्ध कराने वाला मनोरंजन का एक बड़ा प्लेटफार्म है। कॉन्टेन्ट की एक लंबी सूची के साथ हमने खुद को भारत के मनोरंजन सुपर-ऐप के रूप में स्थापित किया है,हमने विभिन्न क्षेत्रों और आयु वर्ग के दर्शकों को आकर्षित किया है। हम एयरटेल के साथ इस साझेदारी से अपनी पहुंच का विस्तार करना चाहते हैं। हम एक दूसरे की क्षमताओं का लाभ लेकर देशभर में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।हमें उम्मीद है कि हमारे द्वारा उपलब्ध कराए गए कॉन्टेन्ट के विकल्पों से एयरटेल के ग्राहकों का इस गर्मी में भरपूर मनोरंजन होगा।

आज का भविष्यफल

मेषः मेष राशि के जातकों को उनके बड़े भाइयों का सहयोग कार्यक्षेत्र में मिलेगा। मां लक्ष्मी आप पर प्रसन्न है इसलिए कार्य क्षेत्र में खूब मन लगाकर काम करें।

वृषभः वृष राशि के जातकों के नए आइडिया उनके बॉस को पसंद आएंगे। आज काम थोड़ा ज्यादा करना पड़ेगा परंतु मन में संतुष्टि रहेगी, धन प्राप्ति के लिए दिन अच्छा है खर्च को नियंत्रित करना भी जरूरी है।

मिथुनः मिथुन राशि के जातकों के लिए समय अनुकूल है। मन मुताबिक सभी काम हो जाएंगे धन प्राप्ति के अच्छे अवसर उपलब्ध होंगे। महामारी की स्थिति सचेत कर रही है कि इस वक्त भोग विलास पर ज्यादा खर्च करने से बचना चाहिए।

कर्कः कर्क राशि के जातकों का सारा ध्यान आज अपने काम को बढ़ाने पर रहेगा, जिसके लिए वह सोशल मीडिया का उपयोग भी करेंगे।

सिंहः सिंह राशि के जातकों की मेहनत का फल उन्हें मिलेगा। आज उनका सारा ध्यान अर्जित धन से और अधिक पैसा कैसे बनाया जाए इसके तरीके खोजने पर रहेगा, जिसमे वह कामयाब भी होंगे।

कन्याः कन्या राशि के जातकों की बौद्धिक क्षमता और दूसरों के बोलने से पहले ही उनकी जरूरत को समझने की ताकत की वजह से आज आप दूसरों के साथ बेहतर रिलेशनशिप मेंटेन करने में कामयाब रहेंगे।

तुलाः तुला राशि जिनका व्यापार-व्यवसाय विदेश से संबंधित है, उनके लिए यह एक अच्छा दिन है। सभी काम आसानी से पूरे होंगे, रूकावटें दूर होंगी। नए अनुबंध बनेंगे।

वृश्चिकःवृश्चिक राशि के जातक रिस्क लेकर काम करेंगे, जिसमें वह सफल भी होंगे। चारों और से धन प्राप्ति की अच्छी संभावनाएं बन रही हैं।

धनुः धनु राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में एक मुश्किल दिन है अतः उच्च अधिकारियों की सलाह से ही काम करें वरना अधिकारी वर्ग नाराज हो सकता है।

मकरः मकर राशि के जातकों को बातचीत में आज बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। सही शब्दों के चयन से वह अपने सहयोगियों में जोश भर सकते हैं लेकिन गलत शब्द कार्यक्षेत्र में नकारात्मक माहौल बना सकते हैं इसका जरूर ध्यान रखें।

कुंभःकुंभ राशि के जातकों को नया काम मिलने का योग बन रहा है। काफी समय से चली आ रही परेशानियां खत्म होने को हैं। उत्तम धन प्राप्ति का योग बन रहा है।

मीनःमीन राशि के जातकों का मन प्रसन्न रहेगा कम मेहनत में अधिक धन प्राप्ति के योग हैं। कुछ नई डील फाइनल होने के चांसेज हैं।

सू- दोकू क्र.014

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 13 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3		2	5
1	8	9	3	6	7	2	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7

शब्द सामर्थ्य -014

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 13 का हल

प	सं	द	■	सिं	हा	स	न	■
ख	■	म	ज	दू	र	■	का	म
वा	द	क	■	र	■	सं	ब	ल
ड़	■	ल	ज्जा	■	म	स्का	■	य
■	बा	■	■	बि	हा	र	■	■
सु	धा	क	र	■	न	■	■	औ
रं	■	म	■	कि	ता	ब	■	स
ग	■	अ	र	सा	■	हु	ज्ज	त
■	श	क्ल	■	न	मि	त	■	न

मंत्री भगत पहुंचे बैकुण्ठपुर, सोशल डिस्टेन्स का हुआ उल्लंघन

नव प्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। प्रदेश के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत मंगलवार को देर शाम जिला मुख्यालय बैकुंठपुर पहुंचे जहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में उनसे सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों तथा मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल ने मुलाकात की इस दौरान खाद्यमंत्री अमरजीत भगत ने जिले के खाद्य अधिकारी व अन्य अधिकारियों से लाकडाउन व जिले के हालात, जिले में खाद्यान्न वितरण, उपलब्धता व नवीन राशन कार्ड की जानकारी ली। खाद्य मंत्री माननीय भगत ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप अप्रैल-मई की तरह जून माह का राशन भी गरीबों को निशुल्क दिया जाएगा। उन्होंने छुटे हुए हितग्राहियों के राशन कार्ड जल्द बनाए जाने का भी बात कही।

भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों ने उन्हें जिले के स्थाई राहत शिविरों तथा खाद्यान्न की उपलब्धता से अवगत कराया। वही मनेंद्रगढ़ के कांग्रेसी पदाधिकारियों और

कार्यकर्ताओं ने उनसे जिले के अधिकारियों सहित अपर कलेक्टर अहिरवार व मनेंद्रगढ़ एसडीएम चौहान की शिकायत भी की। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी को बताया कि अधिकारियों द्वारा बातों की उपेक्षा की जाती है और समस्याओं को नहीं सुना जाता न ही किसी को बिमारी जैसे मुद्दे में भी ईलाज के लिए दूसरे जिले में जाने की अनुमति दी जाती साथ ही जो कर्मचारी दूसरे राज्य के है उन्हें जाने की अनुमति भी नही दी जा रही जिससे क्षेत्र में शासन के प्रति नाराजगी बढ़ने लगी हैं जिस पर मंत्री जी ने उपस्तिथ अधिकारी को जमकर फटकार लगाई व जरूरी सेवाओ में नियम अनुसार पास देने की बात कही।

सोशल डिस्टेंसिंग का हुआ उल्लंघन

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के बैकुण्ठपुर आगमन पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी पहुंच गए थे। जिसके चलते अव्यवस्था व सोशल डिस्टेंसिंग के उल्लंघन का भी नजारा देखने को मिला। इस संबंध में जब मौक़े पर उपस्थित पत्रकारों ने खाद्य मंत्री जी से पूछा तो उन्होंने कहा कि वे लंबी दूरी से दौरा करके आ रहे हैं, इसलिए बैकुंठपुर विश्राम गृह में फ्रेश होने के लिए रुके हैं। मैंने किसी को नहीं बुलाया है और ना ही किसी बैठक का आयोजन किया गया है।

जुर्माना लगने के बाद भी खुली रही दुकान

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। मौजूदा समय को वैश्विक संकट घोषित कर पुलिस-प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम दिन-रात महामारी को दूर रखने मैदान में समर्पित होकर लड़ रही। ऐसी घड़ी में सहयोग के नाम पर सिर्फघर पर बैठने की गुजारिश भी लोगों को मंजूर नहीं। जमनीपाली क्षेत्र में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां एक दिन पहले ही निगरानी दल ने निरीक्षण में गड़बड़ी पाए जाने पर कुछ फर्मों पर जुर्माने की कार्रवाई की और मंगलवार को कंप्लीट लॉकडाउन के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए उन्हीं दुकानों के शटर आधा खुले दिखे व संचालक भीतर कारोबार करते रहे।

महामारी को रोकने चल रही कोशिशों के बीच कोई भी ऐसी चूक न हो, जिसे कमजोर कड़ी बनाकर कोरोना के वायरस को आगे बढ़ने का रास्ता मिले, यह देखना सिर्फ शासन-प्रशासन या पुलिस की ही नहीं, हम सबकी जवाबदारी होनी चाहिए। यह जवाबदारी निभाने की बजाय कुछ लोग व्यवस्थाओं को बिगाड़ने में जुटे हुए हैं। एक ओर अमला गली-गली जाकर नियमों की दुहाई दे रहा, तो उनके जाते ही कायदे टूट रहे। नियम-कायदों की धज्जियां किस तरह उड़ाई जा रहीं, यह जमनीपाली क्षेत्र की दुकानों में मंगलवार को दिखाई दिया। जिला प्रशासन की ओर से गठित टीम ने एक दिन पहले, यानी सोमवार को एनटीपीसी व जैलगांव स्थित विभिन्न फर्मों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ दुकानों में निर्धारित नियमों का अनुपालन दरकिनार करते पाया गया। गड़बड़ी पकड़ी जाने पर टीम ने कुछ दुकानों में 500 से दो हजार रुपये तक जुर्माना कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतते पाई गई सभी फर्म को कड़ी हिदायत दी गई कि संचालक दुकानों का संचालन लॉकडाउन के निर्धारित टाइम-टेबल के अनुसार व सामग्रियों को उचित मूल्य पर ही विक्रय पर करें और प्रतिबंधित सामग्रियों का विक्रय न करें। दिशा-निर्देश प्रदान करने के साथ अधिकारियों ने कायदे तोड़ते पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। संचालकों पर चेतावनी का असर कितना हुआ, यह दूसरे दिन शटर आधा खोलकर दुकान के पीछे से चल रहे कारोबार को देखकर समझा जा सकता है।

कंप्लीट लॉकडाउन की उड़ाते रहे धज्जी

निगरानी दल की कार्रवाई में एनटीपीसी कॉलोनी में संचालित शिव जनरल स्टोर, शारदा जनरल स्टोर, निशांत जनरल स्टोर, रामेश्वर जनरल स्टोर में 500-500 रुपये, अनिल जनरल स्टोर, सत्यम जनरल स्टोर, निशांत जनरल स्टोर में 200-200 रुपये का जुर्माना आरोपित किया। बिल बुक न दिखाने, ग्राहकों को बिल नहीं देने, लाइसेंस डिस्प्ले नहीं करने व एफएसएसएआइ के नियम-कायदों का पालन नहीं करते पाए जाने पर यह जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के साथ कड़ी चेतावनी अनसुनी कर इनमें से कई दुकानों में मंगलवार को लागू किए गए कंप्लीट लॉकडाउन के बाद भी कायदे दरकिनार कर बिक्री कार्य जारी रखा गया। दुकान का शटर आधा खोलकर दुकानदार भीतर बैठे रहे व ग्राहक भी बाहर खड़े दिखाई दिए।

बेच रहे थे गुटखा-बीड़ी, कुल 5,100 जुर्माना

बार-बार समझाइश के बाद भी कई दुकानदार प्रतिबंधित गुटखा, सिगरेट व बीड़ी विक्रय करते पकड़े जा रहे। निगरानी दल की ओर से सख्त कार्रवाई के साथ जुर्माना आरोपित किए जाने का प्रभाव भी इन पर दिखाई नहीं दे रहा। परिणामस्वरूप वे बेधड़क प्रतिबंधित सामग्री विक्रय कर रहे। जमनीपाली में संतोष प्रोविजन स्टोर, समलेश्वरी जनरल स्टोर में प्रतिबंधित गुटखा, सिगरेट व बीड़ी मिलने पर जब्त कर नष्ट किया गया। संतोष प्रोविजन पर एक हजार व समलेश्वरी जनरल स्टोर पर दो हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। सोमवार की कार्रवाई में आठ दुकान पर कुल पांच हजार 100 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई।

पिता घर पहुंचा पर गले नहीं लगा पाया अपने मासूमों को, दहलिज पर ही किया भोजन

- **नन्ही बिटिया शिवन्या घर से ही रोते लगा रही थी आवाज, पापा आओ न**
- **कोरोना योद्धा डॉक्टर शिव गोपाल को हमारा सलाम**

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। डॉक्टर को यूंही भगवान का रूप नही कहा जाता। हर परिस्थिति में डॉक्टर लोगे की सेवा करने में लगे रहते है। इसलिए इन्हे भगवान का रूप माना जाता है। आज कोरोना महामारी से पूरा विश्व लड रहा है। डॉक्टर, पत्रकार, पुलिस प्रशासन, सफाईकर्मी सहित समाजसेवी संस्थान एक दूसरे की मद्द करते हुए इस महामारी को मात देने योद्धा के रूप में लड रहे है। तो इसके साथ ही आज कोरोना योद्धा अपने परिवार से मिल भी नही पा रहे है। स्थिति उस समय और ज्यादा मार्मिक हो जाती है। जब कोई कोरोना योद्धा घर के दहलिज पर ही भोजन करे और मासूम बच्चे अपने पिता या माता से मिलने रोते नजर आ जाते है। ऐसी स्थिति में सोचीए कि इन कोरोना योद्धाओ के दि लमे क्या बितती होगी। बावजूद इसके आज डॉक्टर, पुलिस प्रशासन सहित सब अपनी सेवा तत्परता से 24 घंटे दे रहे है। जिसके लिए हम इन योद्धाओ को दिल से सलाम करते है। घर के बाहर बैठकर भोजन कर रहा यह योद्धा डॉक्टर शिव गोपाल है। जो आज कोरोना के इस जंग में जी जान से लोगो की सेवा कर रहा है। जान जोखिम मे डालकर अपना कर्तव्य निभाते हुए कोरोना पॉजिटिव के संपर्क मे आए लोगो का सैम्पल ले रहे है। ज्ञात हों कि कवर्धा के शहरी स्वास्थ्य केन्द्र मे डॉक्टर शिव गोपाल कोरोना वायरस के खिलाफ जंग लड रहे है। लगातार लोगो की जांच करने के चलते यह घर मे चैन से बैठकर खाना भी नही खा पा रहे है। अपने घर के बाहर ही चैखट पर खाना खाते हुए पडोसी ने इनकी फोटो ली। यह तस्वीर उस शाम की है जब रेंगाखार क्षेत्र मे कोरोना के 06 मरीज होने की पुश्टि हुई। डॉक्टर अपने घर पहुंचे और घर के चैखट पर ही खाना खाया क्योकि इन्हे रेंगाखार जाना था। वहीं रेंगाखार पहुंचकर टीम के साथ रातभर जागे। वहीं अब भी देर रात जागकर लोगो का सैम्पल ले रहे है। साथ ही स्वास्थ्य जांच भी कर रहे है।

6 हजार से अधिक का किया जांच

डॉ. शिवगोपाल पिछले डेढ़ माह में लोगो की जांच मे जुटे हुए है। शहर में मेडिकल टीम के साथ घर-घर जाकर विदेश और अन्य प्रांतो से आए लोगो की जांच किए और उनके वीटीएम से सैंपल लिए। डॉ. शिवगोपाल टीम के साथ कवर्धा शहर के करीब एक हजार घरो में दस्तक देकर 6 हजार से अधिक लोगो का सर्वे किए। वही अब यह रेंगाखार के कटेंनमेंट जोन मे जान जोखिम मे डालकर लोगो का सैम्पल ले रहे है जो कोरोना पॉजिटिव मरीज के संपर्क मे आए।

जमीन विवाद : कुदमुरा में तालाब निर्माण कार्य को छोड़ना पड़ा अधूरा

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। मनरेगा अमले की लचर कार्यशैली के कारण अनेको निर्माण कार्य आधी-अधुरी स्थिति में होने से उन कार्यों का अपेक्षित लाभ ग्रामीण जनता को नहीं मिल रहा है। शासन के द्वारा ग्राम पंचायत कुदमुरा में 8लाख 79 हजार रूपए की लागत से एक नया तालाब के निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। कार्य प्रारंभ होने के कुछ दिनों बाद ही निर्माणाधीन जमीन पर निजी जमीन होने के दावे से उत्पन्न जमीन विवाद के कारण लगभग 70 हजार रूपए की शासकीय राशि खर्च करने के बाद इस निर्माण कार्य को यथा स्थिति में बंद करना पड़ा। मनरेगा अमले की लापरवाही का यह एकलौता मामला नहीं है। बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के अनेको निर्माण कार्य आधे-अधुरे पड़े है। जिन पर करोड़ों रूपये की शासकीय राशि खर्च करने के बाद ही ग्रामीण जनता को इन कार्यों का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। उपरोक्त प्रकरण की जांच, 70 हजार रूपये शासकीय राशि की वसूली एवं जवाबदार लोगों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए वर्ष 2019 में 4 नवंबर को जिला मनरेगा एवं जिला पंचायत में शिकायत प्रस्तुत किया गया था, जिसका आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

हाथियों की दस्तक से मनरेगा कार्य और तेंदूपत्ता तोड़ाई बाधित

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। हाथियों का दल बागबाहरा क्षेत्र के हिच्छा के पास पहाड़ी में डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों के दहशत से मंगलवार को पहाड़ी के आसपास के गांवों में मनरेगा का काम प्रभावित हुआ। वहीं ग्रामीण तेंदूपत्ता तोड़ाई के लिए नहीं गए। गौरतलब है कि सोमवार को हाथियों का दल बम्हनी से निकलकर सितली नाला होते हुए लभरकला के जंगल में पहुंचे। शाम को मुड़मार के बांध से पानी के पीने के बाद दल आमाकोनी सर्कल की ओर रवाना हुआ। रात में दल हिच्छा के समीप पहाड़ी में पहुंच गए। बता दें कि पहाड़ी खम्हारमुड़ा, कमरौद, डोंगरीपाली, पोटिया और हिच्छा के बीच में स्थित है। हाथियों का दल कोई भी दिशा में निकल सकता है इसलिए इन पांच गांवों में रोजगार गारंटी का काम नहीं हुआ और तेंदूपत्ता संग्रहण भी प्रभावित रहा। लोगों को घर से निकलने के लिए सतर्क किया गया। गांव के लोगों ने बताया कि सुबह उन्हे पहाड़ी के पास हाथी पहुंचने की जानकारी हुई। बाद काम पर नहीं गए।

गांजा तस्करी : आरक्षक, नगर सैनिक सहित 4 को भेजा जेल

नव प्रदेश संवाददाता

छुरा। छुरा थाना प्रभारी राजेश जगत और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम केडीआमा में दबिश देकर 3.6 किलो ग्राम गांजा आरोपियों को धर दबोचा। इनमें एक आरक्षक व एक नगरसेवक भी है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि केडीआमा के नर्सरी के गड्ढे में गांजा को छुपा कर रखा गया है और उसे लेने के लिए दो तस्कर पहुच रहे है। थाना प्रभारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। विवेचना में पता लगा कि आरोपियों द्वारा दो दिन पूर्व में छुरा थाना के आरक्षक लीलाधर देववंशी, नगर सैनिक हेमन्त धुरु से ही 5 किलो गांजा खरीदे थे जिसे लॉक डाउन के चलते पुलिस के आवाजाही के कारण केडीआमा में छुपा कर रखे थे और गांजा लेने पहुचे थे। जहाँ तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और तस्करों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि इसे पहले भी आरक्षक लीलाधर और नगर सैनिक हेमंत धुरु से 3 बार गांजा खरीद चुके है। पुलिस ने आरोपी योगेश ठाकुर ग्राम तालेसर, टुकेशर चक्रधारी ग्राम रवेली एवम आरक्षक लीलाधर देववंशी नगर सैनिक हेमंत धुरु इन चारों आरोपियों पर धारा 20 ख नारकोटिक एक्ट तहत कार्यवाही करते हुए केंद्रीय जेल रायपुर भेज दिया है।

पहले बेटा बनकर दिया कांधा फिर कराया ब्रम्हभोज

- **लावारिश बीना के अंतिम संस्कार के तीसरे दिन विधिविधान से किया गया क्रियाकर्म**

नव प्रदेश संवाददाता

बचेली। बीते दिनों लावारिस महिला बीना बघेल के अंतिम संस्कार में जनप्रतिनिधियों एवं थाना प्रभारी के द्वारा अर्थी को कांधा देकर अंतिम यात्रा निकाली गई थी जिसकी जिले भर में सराहना हुई। आज मृत महिला बीना बघेल का वार्ड पार्षद अप्पू कुंजाम एवं वार्ड के युवाओ के सहयोग से विधिवत क्रियाकर्म कर छोटे रूप में ब्रम्ह भोज का आयोजन किया गया पुजारी द्वारा विधिविधान से मृतिका की आत्मा की शांति हेतु शांति पाठ किया गया जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा साव,संजीव साव,उपाध्यक्ष उस्मान खान,थाना प्रभारी मनीष नागर,एसआई नरेंद्र भारती,मोनु,श्रवण,वेंकट शामिल हुए एवं उपस्थित सभी जनों ने उस मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

हजारों की तादाद में कटे पेड़, दो निलंबित, आंकड़ों को छुपाने विभाग कर रहा पैंतरेबाजी

नव प्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। बैकुंठपुर वन मंडल का बहुचर्चित सोनहत / देवगढ़ वन परिक्षेत्र की कटाई का मामला!डेढ़ माह की जांच में सामने आई बड़ी लापरवाही परिक्षेत्र की अवैध कटाई में हज़ारों की तादाद में बड़े वृक्षों की कटाई की है आशंका ,,आपको बता दें कि उक्त सोनहत व देवगढ़ परिक्षेत्र के बड़े और घने जंगलों की कटाई का मामला आये दिन सुर्खियों में रहता है जहाँ विभाग द्वारा कोरिया वन मंडल के देवगढ़ रेंज की जांच की गई है उस जांच में जो आंकड़ों की जानकारी सामने आई है उसके अनुसार बीते दो वर्षों में हज़ारों की तादाद में पेड़ो की कटाई को पार किया है!

आपको अवगत करा दे की यह जांच वन विभाग के एस डी ओ जयदीप केरकेट्टा के द्वारा की गई है और उनकी माने तो परिक्षेत्र के ओदारी कैलाशपुर और तर्रा बीट में अवैध ठूठों की जो संख्या है वो काफी चौकाने वाली रही है! जांच के बाद सामने आई लापरवाही और वनों की गंभीर स्थिति के मद्देनजर वन अधिकारी द्वारा दो छोटे कर्मचारी को इस पूरे मामले में दोषी ठहराते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया है !जब कि अनवरत सुर्खियों में रहने वाले कोरिया वन मंडल के सोनहत और देवगढ़ वन परिक्षेत्र के वनों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही के साथ साथ वन

अधिकारी दोषियों को भी बचाने की विशेषता में माहिर हो चुके हैं! जिसका परिणाम ये है कि अधिकारी बड़े आंकड़ों को भी सामान्य आंकड़ा बता कर वनों की अंधाधुंध अवैध कटाई को लेकर अपनी बड़ी नाकामी पर पर्दा डालते नजर आ रहे हैं!,,पूरे मामले पर कोरिया वन मंडल के डी एफ ओ,राजेश चंदेले का कहना है जांच के बाद दो फॉरेस्ट गार्ड को निलंबित कर दिया गया है और अवैध कटाई से हुए नुकसान की भरपाई लकड़ियों को जप्त कर के करली गई है,,,आपको बता दें कि डी एफ ओ के इस जवाब पर भी सवालिया निशान लग रहा है कि आखिर हज़ारों की तादाद में हुई अवैध कटाई की लकड़ी अगर जप्त कर ली गई है तो कितने अपराधियों पर विभाग ने कार्यवाही किया है साथ ही वनों के प्रति लापरवाही को लकड़ी जप्त कर भरपाई जैसा तर्क कहां तक सही है वही जब एक रेंज में जाच में यह हाल है तो सोनहत रेंज में जाच होने पर यह आंकड़ा बढ़ने की आसंका हैं यह कहना भी गलत नही होगा।

अंचल में हरा सोना की तोड़ाई जल्द

वन विभाग की पूरी हो चुकी है तैयारी

तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा चार हजार तय

नव प्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरोना संकट के बीच वनांचल के ग्रामीण छेत्रो में अब 'हरा सोना' बनेगा ग्रामीणों के अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सहारा जहा कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर में तेंदूपत्ता तोड़ाई को लेकर अब ग्रामीण बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.जहा वन विभाग ने छेत्र के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर जल्द ही इस कार्य के सुरु करने के निर्देश दिए हैं जहाँ अब मई माह के दूसरे सप्ताह से इस कार्य की कोरिया वन मंडल में सुरु करने की तैयारी है ,कोरिया जिले के कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर मे 17 समितियों की ओर से 33 हजार 4 सौ मानक बोरा खरीदने का लक्ष्य रखा गया है.जहा वर्ष 2019 में 28124 मानक बोरा खरीदी हुई थी जिस आधार पर इस वर्ष लगभग 5 हजार मानक बोरा खरीदी लछ्य ज्यादा है वहीं इस साल हरा सोना के संग्रहण पर कोरोना का संकट के साथ रुक रुक कर हो रही वर्षा व पत्थरो के छेत्र में पड़ने से खरीदी पर असर पड़ सकता है. इसको लेकर विभाग सावधानी बरत रहा है ।वही मौषम अनुकूल न होने से पत्ता एक सप्ताह विलंब से आने की बात भी कही जा रही, जिस कारण लछ्य पूर्ति की संभावना भी कम है। वही

ग्रामीणों के लिए कोरोना संक्रमण के कारण इन दिनों ग्रामीणों के आय के साधन लगभग बंद पड़े हुए हैं. ऐसे में तेंदूपत्ता अर्थात हरा सोना ग्रामीणों के आय का साधन बनेगा और उनके लिए इस संकट की घड़ी में वरदान साबित होगा।